ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 23 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-37 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

गौतम गंभीर एलएसजी छोड़कर बतौर... पेज 12 पर

पीटीआर में वन्य जीवों की गणना आज से

प्रत्येक वर्ष मानसून के पूर्व व बाद में होती है गणना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व में 23 नवंबर से वन्य प्राणियों की गणना शुरू होने जा रही है। प्रत्येक वर्ष पीटीआर में मानसून के पूर्व व बाद में वन्य जीवों की गणना की जाती है। इस प्रकार यह वर्ष 2023 की दूसरी गणना है। इससे पहले मई महीने में वन्य प्राणियों की गणना की गई थी। वर्ष की पहली गणना 22 से 29 मई तक चली थी। दूसरी गणना 23 से 30 नवंबर तक चलेगी। आठ दिनों के शेड्यूल में एक दिन आरक्षित रहता है, ताकि 7 दिनों की गणना में यदि कोई कमी रह गई हो तो उसे आरक्षित दिन में पूरा किया जा सके। गणना में हाथी, तेंदुआ, सुनहरे सियार, जंगली बिल्ली, लकड़बग्घा, लोमड़ी, भेड़िया, बायसन, जंगली सूअर, भालू, हिरण, चीतल, लंगूर, बंदर आदि को शामिल किया जाता है। तीन भागों में विभक्त गणना के पहले 3 दिन कर्मी मल, पद चिन्ह, पेड़-पौधों के खरोंच या फिर हाथी द्वारा बांस को तोड़ कर गिराए जाने जैसे निशान तलाशते हैं। अगले तीन दिन में दोबारा निरीक्षण किया जाता है। आंखों से विभिन्न प्रजातियों को देखने की कोशिश की जाती है। सातवां दिन आरक्षित रहता है। इस दिन पूर्व के कार्यों की कमी को दूर किया जाता है। आठवें दिन पक्षियों की गणना होती है। बताते चलें कि पक्षियों की गणना में उनकी प्रजातियों व विशेषताओं की पहचान से है। पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दक्षिणी प्रमंडल कुमार आशीष ने बताया कि गणना का कार्य सूर्यास्त के पहले खत्म कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि गणना की तैयारी पूरी कर ली गई है।

पलामू में धीरेंद्र शास्त्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने शुरू की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री तीन दिवसीय दौरे पर 10 दिसंबर को पलामू पहुंचेंगे। वे सदर प्रखंड अंतर्गत जोड़ खनवा उर्फ धंगरडीहा में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर बुधवार की शाम खनवा में हनुमत पूजा का आयोजन किया गया। वहीं प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है। सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने अनुमण्डल कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीओ ने सुरक्षा व्यवस्था सहित कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सदर सीओ अमदीप सिंह बल्होत्रा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार, अग्निशमन पदाधिकारी, आयोजनकर्ता श्री हनुमंत कथा समिति के नितेश सिंह, समिति अध्यक्ष शरद शरण, दीनानाथ राय, अतुल कुमार अखौरी आदि उपस्थित थे।

गागर में सागर

नेशनल हेराल्ड केस, ईडी ने यंग इंडिया की 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की

रांची। इडी ने नेशनल हेराल्ड केस में यंग इंडिया की 751.9 करोड़ रुपए की संपति अटैच की है। कांग्रेस से जुड़े यंग इंडिया के खिलाफ ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में की गई है। इसी केस में इडी ने 3 अगस्त 2022 को दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया था। 2 और 3 अगस्त को इडी की टीम ने सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी। सोनिया से 100 से ज्यादा सवाल हुए : 21 जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी।

साहिबगंज एसपी हाजिर नहीं हुए ईडी ने 28 को फिर बुलाया

रांची। ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम बुधवार को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में हाजिर नहीं हुए। अब ईडी ने उन्हें दोबारा समन भेजा है। दूसरे समन में उन्हें 28 नवंबर को दिन के 11 बजे तक ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। पहले समन पर बुधवार को साहिबगंज एसपी दिन के 11.30 बजे तक ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। बाद में उन्होंने ईडी को पत्र भेजकर जानकारी दी कि समन को लेकर उन्होंने पुलिस मुख्यालय से लिखित मंतव्य मांगा है। ऐसे में एजेंसी के समक्ष वह उपस्थित नहीं हो सकते। ईडी को भेजे पत्र में नौशाद आलम ने मंतव्य पर राय मिलने की वजह से दूसरी तारीख की मांग की थी। इसके बाद एजेंसी ने दूसरा समन बुधवार शाम जारी कर लिया। अवैध खनन से जुड़े केस में ही नौशाद आलम को समन किया जा रहा है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय में मौजूद रहे नौशाद : साहिबगंज एसपी बुधवार को पुलिस मुख्यालय में ही मौजूद रहे। यहां उन्होंने लिखित आवेदन पुलिस मुख्यालय को समर्पित किया। इसके बाद राज्य के आला अधिकारियों से भी मुलाकात की। पुलिस अधिकारी से टिकट कटाने पर घिरे नौशाद : एसपी नौशाद आलम के कहने पर रांची पुलिस के सार्जेंट रैंक के अफसर ने विजय हांसदा व उसके बॉडीगार्ड का दिल्ली का रेल टिकट कराया था। ईडी के गवाह के रेलवे टिकट कराने और इसे गोपनीय रखने की बात उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारी से की थी, लेकिन ईडी को यह चैट हासिल हो गया। इसके बाद ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए समन भेजा। जानकारी के मुताबिक, ईडी के समन के खिलाफ कानून की शरण में जाने पर भी विचार किया जा रहा है।

पूर्व सीएम का हत्यारा 18 साल बाद बरी

पंजाब (एजेंसी)। पूर्व सीएम बेअंत सिंह की हत्या के दोषी जगतार सिंह हवारा को बड़ी राहत, 18 साल पुराने मामले में बरी। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे जगतार सिंह हवारा को जिला अदालत ने 18 साल पहले दर्ज एक केस में बरी कर दिया। पुलिस ने साल 2005 में हवारा के खिलाफ देश के खिलाफ षड्यंत्र रचने, सेना बनाने व हथियार इकट्ठा करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। अब इस केस में उसे बरी कर दिया गया है। सेक्टर-36 थाना पुलिस ने 16 जुलाई 2005 को आईपीसी की धारा 121, 121ए, 123, 153, 120बी, आर्म्स एक्ट व एक्सप्लोसिव एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था, लेकिन पुलिस हवारा पर लगे आरोपों को अदालत में साबित नहीं कर पाई। मामले में हवारा के वकील अमर सिंह चहल ने बताया कि मामले में गवाह ने जगतार सिंह हवारा को पहचानने से इन्कार कर दिया। चहल की ओर से दलील दी गई कि इस मामले में मुख्य आरोपियों को सजा हो चुकी है, जबकि हवारा का इस वारदात से कोई ताल्लुक नहीं था। वहीं, पुलिस का आरोप था कि हवारा व उसके साथी खालिस्तान बनाने और देश में आतंक फैलाने का काम कर रहे थे। पुलिस को इनसे एक पिस्टल, पांच कारतूस और 450 ग्राम आरडीएक्स मिला था। बता दें कि इस मामले में हवारा के अलावा परमजीत सिंह उर्फ सुखा और कमलजीत सिंह उर्फ मान भी आरोपी थे। इन्हें अदालत ने दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई थी जबकि हवारा के खिलाफ कई साल तक केस का ट्रायल ही नहीं चल सका था।

दिल्ली की मंडोली जेल में बंद है हवारा : पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह हत्या के मामले में जगतार सिंह हवारा इस समय दिल्ली की मंडोली जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। सुरक्षा बंदोबस्त के चलते उसकी इस मामले में लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी चल रही थी। इससे पहले हवारा और उसके अन्य साथियों ने 1995 में पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह को बम से उड़ा दिया था।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने विधानसभा परिसर में पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

लोकतंत्र की महापंचायत को बचाना सबका दायित्व

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य की सबसे बड़ा पंचायत विधानसभा है। यहां सिर्फ आमजन ही नहीं बल्कि इस राज्य के जल, जंगल और जमीन के लिए भी महापंचायत लगती है। यहां से नीतियां बनती है। आम लोगों के साथ-साथ जीव जंतुओं के लिए भी विचार विमर्श होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी महत्ता क्या है। इस महापंचायत में विधायकों की अहम भूमिका होती है। हजारों लाखों लोग आशा और उम्मीद के साथ अपना जनप्रतिनिधि भेजते हैं। हर हाल में लोकतंत्र की इस महापंचायत को टूटने और नुकसान से बचाना होगा। इसकी जड़ों को और मजबूत करते हुए बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान, जिसको लेकर हम यहां तक आए हैं, उसको और आगे लेकर जाना है। श्री सोरेन विधानसभा परिसर में आयोजित झारखंड विधानसभा की 23वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा सही तरीके से महापंचायत में पंचायती हो, इसके लिए पक्ष और विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अंत में विधानसभा परिसर में पौधरोपण कर सभी ने प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया।

इनको मिला सम्मान : विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों, देश की सीमा पर एवं नक्सल अभियान में शहीद हुए तथा शांतिकाल में वीरता पदक प्राप्त झारखण्ड राज्य के बहादुर पुलिस कर्मियों एवं सैनिकों, झारखण्ड राज्य के खिलाड़ियों, झारखण्ड राज्य के 10वीं एवं 12वीं एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान के टॉपर छात्र/छात्राओं, सामाजिक क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान देने वाले राष्ट्रपति पदक से सम्मानित व्यक्तियों एवं मिशन चन्द्रयान-3 में सम्मिलित झारखण्ड राज्य के वैज्ञानिकों को राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री ने शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर त्रैमासिक पत्रिका उड़ान एवं अन्य पुस्तक का विमोचन भी हुआ।

हम सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के 75वें वर्ष और झारखण्ड अलग राज्य के 23वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। ऐसे में अगर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय के लोकतंत्र को देखें तो इसमें बहुत बदलाव हुए हैं। इस क्रम में हमने क्या खोया, क्या पाया। यह भी देखना होगा।

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

रांची। न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को एसीपी की स्वीकृति में एक वर्ष से अधिक विलंब की स्थिति में बकाया राशि की निकासी के समय प्रत्येक वर्ष के लिए एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि दी जाएगी।

● स्वर्गीय रवि शंकर उपाध्याय, तत्कालीन पीठासीन पदाधिकारी, राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, रांची की चिकित्सा हेतु एयर एम्बुलेंस से राँची से हैदराबाद ले जाने में हुए व्यय के प्रतिपूर्ति की स्वीकृति।

● राँची में आयोजित हुए झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप 23 एवं विभिन्न त्योहारों में विधि व्यवस्था संधारण हेतु खरीदे गए 12 वाहनों कि लागत का झारखण्ड आकस्मिकता निधि से दो करोड़ छब्बीस लाख चौवालीस हजार दो सौ चौरानवे अग्रिम के रूप में स्वीकृत स्वीकृति दी गई।

● अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दायर वादों के अनुसंधान हेतु पुलिस उपाधीक्षक से न्यून पुलिस निरीक्षक/पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के पदाधिकारियों को भी प्राधिकृत किये जाने की स्वीकृति दी गई।

● झारखण्ड भूगर्भ जल सेवा नियमावली, 2023 के गठन के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई।

● गुमला जिलान्तर्गत चैनपुर (माझाटोली-चैनपुर-डुमरी पथ पर)-जारी (भीखमपुर-जारी-मेराल पथ पर) पथ लंबाई-10.109 कि०मी० को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य (भू-अर्जन सहित) के लिए उनतीस करोड़ साठ लाख सैंतीस हजार की प्रशासनिक स्वीकृति।

● परगनैत' की प्रतिमाह सम्मान राशि एक हजार से बढ़ाकर तीन हजार की गई।

● डॉ० लवलीन पाण्डेय, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरिहरगंज, पलामू को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति।

● वित्तीय वर्ष 2023-24 में न्यायाधीश (सेनि) डीपी सिंह, अध्यक्ष, सिख विरोधी दंगा आयोग, राँची से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में वर्ष 1984 सिख विरोधी दंगा में बोकारो जिला के कुल 24 (चौबीस) ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर केंद्र व राज्यों के करोड़ों कर्मचारी करेंगे हड़ताल

सेना (सिविल) के 4 लाख कर्मियों में से 99.9 अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में

नवीन मेल संवाददाता

रांची/ नई दिल्ली। यदि केन्द्र सरकार ने 'पुरानी पेंशन' बहाल नहीं किया, तो रेलवे व सेना (सिविल) सहित केन्द्र व राज्यों के अन्य विभागों के करोड़ों कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। पुरानी पेंशन बहाली के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन की संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य व एआईडीईएफ के महासचिव सी. श्रीकुमार का कहना है कि अनिश्चितकालीन हड़ताल के बारे में रेलवे व रक्षा कर्मियों का मत जानने के लिए 20 व 21 नवंबर को स्ट्राइक बैलेट कराया गया था। इसमें डिफेंस (सिविल) की 400 यूनिटों के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। इनमें से लगभग 99.9 प्रतिशत कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में मत दिया है। रेलवे में 11 लाख कर्मचारी हैं। इसलिए उनके वोट की गिनती में समय लग रहा है। एक -दो दिन में हो जाएगा , तो उसका भी परिणाम आ जाएगा। लेकिन वहाँ भी इसी तरह का परिणाम आने की संभावना है। मालूम हो कि केंद्र सरकार के रेलवे में लगभग 11 लाख कर्मचारी हैं और रक्षा (सिविल) के 400 यूनिटों में लगभग 4 लाख कर्मचारी हैं। केवल इन दो ही विभाग को मिलाकर 15 लाख कर्मचारी हो जाते हैं। यदि कर्मचारियों का दो तिहाई बहुमत, अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में आता है, तो बहुत जल्द देश में रेलें थम जाएंगी, आयुध कारखाने, जो अब निगमों में बदल दिये गये हैं, वहां पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू की तासीर में दलों की जगह नेताओं को तरजीह

दलों को रहती है जिताऊ उम्मीदवार की तलाश

अखिलेश चौबे

मेदिनीनगर। पलामू की तासीर ऐसी है कि यहां के लोग सदैव से दलों की जगह नेताओं को तरजीह देते रहे हैं। शायद यही कारण है कि यहां सभी दलों को चुनाव के दौरान विजेता उम्मीदवारों की तलाश रहती है। आदि काल से पलामू की कोख भय रहित रही है। अपने दम पर राजा मेदिनी राय ने मुगलों व शहीद नीलांबर-पीतांबर ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिये थे। आजादी के बाद भी यह परिपाटी कायम है। बगैर किसी दल के सहयोग के अपने दम पर चुनाव जीतकर पलामू के दिग्गज नगर निकाय, विधान सभा सहित लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर लोकसभा की शोभा बढ़ा चुके हैं। भानु प्रताप शाही, सत्येंद्रनाथ तिवारी, रामचंद्र चंद्रवंशी, आलोक चौरसिया, पुष्पा कुमारी, वैद्यनाथ राम, कमलेश सिंह, चुन्नु राम आदि अपने मूल दल से परे दूसरे दलों से चुनाव जीतकर विधान सभा पहुंचे हैं। इसलिए चुनाव ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड की राजनीति में रहा है दबदबा

राज्य गठन के बाद से ही झारखंड की राजनीति में पलामू का दबदबा रहा है। राजनीतिक अस्थिरता के दौर में तो पलामू के रामचंद्र केशरी, मधु सिंह, कमलेश सिंह, ददई दुबे आदि दिग्गजों की प्रदेश में सरकार गिराने से लेकर बनाने तक में अहम भूमिका रही। भानु प्रताप शाही, डा. केएन त्रिपाठी, रामचंद्र चंद्रवंशी आदि ने प्रदेश कैबिनेट में भी पलामू का प्रतिनिधित्व किया है। वर्तमान में भी मिथिलेश ठाकुर प्रदेश मंत्रीमंडल में अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

संभावनाओं के बावजूद झारखंड में फिल्म निर्माण उद्योग का स्वरूप नहीं ले पाया

सुनील बादल

भारत के बारे में कहा जाता है कि यहां दुनिया की सबसे ज्यादा फिल्में बनती हैं और सबसे ज्यादा फ्लॉप होती हैं कुछ इसी प्रकार की बातें झारखंड के बारे में कही जाती हैं क्योंकि यहां के लोग स्वभावतः कलाकार होते हैं जिस कारण मुंडारी की एक कहावत प्रचलित है- 'सेन गे सुसुन कजि गे दुरंग' यानी जहां चलना ही नृत्य और बोलना ही संगीत है (वह राज्य झारखंड)।

आने वाली हिंदी फिल्म लोहरदगा में निर्देशक लाल विजय ने में राज्य में नक्सलवाद और आत्मसमर्पण नीति का मुद्दा दिखाया जिसमें कुछ लोगों ने इसका दुरुपयोग करने की कोशिश की। राज्य को वेब और टीवी श्रृंखला में भी प्रदर्शित किया गया है, उदाहरण के लिए - नेटफ्लिक्स का जामताड़ा - सबका नंबर आएगा] और होइचोई का धनबाद ब्लूज। एकता कपूर की टीवी सीरीज, कुछ तो है तेरे मेरे दरमियान, जमशेदपुर पर आधारित थी।

यहां के लोगों मे फिल्म निर्माण के प्रति ललक इतनी है कि हर लेखक,संगीतकार और कलाकार इसे अपनी मंजिल मानता है और अनगिनत फिल्में वीडियो एल्बम से लेकर डिजिटल पर बनती हैं। अनगिनत इसलिए कि इनका ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड में हिंदी के अलावा नागपुरी, खोरठा, कुडुख और संथाली सहित देश की विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्में बनाई गई हैं। राज्य के फिल्म उद्योग को जॉलीवुड के नाम से भी जाना जाता है। 2015 से ही झारखंड सरकार राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक स्थान, संस्कृति को उजागर करने के साथ-साथ फिल्म निमार्ताओं को सब्सिडी देकर रोजगार पैदा करने के लिए राज्य में फिल्म शूटिंग को प्रोत्साहित कर रही है। हाल के वर्षों में राज्य में कई हिंदी फिल्मों की शूटिंग हुई है, जिनमें एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी, ए डेथ इन द गंज, अजब सिंह की गजब कहानी , रांची डायरीज , बेगम जान , पंचलैट और इलाका किशोरगंज शामिल हैं। हाल के वर्ष में तोर बिना, महुआ , तोर चाहत में, मोर गांव मोर देश और फुलमनिया सहित कई नागपुरी फिल्मों का निर्माण हुआ।

झारखंड की पहली फीचर फिल्म 1988 में दृश्यांतर इंटरनेशनल के बैनर तले बनी आकारांत थी। पहली नागपुरी फिल्म सोना कर नागपुर (1992) थी, जिसका निर्माण और निर्देशन धनंजय नाथ तिवारी ने किया था। डॉ युगल किशोर मिश्रा की सजना अनारी चर्चित हुई।

छह जेलों के जेलर बदले गए पलामू जेलर बने मो. नसीम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के 6 जिलों के जेलर बदल दिए गए हैं। जिन जानवरों का तबादला किया गया है उनमें रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के बहुचर्चित जेलर नसीम खान का भी नाम भी शामिल है। नसीम खान को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से तबादला करते हुए केंद्रीय कारा मेदिनीनगर पलामू भेज दिया गया है।

ईडी के राडार पर हैं नसीम खान : रांची जेल के जेलर नसीम खान ईडी के राडार पर है, नसीम खान पर आरोप है कि उन्होंने जेलर के पद पर रहते हुए ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कई मदद की। इस मामले में एड के द्वारा नसीम खान को सामान भेज कर पूछताछ भी की गई थी।

कौन कहां गए

मोहम्मद नसीम	केंद्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू
अजय कुमार	मंडल कारा, गढ़वा
रामाशंकर प्रसाद	केंद्रीय कारा, दुमका
सुबोध कु. पांडे	केंद्रीय कारा, गिरिडीह
धर्मशिला देवी	केंद्रीय कारा घाघीडीह, जमशेदपुर
प्रमोद कुमार	बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार, रांची

गागर में सागर

बंद घर से बाइक चोरी, मामला दर्ज

हुसैनाबाद। जपला सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक सुनील पासवान की कृष्णा नगर मोहल्ला स्थित उनके किराये के आवास से होंडा की बाइक चोरी हो गई। उन्होंने हुसैनाबाद थाना में चोरी से संबंधित लिखित शिकायत दी है। पीड़ित ने बताया कि छठ महापर्व पर वे कृष्णा नगर स्थित रवि मेहता के किराये के मकान में बाइक लगाकर बिहार के अंबा थाना क्षेत्र के बलिया गांव चले गए थे। जब मंगलवार को वह वापस आये तो देखा कि बाइक नहीं है। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चल सका। तत्पश्चात इसकी सूचना थाने को दी गई। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरन्नाथ धान ने बताया कि केस दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

समाजसेवी बने आवास योजना के ब्रांड एंबेसडर

विश्रामपुर। गुरुवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने समाजसेवी मो. सतार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी को वित्तीय वर्ष 2023- 24 हेतु विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना निर्माण में तेजी लाने हेतु ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में लंबित व अधूरे पड़े आवासों के लाभुकों को जागरूक कर उसे जल्द पूरा कराया जा सकेगा। मौके पर सिटी मैनेजर प्रभात कुमार,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

अध्यात्मिक संतों का संगम बनता जा रहा है पलामू

मेदिनीनगर। प्राकृतिक संसाधनों से भरापूरा पलामू अध्यात्मिक संतों का भी पसंदीदा स्थल बनता जा रहा है। एक-एक कर तमाम ख्यातिलब्ध विभूतियों के आगमन से पलामू वासी भी उनका दर्शन कर निहाल हो रहे हैं। नवरात्र में पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले के पाल्हे-जतपुरा में सनातन संस्कृति के मरुदंड कहे जाने वाले त्रिदंडी स्वामी के शिष्य जीयर स्वामी ने चतुर्मास यज्ञ किया। उसके बाद 21 नवंबर से अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर का कार्यक्रम मेदिनीनगर स्थित हाउसिंग कालोनी में चल रहा है। इसी बीच 10 दिसंबर को मेदिनीनगर के समीप जोड़ गांव में बागेश्वर धाम छतरपुर मप्र के प्रख्यात संत व कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री के आगमन की खबर ने पलामू वासियों को रोमांचित कर दिया है। दो महीने के अंतराल में ही तीन-तीन महान विभूतियों के दर्शन की कल्पना से नागरिक आह्लादित महसूस कर रहे हैं।

चार वर्ष से लगातार हो रहा टूर्नामेंट का आयोजन

कर्नल कप फुटबॉल 'महाकुंभ' का आगाज आज से

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। विधानसभा क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय खेलों में शामिल कर्नल कप फुटबाल टूर्नामेंट का आगाज गुरुवार से हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की 20 टीमें भाग लेंगी। नागरिक चमचमाती ट्रॉफी के लिए क्षेत्र की प्रमुख टीमों के मध्य जोर- आजमाइश देखने को उत्सुक हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 23 दिसंबर को खेला जाएगा।

अनुमंडल पदाधिकारी होगें मुख्य अतिथि

टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी होंगे। शुरूआती मुकाबला अमही व झरहा के बीच गुरूवार को दोपहर 12:30 बजे से खेला जायेगा। इससे पूर्व सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट करते हुए मुख्य बाजार का भ्रमण किया जायेगा।

कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने बताया कि नाक आउट स्टेज में 10 मुकाबले खेले जाएंगे। इनमें शानदार प्रदर्शन करने वाली 8 टीमें अगले दौर के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट की भव्य तैयारी की जा रही है। हुसैनाबाद क्षेत्र के पुराने व मशहूर फुटबॉल खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में इस टूर्नामेंट का आयोजन लगातार चार साल से किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने कहा कि सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टूर्नामेंट पिछले वर्ष की अपेक्षा और भी भव्य व शानदार होगा। इस बार नॉकआउट स्टेज में ही सभी मुकाबले खेले जाएंगे। जिसमें सभी टीमों को पांच बाहरी खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने की अनुमति दी गई है। प्रतिदिन एक मुकाबला खेला जाएगा जो दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगा। मौके पर क्लब के सचिव मनोज शर्मा, विनय कुमार सिंह, महेन्द्र चौधरी, सगीर अहमद, इशरार अहमद (गुड्डू), निर्णायक सुदय सिंह, कमेंदर पासवान, रविंद्र सिंह, सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, प्रदीप कुमार, मुकेश सिंह, पिन्टु कुमार, भानु प्रताप सिंह सहित सभी टीमों के कैप्टन व खिलाड़ी मौजूद थे।

बाइकों की टक्कर में तीन घायल, एक गंभीर

हुसैनाबाद। मंगलवार की देर शाम जपला-छतरपुर मुख्य सड़क स्थित खादी ग्रामोद्योग के समीप दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए है। सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां एक की गंभीर स्थिति देख एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायलों में सोनू सिंह व चंदन सिंह दोनों निवासी ग्राम सिंदुरिया एवं राजेश पासवान ग्राम घाघरा का निवासी है। बताया जाता हैं कि विपरीत दिशा से आ रही बाइकें आपस में टकरा गई।

प्रिया दोबारा बनीं प्रमुख, विजय जुलूस में विधायक भी शामिल

रजक परिवार से आने वाली गरीब की बेटी जैसे ही प्रमुख पद पर बैठी उसे हटाने की साजिश रची जाने लगी : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले के तरसही प्रखंड प्रमुख के पद पर दोबारा प्रिया कुमारी के विराजमान होने पर बुधवार को विजय जुलूस निकाला गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पांकी के विधायक डा. शशिभूषण मेहता शामिल हुए। बैंड बाजे के साथ विजय जुलूस तरहसी के अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर बेदानी शहीद मंगल पांडे चौक होते हुए सुभाष चौक से आगे तक निकाला गया। सभी जगह फूलमाला पहनाकर प्रमुख, पांकी विधायक, प्रमुख पति एवं अन्य का स्वागत किया गया। इस क्रम में जमकर आतिशबाजी की गई।

पैसे के बल पर पद से हटाने का मंसूबा विफल: विधायक : पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता ने कहा कि रजक परिवार से आने वाली गरीब की बेटी जैसे ही प्रमुख पद पर बैठी उसे हटाने की साजिश रची जाने लगी। पैसे के बल पर हटाने का प्रयास किया गया। इसके पीछे पैसे वाले कांग्रेसी शामिल थे। लेकिन साजिश रचने वाले अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हुए।

असत्य पर सत्य की जीत प्रिया: मौके पर प्रमुख प्रिया कुमारी ने कहा कि एक साजिश के तहत योजनाओं में मनमानी बरतने का आरोप लगाकर उन्हें पद से अपदस्थ करने की साजिश रची गयी थी, लेकिन सभी के सहयोग से साजिश को बेनकाब किया गया। असत्य पर सत्य की जीत हुई। उनके खिलाफ लगाए गए तमाम आरोप बेबुनियाद साबित हुए। शेष कार्यकाल में श्रेष्ठ किया जाएगा।

चार माह तक चली प्रक्रिया : तरहसी प्रमुख प्रिया कुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित प्रक्रिया चार महीने तक चली। इसकी शुरूआत तीन जुलाई 2023 से हुई। 14 नवम्बर तक यह कार्रवाई चली। इस दौरान तमाम जनोपयोगी योजनाएं ठप रहीं।

रामबांध में सूनसान घर से पांच लाख की संपत्ति की चोरी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। हैदरनगर थाना क्षेत्र के रामबांध में किसान कमलेश सिंह के बंद घर से करीब पांच लाख रुपये की संपति चुरा लिए जाने का मामला बुधवार को उजागर हुआ है। चोरों ने दो कमरों व इसमें रखे बक्सों को तोड़कर कीमती सामान चुरा लिया है। भुक्तभोगी कमलेश सिंह ने इस संबध में हैदरनगर थाने में आवेदन देकर बताया कि उनकी पुत्रवधु किडनी रोग से ग्रस्त है। उनके इलाज कराने के लिए वे 14 नवंबर को घर बंद कर सासाराम गये थे। 21 नवंबर को देर शाम अस्पताल से घर वापस आने पर इस घटना की जानकारी मिली। चोरों ने उनके दरवाजा को हटाकर अंदर प्रवेश

किया है। मंगलवार की देर रात खाना खाने के बाद सभी पारिवारिक सदस्य सो गये। बुधवार सुबह उठने पर इस घटना की जानकारी थाने को दी गई है। उन्होंने बताया कि जेवर, नगदी, वस्त्र आदि मिलाकर करीब पांच लाख रुपए की संपति चोरी हुई है। थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि घटना की प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

छतरपुर के प्रवासी मजदूर की कर्नाटक में मौत

मेदिनीनगर। पलामू जिले के छतरपुर शहर के सड़मा मोहल्ल निवासी प्रवासी मजदूर शिव भुइया (50) की कर्नाटक के हुबली में मौत हो गई। शव मंगलवार की शाम में घर के पास पहुंचाकर ठेकेदार का पुत्र भाग निकला। मोहल्ले के लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। छतरपुर थाने के अवर निरीक्षक रमेश हजाम ने कॉलेज के पास से शव को घर तक पहुंचवाया। मृतक प्रवासी मजदूर शिव भुइयां के पुत्र मंटू के अनुसार उसके पिता को अपने मोहल्ले के ही ठेकेदार रामप्रवेश राम टेंट हाउस में मजदूरी करने के लिए कर्नाटक के हुबली ले गया था। लेकिन उनसे बड़े बिल्डिंग में काम कराया जाने लगा। काम के दौरान ऊंचाई से गिर जाने से उनकी मौत हो गयी।

खस्ताहाल विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से नागरिक परेशान



नवीन मेल संवाददाता

पाटन। प्रखंड में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था दिन-प्रतिदिन खस्ताहाल होती जा रही है। इससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि शाम होते ही बिजली गुल हो जाती है। उसके बाद देर रात लोगों के सोने के बाद ही बिजली का आना होता है। नागरिकों का कहना है कि अमूमन क्षेत्र में बिजली की आवश्यकता दिन ढलने के बाद रात 9 बजे तक सर्वाधिक रहती है। किंतु उसी समय बिजली गायब रहने से विद्यार्थियों के पठन-पाठन सहित व्यवसायियों का व्यवसाय भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। जबकि बिजली का बिल प्रतिमाह नियमित रूप से भेजा जा रहा है। किंतु आपूर्ति के मामले में समस्या गहराती जा रही है। स्थानीय सहदेवा, पाण्डेयपुरा, खाम्ही, राजहरा, सुठा आदि गांवों में तो ग्रामीण बल्ब की रोशनी के लिए तरस रहे हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन सहित विद्युत विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में नागरिक आंदोलन का मन बनाते देखे जा रहे हैं।

अष्टजाम अखंड कीर्तन का समापन

रामनाम के जाप से होगा विश्व का कल्याण : चंद्रदीप

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। शहर के जेपी चौक स्थित पूर्व उप प्रमुख यमुना सिंह के आवास परिसर में आयोजित अष्टजाम अखंड कीर्तन का समापन बुधवार दोपहर में किया गया। विसर्जन कार्यक्रम की शुरूआत अयोध्या धाम स्थित विवहूति भवन के शिष्य व परिकर चंद्रदीप सिंह ने रामधुन व मंगलाचरण से की। उन्होंने कहा कि कलियुग में रामनाम के जाप से ही विश्व का कल्याण होगा। भृगुनाथ सिंह ने कई कर्णप्रिय भजन प्रस्तुत करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन से सुखद अनुभूति होती है। मौके पर भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष अक्षय नवमी तिथि को यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से क्षेत्र व समाज में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की जाती है। तनाव से मुक्ति के लिये रामनाम का जाप अति आवश्यक है। इस मौके पर गुप्तेश्वर सिंह, वशिष्ठ सिंह, यमुना सिंह, शैलेंद्र सिंह, रणविजय सिंह,सुरेंद्र कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह,अनूप कुमार सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, रामराज मेहता, लुटकुन शरण, रविंद्र सिंह, उदय सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह,उदित कुमार, पुकार सिंह, जयराम सिंह, लक्ष्मण शर्मा, सत्येंद्र ठाकुर,उदित कुमार मौजूद थे।

कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पचांयत, छत्तरपुर।
पता:–बारा मोड़, छतरपुर, जिला–पलामू, झारखण्ड–822113, [E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

आम सूचना

निदेशानुसार नगर पंचायत, छतरपुर अन्तर्गत आवास विहिन आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सरकार द्वारा वर्ष 2023–24 तक प्रत्येक परिवार को पक्का आवास देने की अति महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) है। इसमें वैसे व्यक्ति जिनका वर्तमान में अपनी जमीन है, वे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक–4 के तहत् इस योजना का लाभ लेने हेतु निम्नलिखित मानको के तहत् दिनांक–25.11.2023 तक स्व0–अभिप्रमाणित दस्तावेजों के साथ नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर में जमा करें।

1. आवदेन पत्र (फार्म)।
2. शपथ पत्र (भारत में किसी भी स्थान पर अपना अथवा अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पक्का घर नहीं होगा।)
3. वार्षिक आय का प्रमाण पत्र।
4. आधार कार्ड सभी परिवार के सदस्य का।
5. भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (17.06.2015 से पूर्व)
6. पारिवारिक फोटो (कच्चा घर के साथ)।
7. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
8. मतदाता पहचान पत्र।
9. होल्डिंग नं0/रसीद।

वैसे इच्छुक परिवार जिनके पास अपना पक्का मकान नहीं हो उक्त आवेदक एवं अधिक जानकारी हेतु नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर में सम्पर्क कर सकते है या आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कर सकते है। उक्त संबंध में जनहित की दृष्टि से निर्धारित तिथि तक आवास विहिन व्यक्ति, कार्यालय मे आवेदन निश्चित रूप से जमा करें, अन्यथा यह समझा जायेगा कि निर्धारित मापदण्डों के अनुकूल आवास निर्माण हेतु नगर पंचायत, छतरपुर अंतर्गत आवास विहिन कोई भी योग्य व्यक्ति नहीं है।

कार्यापालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR 311713 (District) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा संख्या – 10/RI/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 16.11.2023

1.कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	काण्डी	RWD/GARHWA/STPKG/05/2023-24	1	श्रीनगर–दारीडीह–डुमरसोता बस्ती से बजरंग बली होते मुख्य पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (4.75 कि0मी0)	1296.785	बारह करोड़ छियानबे लाख अठत्तर हजार पाँच सौ रूपये।	09 महीना
	काण्डी		2	बहेरवा मोड़ से नैनाबार होते हुए काण्डी भवनाथपुर मुख्य पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (2.25 कि0मी0)			
	काण्डी		3	सुन्डीपुर मोड बरकट से सुण्डीपुर हनुमान मंदिर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (1.40 कि0मी0)			
	काण्डी		4	शिवरी से पखनाहा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (2.00 कि0मी0)			
	बरडीहा		5	सेमरी सिमाना से नावाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (5.80 कि0मी0)			

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.12.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 311773 (Rural Work Department) 23-24 (D)

उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
(मनरेगा कोषांग)

मनरेगा अन्तर्गत संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु दक्षता परीक्षा से संबंधित सूचना

लोहरदगा जिलान्तर्गत इस कार्यालय का ज्ञापांक 572 दिनांक 29.09.2023 द्वारा मनरेगा अंतर्गत तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्र के आलोक में उक्त पद के लिए योग्य एवं अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची लोहरदगा जिला के वेबसाईट (http://www.lohardaga.nic.in) कर दिया गया है।

तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) एवं लेखा सहायक के पद के योग्य अभ्यर्थियों का दिनांक 03.12.2023 (दिन रविवार) एवं कम्प्यूटर सहायक के पद के योग्य अभ्यर्थियों का दिनांक 05.12.2023 (दिन मंगलवार) को दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया है। दक्षता परीक्षा का समय–सारणी निम्नवत् हैं :–

क0	पद का नाम	परीक्षा तिथि	समय	परीक्षा स्थल
1	तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)	03.12.2023	11.00 AM – 12.00 PM	नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा
2	तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष)	03.12.2023	11.00 AM – 12.00 PM	
3	लेखा सहायक	03.12.2023	11.00 AM – 12.00 PM	
4	कम्प्यूटर सहायक	05.12.2023	11.00 AM – 12.00 PM	समाहरणालय, लोहरदगा

निदेशानुसार, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के पद के योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व परीक्षा स्थल पर प्रवेश–पत्र (फोटोयुक्त), आधार कार्ड / पहचान पत्र, एक नीले एवं काला रंग का बॉल पेन एवं दो रंगीन फोटोग्राफ के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। जिले के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in से प्रवेश–पत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
मनरेगा, लोहरदगा

परियोजना पदाधिकारी,
जि0ग्रा0वि0अभि0, लोहरदगा

PR 311745 Lohardaga (23-24)_D

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, लातेहार।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 20 वर्ष 2023–24
15वें वित्त आयोग मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 29.11.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 30.11.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 30.11.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

क्र0	योजना का नाम	प्रशासनिक स्वीकृति राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	प्रखण्ड गारू पंचायत रूद ग्राम गोपखाड में फुलेश्वर नगेसिया के घर से फगना नगेसिया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	399700.00	8000.00	750.00	02 माह
2	प्रखण्ड चन्दवा पंचायत बारी ग्राम खुझीहाल टोला में कुवर राम के घर से संतोष चौधरी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	425000.00	8500.00	750.00	02 माह
3	प्रखण्ड चन्दवा पंचायत बारी ग्राम हुचलू में संतोष राम के घर से अम्बेडकर भवन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	425000.00	8500.00	750.00	02 माह
4	प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत पंचायत चकला ग्राम चकला में कब्रिस्तान में शमशान शेड निर्माण।	323500.00	6500.00	750.00	02 माह
5	प्रखण्ड गारू पंचायत रूद ग्राम हुरहुर करचा में प्राथमिक स्कूल में शौचालय निर्माण।	327700.00	7000.00	750.00	02 माह
6	प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत+ग्राम मासियातु में जयमंगल उरांव के घर से विनय यादव के घर तक नाली निर्माण।	336800.00	7000.00	750.00	02 माह
7	प्रखण्ड सरयू पंचायत चोरहा ग्राम सरयू में उच्च विद्यालय सरयु में शौचालय निर्माण।	286300.00	6000.00	750.00	02 माह

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा, जो **भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार** में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा।
12. अग्रधन की राशि जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। अग्रधन के रूप जमा की जानेवाली राशि N.S.C/F.D जो 03/05 वर्षीय की होगी एवं किसी भी डाकघर/राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा से निर्गत ही मान्य होगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 311749 (Rural Development) 23-24 (D)

गागर में सागर

मेदिनीनगर में जाम के झाम से आमजन हलकान

मेदिनीनगर। निरंतर फैल रहे मेदिनीनगर शहर में सड़कों का समानांतर विकास नहीं होने से जाम की समस्या आम होती जा रही है। इससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के सभी प्रवेश व निकास मार्ग पर नित्य भीषण जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। कचहरी चौक, रेड़मा चौक, छह मुहान, पांच मुहान पर तो स्थिति अत्यंत विषम हो जा रही है। दोपहर में विद्यालयों की छुट्टी के समय तो जाम का विकराल स्वरूप विशेषकर बच्चों व मरीजों के लिए किसी आफत से कम नहीं है। घंटों जाम में फंसे होने के कारण जहां बच्चों का छुट्टी का उत्साह काफूर हो जा रहा है। वहीं जगह-जगह एंबुलेंसों के भी फंसे होने से मरीजों के तीमारदारों की परेशानी भी बढ़ जा रही है। जाम की समस्या के निराकरण के लिए शासकीय कवायद भी बेमानी साबित हो रहे हैं। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

मार्शल आर्टस प्रशिक्षक सम्मानित

मेदिनीनगर। पलामू के मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार को ब्लैक बेल्ट एक्शन मार्शल आर्टस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव शिहान सुशांत बनर्जी ने शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें मलेशिया का प्रतिष्ठित इंटरनेशनल गोल्डेन अवार्ड मिलने के उपलक्ष्य में दिया गया है। सचिव ने संतोष कुमार को बधाई देते हुए कहा कि वे झारखण्ड के इकलौते मार्शल -आर्ट्स प्रशिक्षक हैं। जिन्हें गोल्डन अवार्ड मिला है। उन्होंने दुबई में होने वाले कराटे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप के लिए वेस्ट बंगाल के मार्शल आर्ट खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए आमंत्रित भी किया।

पेयजल संकट पर भाकपा ने जताई चिंता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी व अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने सदर प्रखंड के ग्राम चियांकी, जोरकट,सुआ आदि का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट पर गहरी चिंता जताई। श्री तिवारी ने बताया कि ग्राम जोरकट में दोनों सरकारी चापाकल बहुत दिनों से खराब पड़े हैं। यही हाल ग्राम चियांकी के पहाड़ी टोला के चापाकलों का भी है। जिसके चलते स्थानीय लोगों को पीने के पानी का प्रबंध करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब चापाकल के चलते लोग 5 किलोमीटर दूर से पानी ढोने को विवश हैं। उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि गरीबों का वोट लेकर भाजपा के सांसद व विधायक जहां एसी में बैठकर मिनरल वाटर पी रहे हैं। वहीं आम जनता को चापाकल का पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। उन्होंने पेयजल आपूर्ति विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है। इस दौरान रणजीत सिंह चेरो,मिठु सिंह, राजू सिंह,नसीम राइन, आलोक तिवारी, सविता देवी, फेकन उरांव, मृत्युंजय तिवारी भी उपस्थित थे।

संविधान निर्माण समिति के सदस्यों की लगे प्रतिमा

मेदिनीनगर। पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने झारखंड विधान सभा अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर विधानसभा में संविधान निर्माण समिति में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने अवगत कराया है कि संविधान निर्माण में झारखंड के जयपाल सिंह मुंडा (रांची), पदमश्री देवेंद्र नाथ सामंत (गुमला), बोनी फास लकड़ा (लोहरदगा) एवं पलामू के अमिया कुमार घोस (गोपा बाबू) व जदुनंदन सहाय (जादु बाबू) ने अहम भूमिका निभाई है। विधान सभा परिसर में इनकी प्रतिमा स्थापित कर इन्हें समुचित सम्मान प्रदान किया जाना जरूरी है।

आरपीएफ जवानों ने बचाई वृद्धा यात्री की जान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बुधवार को आरपीएफ जवानों की सूझबूझ से एक वृद्धा यात्री की जान बच गई। बताया जाता है कि सुबह जब बरकाकाना-वाराणसी मेमो डालटनगंज रेलवे स्टेशन से खुली तो गढ़वा जिले के हेमराज गांव निवासी वृद्धा मीरा देवी पति देवलाल साव चढ़ने का प्रयास करने लगी। किंतु ट्रेन की गति बढ़ जाने से वह असंतुलित होकर गिरकर गेट में फंस गई। वृद्धा को गेट से घिसटते देख प्लेटफार्म पर तैनात आरपीएफ जवान अर्जुन प्रसाद व शिवनाथ राम द्वारा अदम्य साहस व सूझबूझ का परिचय देते हुए वृद्धा को बचा लिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने जवानों की हौसलाआफजाई की है। यात्रियों ने भी जवानों के प्रयास की सराहना की।

महीनों से चल रही चर्चाओं पर लगा विराम

कहीं नहीं शिफ्ट होगा डालटनगंज का रेलवे अनलोडिंग साइड

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। डालटनगंज का रेलवे अनलोडिंग साइड कहीं भी शिफ्ट नहीं होगा। इससे महीनों से रेल साइड चियांकी रेलवे स्टेशन शिफ्ट होने संबंधी चर्चाओं पर विराम लग गया है। इससे संबंधित सामग्रियों के व्यवसायियों ने भी राहत की सांस ली है। कुछ दिनों से शहर में यह चर्चा जोरों पर थी कि मालगाड़ी से आने वाले अनाज,खाद व सीमेंट की बोरियां डालटनगंज रेलवे स्टेशन के 6 नंबर प्लेटफार्म पर नहीं उतरकर चियांकी रेलवे स्टेशन पर उतरेंगी। इस संबंध में रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि यह चर्चा बिल्कुल निराधार है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के लाइन नंबर 6 पर पहले की ही तरह मालगाड़ी से आए सीमेंट, खाद , अनाज की बोरियां उतारी जाएंगी। इसमें किसी तरह के बदलाव का कोई प्रस्ताव नहीं है। इससे व्यापारियों की चिंता दूर हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर अनलोडिंग से उन्हें आसानी से मजदूर मिल जाते हैं। साथ ही यहां ट्रकों के खड़े होने की भी पर्याप्त सुविधा है। अनलोडिंग प्वाइंट चियांकी शिफ्ट होने से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता। साथ ही खर्च भी बढ़ जाता।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

कंप्यूटर ऑपरेटरों को लॉगइन-आईडी बनाने का मिला प्रशिक्षण

शिविर में आने वाले लोगों को अधिकाधिक योजनाओं से लाभान्वित करने व कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने की शासकीय कवायद अंतिम चरण में

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक जिले के 21 प्रखण्डों के सभी पंचायतों में आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जायेगा । शिविर में आने वाले लोगों को अधिकाधिक योजनाओं से लाभान्वित करने व कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने की शासकीय कवायद अंतिम चरण में है। प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री करने के लिए उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को लॉगिइन-आईडी बनाने तथा कैंप का डिटेल भरने की विस्तृत जानकारी दी गई। किस आवेदन को कौन पेज में अपलोड करना है। रजिस्ट्रेशन पर्ची कैसे निकलेगा आदि विषयों को भी समझाया गया। इसमें जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, यूआईडी डीपीओ उदय, ई -डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज कुमार पांडेय ने सभी प्रखंड व नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया।

हैदरनगर प्रखंड पहुंचा जागरूकता रथ

मेदिनीनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का जागरूकता रथ बुधवार को हैदरनगर प्रखंड पहुंचा। यहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बभंडी में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों, किसान, छात्र, महिला स्वयं सहयता समूह और ग्रामीण जनता के मध्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं के लाभार्थियों ने आमजन के साथ अपने अनुभवों को साझा किया।

तुलसी मानस मंदिर में धूमधाम से मना सीताराम विवाहोत्सव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय साहित्य समाज चौक स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर के समीप सीताराम विवाह उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया ने बताया कि इस दौरान 20 नवंबर से श्री राम चरित्र मानस नवाह पारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 29 नवंबर को समापन पर वृहद भंडारे का आयोजन किया गया है। श्री तुलसी मानस मंदिर पाठ करने के लिए झांसी उत्तर प्रदेश से पधारीं रुचि महारानी के कथा का श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान पवित्र तीर्थ स्थल अयोध्या धाम से पंडित मधुसूदन त्रिपाठी राम कथा का वाचन भी कर रहे हैं। प्रतिदिन शाम को भजन संगीत व आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जा रहा है। मुख्य यजमान की भूमिका मनीष भिवानिया व पूजा भिवानिया निभा रहे हैं। आयोजन में अध्यक्ष भरत सिंह, सचिव शिवनाथ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रवि शंकर उपाध्याय, संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया, बलिराम शर्मा, दीपू सिंघानिया, संतोष शंघाई, सुरेश उदयपुर, बसंत जायसवाल, सुशील गुप्ता, विनोद सिंह , सच्चिदानंद मिश्रा आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

29 नवंबर को समापन पर भंडारे का आयोजन, रामकथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

मुख्यमंत्री के परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

सभी पदाधिकारी, कर्मचारी व अभियंता बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनायें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पलामू परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने संभावित कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम से हवाई अड्डा तक विधि-व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने पर बल देते हुए पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाए। चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत आपकी

योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता का निर्देश सभी पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दिन कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जाएगा। इस हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी उप विकास आयुक्त के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सूची सौंपना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर सभागार में नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता समेत जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं सभी बीडीओ-सीओ वर्चुअल मोड से जुड़े थे। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारी,कर्मचारी व अभियंताओं को अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय में बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाने का निर्देश दिया। कहा कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाने वाले पदाधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित समझे जाएंगे। इसके बाद इन सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

भागवत कथा

हाउसिंग कॉलोनी में भागवत कथा शुरू, उमड़ने लगी भीड़

अध्यात्मिकों की राजनीति से ही देश का भला होगा : देवकीनंदन ठाकुर

कार्यक्रम के पहले दिन कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर मगही भाषा में अपने सम्बोधन 'रउअन सबके राधे - राधे' के साथ शुरु किया प्रवचन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के बाईपास रोड स्थित हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा बुधवार से शुरू हो गया। इसका शुभारंभ वृन्दावन के प्रख्यात कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर के साथ गौरवानंद जी, योगाचार्य उदितानंद एवं कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अर्जुन पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पश्चात भागवत भगवान की आरती वंदन से कथा का क्रम शुरू हुआ। कथा कार्यक्रम के पहले दिन कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर मगही भाषा में अपने सम्बोधन ' रउअन सबके राधे -राधे ' के साथ किया। प्रथम दिवस के प्रवचन में श्री ठाकुर जी महाराज ने भागवत कथा के महत्व की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भगवान ने खुद कहा है कि कलियुग में जहां भागवत पुराण की कथा होती है, वहां 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। इतना ही नहीं कथा परिसर में आध्यात्मिक तीर्थ वास करते हैं। चर्चा के दौरान श्री ठाकुर जी महाराज ने धर्म और राजनीति की चर्चा करते हुए सन्देश दिया कि धर्म में राजनीति नहीं अपितु राजनीति में धर्म जरूरी है। धर्म और अध्यात्म की राह पर चलने वाले व्यक्ति के राजनीति में आने से ही देश व समाज का कल्याण सम्भव है। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा समाज के हर वर्ग और व्यक्ति का कर्तव्य है। हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि वे सनातन धर्म की रक्षा के लिए युवाओं को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक कर रहे हैं। सिर्फ खुद को हिन्दू कहने से काम नहीं चलेगा अपितु अपने संस्कार व अपनी संस्कृति कायम रखना होगा। इस दौरान श्री ठाकुर जी महाराज ने अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचन से न सिर्फ लोगों को मन्त्रमुग्ध किया, बल्कि जीवन के कल्याण में भागवत कथा की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में आयोजन समिति के महासचिव शैलेश दूबे ने आगनतुकों का स्वागत किया। मौके पर समिति के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में आम व खास लोग उपस्थित थे।



अर्जुन पाण्डेय के राजनीति में आने की अटकलों को पुत्रवधु ने किया खारिज

श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह भागवत कथा के आयोजन के मुख्य सूत्रधार अर्जुन पाण्डेय ऊर्फ गुरू पाण्डेय के राजनीति में प्रवेश को लेकर अटकलों का बाजार गरमानें लगा है। कहा जा रहा है पलामू की इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद श्री पाण्डेय पर उनके ही अपने सहयोगियों द्वारा राजनीति के दरवाजे पर दस्तक देने का दबाव बनाया जाने लगा है। हालांकि इन अटकलों से श्री पाण्डेय भी अनभिज्ञ नहीं हैं, किन्तु उन्होंने अब तक इस सम्बन्ध में कोई चर्चा नहीं की है। परन्तु बुधवार को भागवत कथा के उद्घाटन के मौके पर स्वागत भाषण कर रहीं श्री पाण्डेय की पुत्रवधु संजना पाण्डेय ने उपरोक्त अटकलों की चर्चा कर कयासों को बल प्रदान कर दिया है। ऊपर से कथावाचक देवकीनंदन जी महाराज ने भी संजना की बातों को कोड कर राजनीति में आध्यत्मिक लोगों के प्रवेश को शुभ बताते हुए इस थोड़ी ही सही पर चर्चा कर एक नई चर्चा छेड़ दी है। हालांकि संजना ने श्री पाण्डेय के राजनीतिक अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए साफ-साफ सन्देश दिया कि उनके ससुर की धर्म के प्रति गहरी आस्था है। वे धार्मिक आयोजनों में हमेशा गहरी रूचि रखते हैं। यह कार्यक्रम उनकी सनातनी आस्था व धर्म में रूचि का ही प्रमाण है। इससे उनकी अपनी कोई महत्वकांक्षा नहीं जुड़ी है। उनकी सनातनी आस्था के कारण ही लोगों ने उन्हें धर्मरक्षक की संज्ञा से नवाजा है।

गागर में सागर

हुलहुला खुर्द गांव में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच शुरू

श्री बंशीधर नगर। थाना क्षेत्र के हुलहुला खुर्द गांव में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका गांव निवासी राहुल कुमार की पत्नी कौशल्या देवी है। उक्त महिला पारिवारिक विवाद के कारण तनावग्रस्त थी। मृतिका के पति राहुल कुमार ने बताया कि हम घर के बाहर बच्चा को खिला रहे थे। इस दौरान क्या हुआ हमें नहीं पता चला। जब अंदर जाकर देखे तो मेरी पत्नी कौशल्या फांसी के फंदे पर लटकी थी। इसके बाद उसे फंदे से उतार कर इलाज के लिए तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल लाया। ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर दिनेश कुमार मीणा ने उक्त महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जुआरी जगह बदल कर खेल रहे जुआ

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत दीपावली पर्व संपन्न होने के बाउजूद जुआरियों का खुमार उतरने के बजाय और बढ़ा हुआ है। इसको लेकर बड़े पैमाने पर जुआरी बिचौलियों के बल पर दिन व रात जगह बदल बदल कर जुआ खेल रहे हैं। इसमें सीमावर्ती क्षेत्र यूपी से भी लोग जुआ खेलने आ रहे हैं। हालांकि प्रसाशन को इसकी भनक मिल चुकी है। एक दो बार छापेमारी भी पुलिस द्वारा की गई, परंतु जुआरियों का नेटवर्क मजबूत होने के कारण सफलता नहीं मिल पा रही है, जबकि बिचौलिया प्रशासन द्वारा चिन्हित होने के बाउजूद पकड़ से दूर है तो इसमें प्रशासन की मिलीभगत से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो लाखों के खेले जा रहे जुआ में बिचौलिया द्वारा तीस से चालीस हजार रुपये नाल के रूप में प्रति दिन निकाला जाता है। इसके एवज में खिलाड़ियों को मांस, मछली, शराब, सिगरेट सभी जुआ स्थल पर मुहैया कराया जा रहा है। जुआ प्रतिदिन जगह बदल बदल कर खेला जा रहा है ताकि पुलिस के जोखिम से बचा जा सके। इस बावत थाना प्रभारी ने पूछे जाने पर बताया कि जानकारी नहीं है। अगर ऐसा मामला है तो गश्ती दल को एलर्ट किया जायेगा।

पूजा समिति ने प्रकट किया आभार

लातेहार। सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्यनगरी के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने छठ पूजा के मौके पर समिति को तन मन व धन से सहयोग करने पर नगर वासियों का आभार प्रकट किया। सिंह ने कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई भी अनुष्ठान पूरा नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी तकरीबन एक किलोमीटर की दूरी में आकर्षक विद्युत सज्जा व ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाये गये थे। वाराणसी के पुरोहितों द्वारा गंगा आरती की गयी। इसके अलावा भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। इन सब आयोजन का खर्च नगर से संग्रह किये गये चंदा राशि से किया गया। छठ पूजन के आयोजन में नगर वासियों का अपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ है। सिंह ने कहा कि आगामी वर्षों में भी समिति के द्वारा इसी प्रकार की सुविधायें छठ व्रतियों को दी जायेंगी। उन्होंने समिति के तमाम सदस्यों को भी सफल आयोजन पर धन्यवाद दिया।

पशुधन योजना के महत चार लाभुकों के बीच चूजों का किया गया वितरण

बारियातु। प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय में मुख्य मंत्री पशुधन विकास योजना के तहत, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राजसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन ने संयुक्त रूप से चार लाभुकों के बीच पांच-पांच सौ बायलर चूजों के साथ आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस संबंध में डॉ सुशिला बागे ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के तीन लाभुक सारो देवी ग्राम बेसरा, रुवी देवी व पुनम देवी ग्राम टुन्डाहुटु के बीच चूजों का वितरण किया। मौके पर पशु चिकित्सा कर्मी सरजु पासवान, विनोद बैठा, दिलिप सिंह व शिवनाथ यादव उपस्थित रहे।

गढ़वा पहली बार कर रहा है किसी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी

अंतर जिला यूथ बालक एवं बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से शुरू

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
गढ़वा जिला वालीबाल संघ के तत्वावधान में 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक एवं बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 से 26 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को गढ़वा जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक तथा सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर बताया कि पहली बार गढ़वा में इस तरह की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। स्थानीय गोविंद इंटर कॉलेज के मैदान में 23 तारीख को इसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय संयुक्त रूप से 11.30 बजे करेंगे।

उन्होंने कहा कि आयोजन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मैच चार ग्रुप में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। प्रस्तावित प्रतियोगिता के लिए रांची, गोड्डा, खूंटी, सिमडेगा, हजारीबाग की बालक व बालिका टीमें पहुंच चुकी हैं। सभी टीमों के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। तैयारी को लेकर समिति के लोग रात दिन कर लगे हुए हैं। मैच के लिए दो प्लेग्राउंड बनाए गए हैं। एक में बालक एक दूसरे में बालिका खेलेंगी। आयोजन को लेकर एक उप समिति गठित की गई है, जिसमें यातायात कमेटी में अध्यक्ष डीटीओ गढ़वा, समन्वयक आशुतोष पांडेय, सदस्य अखिलेश प्रसाद, कुलदीप कुमार शुभम कुमार, सुमित मिश्रा, राजा सिंह रवि कुमार को रखा गया। भोजन व्यवस्था में अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा, कोऑर्डिनेटर रमाशंकर सिंह, सदस्य अरुण तिवारी, आशु दुबे संपत कुमार, संतोष कुमार को रखा गया है। इसी तरह भोजन व्यवस्था में अध्यक्ष नवीन पाठक, कोऑर्डिनेटर शैलेश तिवारी, सदस्य अरविंद दुबे रामप्रवेश तिवारी, विवेक तिवारी चंद्र केतु कुमार, धर्मेंद्र कुमार पाल, ओमप्रकाश गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता को रखा गया है। स्टेज व्यवस्था में कमलेश पांडेय, संजीव पांडेय, ओमप्रकाश चौबे, विशाल पांडे को रखा गया है। वॉलीबॉल कोर्ट की व्यवस्था में डीएसओ गढ़वा को अध्यक्ष, प्रभात रंजन तिवारी के कोऑर्डिनेटर श्रीप्रकाश यादव, विकास तिवारी, प्रशांत कुमार ओझा समर राजा, कुलदीप कुमार गौड़ शुभम कुमार, सनी कुमार, बबलू कुमार को सदस्य रखा गया है। इसी तरह ओपनिंग क्लोजिंग सेरेमनी के लिए शैलेंद्र कुमार पाठक को अध्यक्ष, धीरज कुमार दुबे को कोऑर्डिनेटर पंकज मिश्रा, पंचम सोनी, आशु दुबे विशाल पांडेय, समर राजा को सदस्य बनाया गया है। मीडिया मैनेजमेंट में धीरज कुमार दुबे को अध्यक्ष, राजकमल तिवारी को समन्वयक, संजय कुमार, समर राजा, सुमित मिश्रा को सदस्य बनाया गया है। कल्चरल प्रोग्राम के लिए श्याम नारायण पांडे को समन्वयक बनाया गया है। प्रेस वार्ता में संघ के प्रशासनिक सचिव संजीव कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, संजय आदि लोग उपस्थित थे।

खरौंधी में पारा शिक्षक की सेवानिवृत्ति के बाद सम्मान के साथ विदाई

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंधरी के पारा शिक्षक राजेंद्र सिंह के सेवानिवृत्ति के पश्चात बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी गई। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक उमेशचंद्र पाठक ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक सिंह का कार्य अनुकरणीय रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है। शिक्षक समाज सेवक होते हैं, जीवन पर्यंत समाज को कुछ ना कुछ देते रहते हैं। सिंह के क्रियाकलाप अनुकरणीय एवं बेदाग रहा है। इनसे हम सभी शिक्षकों को बहुत कुछ सीखने को मिला। इस अवसर पर शिक्षक राजेंद्र सिंह ने विद्यालय परिवार एवं स्थानीय लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कार्यकाल के दौरान सभी का जो सहयोग मिला उसे जीवन भर नहीं भूला पाएंगे। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव के बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद कुमार ने भी सेवानिवृत्त शिक्षक के क्रियाकलापों को बेहतर बताते हुए इनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षक को फूल माला तथा उपहार देकर भावपूर्ण विदाई दी गई। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति एवं माता समिति के सदस्यों के साथ स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

नवीन मेल संवाददाता। केतार
प्रखंड कार्यालय के सभागार में दूसरे बैच की चार पंचायत के 56 वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को शुरू हुआ। शिविर में मुकुंदपुर, केतार परसोडीह व लोहरगड़ा के वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। इसमें मुख्य रूप से वार्ड सदस्यों के कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी दी गई। इस मौके प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने कहा कि सभी वार्ड सदस्यों को सभी विषयों को समझ कर अपने गांव और पंचायत में विकास का नई आयाम जोड़ने के लिए काम करने को कहा गया। मौके पर प्रशिक्षक दीपक कुमार तिवारी व दुर्गेश कुमार ने कहा कि वार्ड सदस्य प्रशासन की छोटी इकाई है, जो गांव का प्रतिनिधित्व करती है। पंचायत में वार्ड सदस्यों की क्या भूमिका होनी चाहिए, इन्हें पंचायत अधिनियम के तहत कौन-कौन से अधिकार दिए गये हैं, कार्य करने का क्या तरीका है इसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। गौरतलब हो कि प्रशिक्षण शिविर के पहले बैंच में परती कुशवानी, पाचाडुमर और बलिगढ़ पंचायत के 46 वार्ड सदस्यों को ट्रेंनिग दी जा चुकी है। इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, बबिता देवी, सुजीता देवी, वीरबल राम, रंभा देवी, शिवदत्त मेहता, चिंता देवी, उपेंद्र बैठा, किरण देवी, मैमून बीबी आदि उपस्थित थे।

आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक आज

केतार। प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ नंदजी राम ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन कराने को लेकर प्रखंड कर्मियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बीडीओ ने उक्त बैठक में प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि, बीस सूत्री अध्यक्ष, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, चिकित्सा पदाधिकारी, शाख प्रबंधक सहित सभी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति को अनिवार्य बताया है। प्रखंड कर्मियों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बीडीओ 11 बजे बैठक करेंगे, जबकि जनप्रतिनिधियों के साथ दोपहर 3 बजे बैठक करेंगे। इसकी जानकारी बीडीओ नंद जी राम ने दी है।

डीसीएलआर ने किया चिनिया प्रखंड का दौरा

कई विद्यालयों व योजनाओं का किया निरीक्षण, कहा- एमडीएम की गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
डीसीएलआर प्रवेश कुशवाहा ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर कई विद्यालयों सहित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान इस दौरान मुख्यालय स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में मध्याह्न भोजन सहित कई तरह की जांच की गई। वहीं छतैलिया गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पहुंचकर मध्याह्न भोजन की जांच की तथा बच्चों की कलाश रूम में पहुंचकर बच्चों से कई तरह के सवाल जवाब किए। मौके पर मौजूद विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुबराज सिंह को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। वहीं राजबास गांव स्थित उत्क्रमित विद्यालय का भी निरीक्षण डीसीएलआर द्वारा किया गया। विद्यालय में कई तरह की गड़बड़ियों को देख विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवनारायण सिंह को कड़ी फटकार लगाई गई तथा कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश देते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही। अगली बार किसी भी तरह की गड़बड़ियां पाई जाती हैं तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। वहीं उक्त गांव में स्थित मनरेगा के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का भी औचक निरीक्षण किया गया। उक्त गांव में ही प्रधानमंत्री आवास की भी जांच की गई। लाभुकों को आवास कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। उसके बाद डोल गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण डीसीएलआर द्वारा किया गया। मध्याह्न भोजन और बच्चों के क्लास रूम की जांच की गई। बच्चों से पूछताछ की गई कि शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचते हैं या नहीं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है या नहीं। वहीं डीसीएलआर प्रवेश कुशवाहा ने बताया कि आज हमारे द्वारा चिनिया प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी बीएलओ से मिलकर मतदाता पुनरीक्षण के बारे में भी पूछताछ की गई। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाओं को चुस्त एवं दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। वहीं कई विद्यालयों में पहुंचकर मध्याह्न भोजन की जांच की गई। किसी भी स्थिति में एमडीएम की पौष्टिकता व गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं होगी। मनरेगा के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं व निजी भूमि पर लगाई गई आम बागवानी कूप निर्माण सहित कई योजनाओं की जांच की गई है। इस दौरान, डीसीएलआर प्रवेश कुशवाहा अंचलाधिकारी निषात अंजुम, जेई सुकेश कुमार आदि मौके पर मौजूद थे।

कवायद श्री बंशीधर नगर में 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक चलेगा कार्यक्रम

सरकार आपके द्वार का पंचायतवार कार्यक्रम निर्धारित

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड के सभी पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने के लिये तिथि का निर्धारण करते हुये कर्मियों को प्रतिनियुक्त कर दिया है। प्रखंड में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके लिए पंचायतवार कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। भोजपुर पंचायत भवन में 24 नवंबर को भू अर्जन पदाधिकारी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रखंड संवन्यक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह के साथ पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा मौजूद रहेंगे।

विलासपुर पंचायत में 28 नवंबर को पंचायत भवन म.वि. विलासपुर में भूमि सुधार उप समाहर्ता, श्री बंशीधर नगर की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड कनीय अभियंता 15वें वित्त के साथ जनसेवक विकास कुमार, रोजगार सेवक श्रवण राम मौजूद रहेंगे। चितविश्राम पंचायत में 1 दिसंबर को उच्च विद्यालय चितबिश्राम में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल गढ़वा की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड संवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार के साथ पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा मौजूद रहेंगे। गरबांध पंचायत भवन में 4 दिसंबर को कार्यपालक दंडाधिकारी, श्री बंशीधर नगर हेम्ब्रोम की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड कनीय अभियंता 15वें वित्त जितेंद्र कुमार के साथ पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक श्रवण राम मौजूद रहेंगे। 7 दिसंबर को पंचायत भवन हलिवंता में अनुमंडल

पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जे एस एल पी एस धनंजय कुमार के साथ पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक मनोज कुमार ठाकुर मौजूद रहेंगे। 11 दिसंबर को पंचायत भवन हुलहुला खुर्द में जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा राजदीप कुमार के साथ जनसेवक प्रशांत कुमार, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह मौजूद रहेंगे। 13 दिसंबर को उ.वि. कधवन में उत्पाद अधीक्षक गढ़वा की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड सहायक अभियंता मनरेगा उज्ज्वल कुमार के साथ जनसेवक विकास कुमार, रोजगार सेवक आलोक राज मौजूद रहेंगे।

16 दिसंबर को पंचायत भवन कोलझिकि में अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रखंड संवन्यक लघु एवं कुटीर उद्योग सुमित कुमार के साथ पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक रामचंद्र पांडेय मौजूद रहेंगे। 18 दिसंबर को पंचायत भवन कुंबाखुर्द में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा गढ़वा की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें कनीय अभियंता मनरेगा रणधीर कुमार के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक संजीत कुमार मौजूद रहेंगे। 21 दिसंबर को पंचायत भवन कुशदण्ड में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल नगर उंटारी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्राम सेविका उषा देवी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह मौजूद रहेंगे।

23 दिसंबर को पंचायत भवन नरही में कार्यपालक दंडाधिकारी अजय तिर्की की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्राम सेविका लालती देवी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुवेर्दी मौजूद रहेंगे। 26 दिसंबर को पंचायत भवन पिपरडीह में अनुमंडल पदाधिकारी नगर रतन कुमार सिंह की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनसेवक ज्ञानचंद केशरी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक वीरेंद्र यादव मौजूद रहेंगे।

चतरा : अपर समाहर्ता ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा बैठक हुई। साथ ही आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी परियोजनाओं में चलने वाले वाहनों में स्पीड लिमिट मशीन लगाने की कार्यवाही करने की बात कही गई। नगर परिषद क्षेत्र में ट्रैफिक समस्या से निजात के लिए पूर्व की बैठक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पार्किंग स्थल चिन्हित करने व सड़क की मापी करने का निर्देश दिया था। जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दिया कि प्रगति प्रतिवेदन अप्राप्त है। इसपर एसी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण पृच्छा के माध्यम से जवाब मांगने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी बाजार क्षेत्र में सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले लापरवाह वाहन चालक एवं मालिक के ऊपर कार्रवाई करें। जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने जानकारी दिया कि वैसे व्यक्ति जो सड़क दुर्घटना स्थल से घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाते है। उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। इसे लेकर अपर समाहर्त्ता ने सभी थाना प्रभारी सभी अंचल अधिकारी एवं सिविल सर्जन चतरा को चिन्हित कर योग्य लाभुकों को नियमानुसार लाभान्वित करने का निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं कोविड-19 से संबंधित लंबित प्रस्ताव कि विवरणी की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। भूमि अधिग्रहण के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से जुड़े मामले, एनओसी, एफआरए, रैयती मान्यता, अवार्ड, जीएम लैंड आदि मामलों की समीक्षा कर जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीओ चतरा सुरेंद्र उरांव, एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, संबंधित अंचल अधिकारी, संबंधित परियोजनाओं के प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

गागर में सागर

चना वितरण में मनमाना रवैया अपनाने के विरोध में किसानों ने किया हंगामा

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय में कृषि विभाग की ओर से शत प्रतिशत अनुदान में किसानों के बीच चना वितरण करने को लेकर किसानों से जमीन की नयी रसीद और ओटीपी की मांग करने पर चना के लाभ से वंचित किसानों ने बुधवार को राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष किसान अली हसन अंसारी के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया। अंसारी ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के समक्ष विरोध दर्ज कराते हुए जमकर नारेबाजी की। हसन ने बताया की नयी रसीद के नहीं होने के साथ-साथ कई किसानों के पास मोबाइल फोन न होने के कारण काफी संख्या में किसानों को सरकारी लाभ से वंचित रखा जा रहा है। साथ ही पात्र किसानों को सरकार से मिलने वाली अन्य योजनाओं के लाभ से भी विभाग द्वारा वंचित रखने का काम किया जा रहा है। उधर, बीडीओ राकेश सहाय ने पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए किसानों के प्रदर्शन को शांत कराया और मौके से ही जिला कृषि पदाधिकारी से बात करते हुए किसानों की समस्या से अवगत कराया। वहीं बीडीओ के निर्देश पर लाभ से वंचित किसानों को वैकल्पिक मोबाइल नंबर की व्यवस्था कर कृषि विभाग के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। मौके पर पूरे प्रखंड के काफी संख्या में महिला पुरुष किसान मौजूद थे।

अपनी जमीन पर गिरी मिट्टी में से कोयला चुनने पर पीटने का आरोप

लातेहार। तुबेद स्थित डीवीसी द्वारा संचालित कोल माइंस में बुधवार सुबह नेवाड़ी के कुछ ग्रामीण जलावन के लिए कोयला लेने गए थे। इसी क्रम में प्रशासन द्वारा उन लोगों के साथ मारपीट की घटना हुई। घटना की सूचना पाकर आजसू जिलाध्यक्ष अमित पांडेय पीड़ित ग्रामीणों से मिले। मारपीट में घायल विकास ठाकुर ने बताया कि उसकी जमीन पर जबरन मिट्टी गिरा दी गई थी, जिसको हटाने के लिए तीन दिन से कर्मियों को कह रहे थे। वही अपनी जमीन में गिरी मिट्टी से कोयले को जलावन के लिए चुन रहे थे। इसी क्रम में प्रशासन के लोग आकर उसके साथ डंडे से मारपीट करने लगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह घटना निंदनीय है। डीवीसी और प्रशासन द्वारा जलावन के लिए कोयला ले जाने से रोकना एवं मारपीट करना किसी प्रकार से सही नहीं है। कल लातेहार एसपी से मिलकर मामले में संज्ञान लेने को लेकर आवेदन दिया जाएगा और जो मारपीट की घटना में शामिल हैं उन पर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। मौके पर जिला प्रवक्ता नितेश पांडेय, राकेश सिंह, विकास ठाकुर, ललन सिंह, निकेश सिंह, अंकित कुमार, मो सागर, अनुज अर्णव, प्रवीण दुबे आदि उपस्थित थे।

घर से भागे दो बच्चे किए गए बरामद

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना क्षेत्र अंर्तगत बलबल से बुधवार को पुलिस द्वारा दो नाबालिग बच्चे को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार नाबालिक बच्चे जोरी थाना क्षेत्र के मुंगवाड़ा गांव निवासी स्वर्गीय बिठल भुइयां का पुत्र कमलेश भुइयां व जोरी गांव निवासी स्वर्गीय विशेश्वर गंझू का पुत्र सुरेंद्र है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि बीते 21 नवम्बर को घर से बिना बताए दोनों बच्चे साइकिल से निकल गए थे। काफी खोजबीन करने के बाद भी नही मिले। करेलिबार पंचायत के मुखिया डोमन भुइयां दूरभाष से बताया कि गिद्धौर थाना क्षेत्र के बलबल में साइकिल से दो बच्चे घूम रहे है। थाना प्रभारी ने सुचाना के तुरंत बाद दोनों बच्चे को बलबल से बरामद कर थाना लाये और दोनों बच्चे को मुखिया डोमन भुइयां व उनके परिजनों को सौंप दिया।

8 बकायेदारों का कटा विद्युत कनेक्शन

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बांय व गांगपुर गांव में बिजली विभाग ने बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया। विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान दोनों गांव के 8 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। साथ ही बगैर बकाया बिजली बिल जमा किये बिजली नहीं जलाने की चेतावनी दी गई। छापेमारी में संतोष कुमार, महावीर दांगी, पंकज दांगी, विकास कुमार, रमेश तिर्की आदि शामिल थे।

घायल पुलिस जवान को लेकर मेदिनीनगर जा रही बोलेरो के अनियंत्रित होने के कारण हुआ हादसा

पुलिस वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत, तीन लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्ठी मुहल्ला में बुधवार को असामाजिक तत्वों की मार से घायल छिपादोहर थाना पुलिस के जवान को मेदिनीनगर इलाज के लिए ले जाने के क्रम में पुलिस की बोलेरो के छिपादोहर केड मार्ग पर शिव बेल के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि सड़क दुर्घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गए।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह छिपादोहर पेट्रोल पंप भट्टी मोहल्ला के समीप तीन चार अज्ञात आसामाजिक तत्व शराब पी रहे थे। इसी बीच इस मार्ग से गुजर रहे छिपादोहर थाना पुलिस के जवान काशीनाथ कुमार ने उन लोगों को सार्वजनिक जगह में शराब पीने से रोकने का प्रयास किया, जिससे शराब पी रहे अज्ञात असामाजिक लोग पुलिस के जवान पर हमला कर जवान को घायल कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर छिपादोहर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर पुलिस जवान को घायल करने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए उनकी तलाश शुरू की। इस बीच घायल जवान काशीनाथ को छिपादोहर में प्राथमिक उपचार के

बाद गंभीर स्थिति में मेदिनीनगर प्रमंडलीय अस्पताल में पुलिस वाहन से भेजा जा रहा था। इसी बीच छिपादोहर से डाल्टनगंज ले जाने क्रम में संतुलन बिगड़ जाने के कारण पुलिस वाहन ने केड मार्ग में शिवबेल के पास एक मोटरसाइकिल एवं एक टेंपो में टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार अवध कुमार सिंह (18), पिता लाल बिहारी सिंह ग्राम केड़ निवासी की मौत हो गई, जबकि अखलेश सिंह, पिता दसा सिंह केड निवासी गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं टेंपो में सवार शीला देवी, पति उमेश उरांव ग्राम लंका, कमलेश उरांव लंका निवाड़ी घायल हो गए। बोलेरो में सवार सब इंस्पेक्टर काशी महली, चालक विजय राम, अन्य दो जवान को हल्की चोट आई है। बाइक पर सवार दूसरे युवक को गंभीर स्थिति में मेदिनीनगर रेफर किया गया है, जबकि बाकी लोगों का प्राथमिक उपचार बरवाडीह में किया गया है।

आदिवासी किशोरी हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी व सजा की मांग को लेकर निकाला गया कैंडल मार्च

'चंदवा की बिटिया को न्याय दो'

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
छठ पूजा मनाने घर से निकली डेमटोली निवासी एक आदिवासी किशोरी की संदिग्ध परिस्थिति में शव बरामद किए जाने के बाद से पूरे प्रखंड में रोष देखा जा रहा है। बुधवार देर शाम चंदवा की बेटी को न्याय दिलाने और दोषियों को फांसी की सजा की मांग को लेकर इंदिरा गांधी चौक से सुभाष चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च पुनः इंदिरा गांधी चौक पहुंची, जहां दिवंगत किशोरी को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं पत्रकारों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि घटना की जितनी निंदा की जाये कम है। दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से फांसी की सजा दी जाये। चंदवा में आये दिन अपराध की घटनाएं घटित हो रही हैं। इससे प्रतीत होता है कि यहां पुलिसिया तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है। वक्ताओं ने कहा कि अगर आठ दिनों के अंदर घटना का उद्भेदन नहीं किया गया, तो हमें बाध्य होकर उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। कैंडल मार्च में शामिल ग्रामीणों के हाथों में चंदवा की बेटी को न्याय दो, हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करो, बिटिया हम शर्मिंदा है, तेरे कातिल जिंदा है... आदि लिखे हुए तख्ती लिये हुए थे। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे। कैंडल मार्च का नेतृत्व विमल उंराव, चंद्रदेव उंराव, जितेंद्र सिंह, सुरेश उरांव संयुक्त रूप से कर रहे थे। मार्च में कामता पंसस अयुब खान, भीम आर्मी के बीरेंद्र कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष बाबर खान, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष रिकी वर्मा, भाजपा मंडल शोशल मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य दीपु सिंहा, हुटाप पंचायत के पूर्व मुखिया सकेन्द्र मुंडा, राजद नेता संजय यादव, अनिता देवी, बिनेश्वर उरांव, मंजय उंराव समेत सभी समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल थे। मार्च में महिलाओं और किशोरियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया था।

सांसद प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक मदद

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
चंदवा की आदिवासी बिटिया हत्या के तीसरे दिन सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर उनके प्रतिनिधियों ने बुधवार को पीड़ित परिवार के घर पंहुचे और उन्हें आर्थिक मदद की। सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, राजेंद्र यादव और महेंद्र साहू ने कहा कि सांसद ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए जांच में तेजी लाने और

हत्याकांड की जांच में तेजी लाने व आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन

आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने हेतु वरीय अधिकारियों से बात की है। सांसद ने मृतका के पिता से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि आपकी बेटी को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी मेरी है। दोषी जो भी है कि उसे किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

वहीं सांसद प्रतिनिधियों ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी से लेकर उसे सजा दिलाने तक भाजपा परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, राजकुमार पाठक, संजीव आजाद, कुलमान साव, दीपक निषाद, छोटू कुमार, रवि पांडुरंगा मौजूद थे।

पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व सासंद नागमणी

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
थाना क्षेत्र में बीते दिनों घटित दो जघन्य घटना पर बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सह चतरा लोकसभा के पूर्व सासंद नागमणी आदिवासी किशोरी और चंदवा थाना के चौकीदार रहे सदीक अंसारी के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने चौकीदार सदीक अंसारी हत्याकांड व

घटना को बताया निंदनीय, किशोरी व सदीक हत्याकांड का खुलासा करने की मांग

नाबालिग छात्रा हत्याकांड पर गहरी संवेदना व्यक्त की। पीड़ित परिजनों से मिल घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि घटना काफी निंदनीय है। पुलिस प्रशासन दोनों मामलो का जल्द उद्भेदन करे। उन्होंने दूरभाष पर दोनों मामलों पर थाना प्रभारी से बात भी की। कहा कि जल्द ही दोनों मामलों को लेकर लातेहार एसपी से मुलाकात करेंगे। मौके पर बालूमाथ के वरिष्ठ कॉग्रेसी जुबेर आलम, समाजसेवी जावेद अख्तर, मो मोजम्मिल, अक्षय कुमार, मो सालिम, मंसूर अंसारी आदि मौजूद थे।

जिला स्तरीय खेल समिति ने कई प्रस्ताव किए पारित

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खेल संचालन समिति की समीक्षा बुधवार को हुई, जिसमें सर्वसम्मति से सिमरिया प्रखंड स्थित सिमरिया स्टेडियम में फुटबॉल (बालक-बालिका) खेल हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने, चतरा सदर में स्थित इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन (बालक-बालिका) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने, चतरा सदर स्थित राज्य सम्पोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय में वॉलीबॉल (बालक) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने, सिमरिया प्रखंड स्थित उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय लेपो में हॉकी (बालक-बालिका) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र खोलने, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में फुटबॉल (बालिका) खेल हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलने, गिद्धौर प्रखंड स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में एथलेटिक्स एवं हॉकी (बालक-बालिका) खेल हेतु डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का सर्वसम्मति से पारित किया गया।

उपायुक्त ने जिला क्रीड़ा पदाधिकारी को निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय रांची को भेजने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी विजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ चन्द्रेश शर्मा, सचिव जिला ओलंपिक संघ राकेश सिंह समेत अध्यक्ष एवं सचिव फुटबॉल संघ उपस्थित थे।

उत्कृष्ट विधायक सम्मान पर रामचंद्र सिंह को मिली बधाई

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड के मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह को रांची विधानसभा में बुधवार को 23वीं वर्षगांठ पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने उत्कृष्ट विधायक सम्मान से नवाजा। राजपाल ने झारखंड का मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, नकद राशि एवं शाल ओढ़ाकर रामचंद्र सिंह को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में हेमंत सरकार के सभी मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक समेत अधिकारी, बरवाडीह समेत पूरे मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक समर्थक, कांग्रेस कार्यकर्ता आदि लोग शामिल हुए। प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने रामचंद्र सिंह को बधाई दी है। इनमें प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति सदस्य रविंद्र राम, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, हेसमुल अंसारी, दिलावर अंसारी, यूथ कांग्रेस कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अली हसन अंसारी, पूर्व अध्यक्ष रंजीत कुमार राजू, प्रेम कुमार सिंह पिंटू,अवधेश मेहरा, रविंद्र पासवान, संवेदक शिवानंद तिवारी दीपू, अजय कुमार सिंह बिट्टू, संजय चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, 20सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, सनी चंद्रवंशी, राकेश कुमार ठाकुर, मो.सईद अंसारी, सलीम अंसारी, उमेश प्रसाद, प्रकाश कुमार गुप्ता, रंजीत गुप्ता, राजदीप रिकी, हिमांशु गुप्ता, राहुल गुप्ता, दुखन सिंह, कुलेश्वर सिंह, कमलेश प्रजापति, निजाम अंसारी, समशुल अंसारी, संजय यादव, लक्ष्मण सिंह, जिबोध सिंह, कुलदीप सिंह, हुलास कुमार सिंह, शिव पूजन कुमार, मनोज सिंह, पारस यादव, बबलू राम, पंकज यादव, अरुण सिंह शामिल हैं।

नवनियुक्त बीडीओ मनोज तिवारी ने संभाला पदभार

पदाधिकारी ने बिचौलियों को दी चेतावनी, प्रखंड कार्यालय से रहें दूर

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव के तबादले के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद पिछले दो महीनों से रिक्त था। अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो बीडीओ का चार्ज संभाले हुए थे। वर्कलोड अधिक होने के कारण प्रखंड में विकास कार्य प्रभावित हो रहा था। बुधवार को नये प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने पदभार ग्रहण कर लिया। इससे ग्रामीणों में आस जगी है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य सुचारु रूप से जारी होगा।

इस दौरान नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करूंगा और मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि प्रखंड में हो रहे भ्रष्टाचार और बिचौलियों को दूर करते हुए विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ताकि किसी ग्रामीण को परेशानियों का सामना ना करना पड़े और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आम ग्रामीणों को भी मिल सके।

समीक्षा सीसीएल व एनटीपीसी के प्रतिनिधि रहे अनुपस्थित, नियोजन नीति के अनुपालन पर नहीं हुई चर्चा

20सूत्री की बैठक में छाया रहा अनियमितताओं का मुद्दा

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा
प्रखंड सभागार में बुधवार को बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई, जिसमें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान नदियों से बालू उत्खनन तथा वन क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर बालू परिवहन व रेलवे साइडिंग में मिट्टी भराई हेतु जंगलों से मिट्टी कटाई होने की जानकारी मोहन राणा ने दी। इसपर वन विभाग से उपस्थित रौशन नायक ने कहा कि विभाग समुचित कार्रवाई कर रही है।

सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने जाति व आवासीय प्रमाण-पत्रों के लंबित आवेदनों का त्वरित

निष्पादन करने के निर्देश दिए। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव ने पिछले छरू वर्षों से टंडवा में जमे पंचायती राज विभाग के कोआर्डिनेटर नेहाल वारसी व शिक्षा विभाग के बीपीओ महाबीर पासवान का मामला उठाते हुए जिला प्रशासन से अविलंब ट्रांसफर करने की अनुसंशा की। दूसरी ओर दर्जनों प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को मजदूरी के तौर पर मिलने वाले 18430 रुपये भुगतान में हेराफेरी की चर्चा हुई। इसपर बीपीओ ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है जिसका समाधान किया जा रहा है। जिप सदस्य नेहा उरांव के बेंती पंचायत में बगैर कुंआ निर्माण राशि भुगतान की शिकायत पर बीपीओ ने राशि रिकवरी करने का आश्वासन दिया। सीडीपीओ ने बताया कि प्रखंड में कन्यादान योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य 42 में से 12 आवेदनों की स्वीकृति दी गई है, जबकि सावित्रीबाई फुले योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य पांच हजार में से 45 सौ पूर्ण कर लिये गये हैं। मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, सुबेश राम, प्रधान लिपिक सीताराम दास, जेई कौशल किशोर समेत संबंधित विभाग के कर्मी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक से सीसीएल व एनटीपीसी प्रबंधन के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे, जिसके कारण सरकार द्वारा स्थानीय लोगों के 75 प्रतिशत नियोजन नीति के अनुपालन पर चर्चा नहीं हो पाई। पंसस जिलाध्यक्ष विकास पांडेय ने कहा कि कंपनियों द्वारा सरकार की उक्त नीति की अवहेलना पर सत्ताधारी दलों समेत प्रशासन को आत्मचिंतन करना चाहिए।

गागर में सागर

भंडरा में बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान, चार पर प्राथमिकी दर्ज

भंडरा। बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विद्युत सहायक अभियंता मोहम्मद जीशान ने भंडरा थाना के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिजली विभाग की टीम ने थाना क्षेत्र के कचमची एव झारो चट्टी गांव में छापेमारी अभियान चलाया। बिजली विभाग की टीम ने झारो चट्टी गांव के अमर ठाकुर,राम बालक साहू एव बबलू प्रसाद के अलावे कचमची गांव मे शोभा साहू के घरों में संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सभी लोग एल टी लाइन मे टोका लगाकर अवैध रूप व्यवसायिक कार्य करते पाया गया। विद्युत सहायक अभियंता मोहम्मद जीशान ने चार लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया है। मामले को लेकर भंडरा पुलिस ने विद्युत सहायक अभियंता के बयान पर भंडरा थाना में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जबकि सभी पर अलग से जुर्माना भी लगाया है। छापेमारी दल में बीपीओ अभिषेक किशोर, कुशल किंडो, प्रकाश कुमार, सुनील आदि उपस्थित थे।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवंबर से

लोहरदगा। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम लोहरदगा जिला के नगर परिषद क्षेत्र में 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। 24 नवंबर को नगर भवन, लोहरदगा में, वार्ड 3, 4, 5 एवं 6 के लिए, 30 नवंबर को मैना बगीचा में वार्ड 7 एवं 8 के लिए, 4 दिसंबर को मैरेज हॉल खादगढ़ा में वार्ड 9, 14 एवं 15 के लिए, 9 दिसंबर को वार्ड विकास केंद्र इमली चौक में वार्ड 1, 2, 10 एवं 11 के लिए, 14 दिसंबर को उर्स मैदान स्थित स्कूल में वार्ड 12 एवं 17 के लिए, 18 दिसंबर को नगर परिषद कार्यालय, सभागार में वार्ड 13 एवं 16 के लिए, 22 दिसंबर को वार्ड विकास केंद्र, नवाड़ीपाड़ा में वार्ड 18, 19 एवं 20 के लिए, 26 दिसंबर को वार्ड विकास केंद्र मधुबन में वार्ड 21, 22 एवं 23 के लिए आयोजित किया गया है। उक्त स्थानों पर शिविर का आयोजन 11 बजे पूर्वाहन से किया गया है।

आज से राजभवन के समक्ष बेमियादी धरना प्रदर्शन करेंगे दफादार चौकीदार

लोहरदगा। झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत प्रदेश कमेटी के द्वारा अपनी मांगों को लेकर राजभवन रांची जाकिर हुसैन पार्क के सामने 23 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है, जिसमें पूरे झारखंड प्रदेश के चौकीदार दफादार घटवार दिग्वार सरदार भाग लेंगे। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह करेंगे। उक्त जानकारी प्रदेश संयुक्त सचिव सह जिलाध्यक्ष शमशुल अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी कई बार राजभवन मोराबादी मैदान विधानसभा के नजदीक बिरसा चौक रांची में धरना प्रदर्शन किया जा चुका है, लेकिन सरकार चौकीदारों की मांग की अनदेखी कर रही है। इस बार आरपार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया है।

जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

गुमला। जिले के भरनो प्रखंड अंतर्गत डोम्बा गांव स्थित श्रीहरि बनवासी विकास समिति रांची व वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर डोंबा में बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव,विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष किरणमाला बड़ा, प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे, प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, वनवासी कल्याण केंद्र के प्रदेश मंत्री पुनीत लाल,जिला संगठन मंत्री खेदु नायक,मुखिया पूजा कुमारी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और स्वतंत्रता सेनानियों के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया,तथा वहीं अतिथियों का स्वागत और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव,जीप अध्यक्ष किरण माला बड़ा और प्रान्त शिक्षा प्रमुख सुभाषचंद्र दुबे ने संबोधन किया। वहीं विद्यालय के भैया बहनों ने भी कार्यक्रम में गीत संगीत, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया।

वनाधिकार समिति ने एक्सप्रेसवे को एनओसी निर्गत करने का लिया निर्णय

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक बुधवार को हुई। जिसमें सर्वप्रथम कल्याण विभाग अंतर्गत जुड़े वनपट्टा से संबंधित अनुमंडल स्तरीय वन अधिकारी समिति द्वारा प्राप्त कुल तीन प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए तीनों प्रस्तावों के त्रुटि निराकरण करने का निर्णय सर्वसम्मती से लिया गया। वहीं राजस्व शाखा चतरा में टंडवा अंचल अंतर्गत ग्राम फुलवरिया, टेक्ठा, कबरा एवं नावाडीह में प्रस्तवित पीएफटी कोल वासरी निर्माण तथा भारत माला परियोजना अंतर्गत वाराणसी-कोलकत्ता एक्सप्रेसवे निर्माण हेतु हंटरगंज अंचल एवं सिमरिया अंचल अंतर्गत शेष अपयोजित गैर मजरूआ जंगल/जंगल झाड़ी भूमि का एफआरए/एनओसी निर्गत करने का निर्णय सर्वसम्मती से लिया गया ताकि भारत माला परियोजना व पीएफटी कोल वासरी निर्माण कार्य ससमय पूर्ण हो सके। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी विजय कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

आत्मा कार्यालय में भी पूर्व में चोरी की घटना हुई थी, सुरक्षा व्यवस्था नदारद

भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित जोहार एग्री मार्ट में ताला तोड़ सामान चुराया

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा
प्रखंड मुख्यालय स्थित जोहार एग्री मार्ट का चोरों ने ताला तोड़ दिया। घटना बुधवार की रात की है। चोर ताला तोड़कर सामान उड़ा ले गए। सूचना मिलते ही इंजार्च जोहार परियोजना के बीपीएम अखिलेश कुमार अपने कर्मी के साथ जोहार एग्री मार्ट का निरीक्षण किया। बीपीएम ने बताया की जोहार एग्री मार्ट प्रखंड मुख्यालय के पुराने भवन मे संचालित हो रहा है। जोहार एग्री मार्ट का संचालन दक्षिणी कोयल पोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इसके द्वारा किसानों को खेती मछली पालन आदि योजनाओं के लिए सहायक उपकरण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि चोरों द्वारा मार्ट के पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर चोर 25 पीस कुदाल, गइता 25 पीस, तिरपाल 5 पीस, बेलचा, बाल्टी, मछली किट सहित कई महत्वपूर्ण सामान चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर द्वारा करीब एक लाख का

सामान चोरी किया गया। बताया कि इस मामले को लेकर विभाग को सूचना दी गई है। जल्द ही थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी। बताते चलें कि प्रखंड कार्यालय छुट्टी के बाद एकांत रहता है। यहां सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है। गौरतलब हो कि इसी जगह स्थित प्रखंड कार्यालय के आत्मा कार्यालय में भी पूर्व में चोरी की घटना हुई थी। बावजूद सुरक्षा व्यवस्था नदारद है।

पीएलएफआई ने मसमानो में चिपकाया पोस्टर, काम रोकने का आदेश, दहशत

भंडरा। थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में बीती रात पीएलएफआई नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की। नक्सलियों द्वारा पोस्टर चिपकाए जाने से क्षेत्र में दहशत है। पुलिस ने पोस्टर को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार मसमानो गांव में जिला परिषद द्वारा करीब बीस लाख की लागत से पक्की नाली निर्माण का कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य गांव के ही संवेदक मनोज लाल द्वारा कराया जा रहा है। बीती रात पीएलएफआई नक्सली संगठन द्वारा पोस्टर चिपका कर कार्य रोकने का निर्देश दिया गया है। पोस्टर में नक्सलियों द्वारा नाली निर्माण कार्य घटिया कर पैसा की बबार्दी की बात कही गई है। कार्य में सरकार एवं सरकार के लोगों के शामिल होने की बात कही गई है। नक्सलियों ने पीएलएफआई संगठन से इजाजत लेने के बाद काम शुरू करने का निर्देश दिया है। इधर भंडरा पुलिस के थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पोस्टरबाजी में पीएलएफआई के नाम से पोस्टर चिपकाया गया है। प्रथम दृष्टि से यह लगता है कि पीएलएफआई के नाम से कोई असामाजिक तत्व द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। पड़ताल की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

सेन्हा प्रखंड के विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

सेन्हा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वितीय चरण का चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान, रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षक अशोक भगत, अवधेश यादव, सूर्यकांत भगत के द्वारा प्रशिक्षण में मूल रूप से गणित में टीएम का उपयोग, संख्याज्ञान सीखने का प्रतिफल, गणित सीखने में बच्चों का आकलन, हमारी कक्षा कैसी हो तथा लिखित समृद्ध माहौल के माध्यम से बच्चों की शिक्षण गतिविधियां किस प्रकार की जा सकती हैं। इस बारे में समझ बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं से भी छात्र-छात्राओं के पठन पाठन के बारे में जानकारी साझा की गई। वहीं प्रशिक्षण कार्य में सिनी टाटा ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। मौके पर प्रशिक्षण के दौरान गणेश लाल, बालकृष्णा सिंह, शमशाद आलम, मोहन राम, रूबी खातुन, बिशुन उरांव, कुरेशा खातुन, प्रतिमा कुमारी, अनवर अन्सारी, परमेश्वर कुमार महतो, सुमिता टोप्पो, जगदेव उरांव, अंजू लकड़ा, दुर्गा भगत आदि उपस्थित थे।

'अबुआ आवास को लेकर जागरुकता अभियान चलाएं वार्ड सदस्य'

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सेन्हा पंचायत भवन के सभा कक्ष में मुखिया धनवाज उरांव की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत कार्यकारणी सदस्य की बैठक कार्यकारणी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद थे।

बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने सभी वार्ड सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र के कच्चा मकान वाले अबुआ आवास के लिए आवेदन दें तथा सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं के लिये ग्रामीण जनता के बीच जागरुकता अभियान चलायें ताकि सभी जरूरतमंद व्यक्तियों को सरकारी लाभ मिल सके। साथ ही कहा कि अबुवा आवास योजना के लिये आवेदन में आधार, बैंक खाता, फोटो, जॉब कार्ड संख्या के साथ पूर्ण विवरण और आवश्यक कागजात के साथ आवेदन करने के लिये लाभुकों को जागरूक करें। वार्ड सदस्य अपने-अपने क्षेत्र के आवेदकों का आवेदन प्रपत्र भर कर आवेदन को आप की योजना, आप की सरकार, आप के द्वार कार्यक्रम में देंगे। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया धनबाज उरांव, सत्यकाम श्रीवास्तव, पंचायत सचिव अजय कुमार वर्मा के अलावे अनिल राम, सत्यवती देवी, बिरसा उरांव, ममता देवी, संजय उरांव, शीला उरांव सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

3 वर्ष में हुआ पीवीटीजी ग्राम तुसरूकोना का विकास, ग्रामीणों ने बताई विकास की कहानी

नवीन मेल संवाददाता। गुमला
राम सेवक शर्मा, पूर्व चेयरमैन, एवं पूर्व मुख्य सचिव, झारखण्ड एवं सीईओ जेएसएलपीएस संदीप कुमार एवं नज संस्था के कार्यकर्ताओं का जिले में आगमन हुआ। उन्होंने बिशुनपुर प्रखंड के नरमा पंचायत के ग्राम तुसरूकोना में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों में विकास चुनौतियों तथा आजीविका के मुद्दों एवं विकासात्मक कार्यों से संबंधित स्थल यात्रा की। इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, बीडीओ / सीओ विशुनपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

40 परिवारों वाले नरमा पंचायत के ग्राम तुसरूकोना (पीवीटीजी) में पिछले 3 वर्षों से अति गरीब तबके के 21 परिवारों को चिन्हित कर उनके विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा नज एवं जेएसएलपीएस संस्था के सहयोग से उनके आर्थिक विकास के लिए कार्य किया गया। इसी संबंध में उनके जीवन विकास के धरातलीय स्थिति से अवगत होने के उद्देश्य से सभी अधिकारियों ने उक्त ग्राम का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने तुसरूकोना ग्राम एवं नरमा पंचायत के अन्य पीवीटीजी टोलों के ग्रामीणों के साथ जन संवाद का भी आयोजन किया। इस दौरान पिछले 3 वर्षों में उनके जीवन यापन में आए परिवर्तन के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। चयनित 21 परिवार की मौजूद महिलाओं ने बताया कि पहले वे जंगल में फलने वाले जंगली फलों एवं सब्जियों का सेवन करते हुए अपना जीवन यापन करते थे।

जिला प्रशासन एवं संस्था के सहयोग से पिछले 3 वर्षों में उन्होंने खेती की नई पद्यति के बारे में सीखा। विभिन्न प्रकार के पशुओं के पालन आदि से संबंधित प्रशिक्षण लिया एवं इसके लिए उन्हें संस्था के द्वारा सहयोग राशि एवं पशु भी प्रदान किया गया था, वहीं खेती के लिए भी बीज प्राप्त हुए। इन सब के बाद अब वे सालाना 30 हजार से ज्यादा की कमाई कर लेती है साथ ही अन्य माध्यमों से भी अपने आय श्रोतों को विकसित कर अब अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रहीं है। साथ ही अपने बच्चों को वे अब अच्छे विद्यालयों में भी पढ़ने के लिए भेजने के साथ साथ बचत भी कर रहीं है। साथ ही वे स्वयं को एवं अपने परिवारों को स्वास्थ्य रखने के लिए वे पौष्टिक आहार का सेवन करने हुए स्वास्थ्य जीवन जी रहीं है। इन सभी के लिए वे ग्रामीण महिलाओं ने गुमला प्रशासन,नज संस्था एवं जेएसएलपीएस संस्था को सहृदय धन्यवाद दिया। सभी के संयुक्त पहल ने उक्त ग्राम का विकास किया। इसके अलावा ग्रामीणों ने गांव में पानी एवं सड़क के मार्ग को दुरुस्त करने हेतु सभी अधिकारियों से आग्रह किया। वहीं ग्रामीणों ने जाती प्रमाण पत्र निर्गत कराने की भी मांग रखी। इन सभी आवश्यकताओं को सुनते हुए उपायुक्त ने जल्द से जल्द सभी समस्याओं के निवारण करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी विशुनपुर को निर्देशित करते हुए उक्त ग्राम के शत प्रतिशत लोगों को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने का निर्देश दिया।

इस दौरान राम सेवक शर्मा सहित सभी अधिकारियों ने उक्त ग्राम के अति गरीब परिवारों के विकास की वर्तमान स्थिति को देखने हेतु उनके घरों का भी भ्रमण किया। एवं उनके घरों के विकाशील स्थिति को देखते हुए सभी ने हर्ष प्रकट किया एवं कहा कि आगे भी इसी प्रकार के ग्रामीणों के समुचित विकास को लेकर कार्य योजनाएं बनाकर कार्य किया जाएगा।

किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सेन्हा पंचायत ग्राम में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया। प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम की मौजूदगी में जिला कृषि कार्यालय आत्मा द्वारा सफीक अंसारी, नरेन्द्र महतो, मोबिन अंसारी, चमरू उरांव, दामोदर महतो, मकबूल अंसारी, ललेश्वर महतो सहित अन्य किसानों के बीच रवि फसल के माध्यम से कम बारिश में तेलहन खेती कल बढ़ावा देने के लिये बिरसा फसल विस्तार योजना के माध्यम से बीज वितरण किया गया। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम ने कहा कि

राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के लिये विभिन्न तरह की योजनाएं चला रही है। उसी क्रम में सरसों बीज वितरण किया जा रहा है। इससे किसान तेलहन खेती कर अच्छी पैदावार कर सकते हैं। अपनी आय में वृद्धि कर समृद्ध हो सकते हैं। मौके पर बीस सूत्री सदस्य देवकी उरांव, जेएमएम जिला युवा उपाध्यक्ष सफीउल्लाह अन्सारी सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

डीसी से सड़क किनारे नाली निर्माण की मांग, लोगों ने सौंपा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
एनएच-143 लोहरदगा-बेड़ो-रांची मुख्य पथ में स्थित सेरेंगहातु तोड़ार ग्राम के बस्तियों में नाली निर्माण करने के संबंध में सेरेंगहातु तोड़ार के ग्रामीणों ने उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा है। इसमें ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम सेरेंगहातु तोड़ार में नाली नहीं होने के कारण पानी रोड में आ जाता है और बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते हैं। इसके कारण दूर्घटना की संभावना बनी रहती है। साथ ही रोड का लाइफ भी नहीं रह पाता है। घर का पानी नाली नहीं होने के कारण रोड पर आ जाता है। इसकी वजह से बहुत जल्द रोड खराब हो जाता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि ग्राम सेरेंगहातु तोड़ार के बीच बस्ती से गुजरे एनएच-143 लोहरदगा-बेड़ो-रांची मुख्य पथ के किनारे नाली निर्माण कराया जाए, ताकि स्वच्छता भी बनी रहे और रोड का लाइफ भी। हस्ताक्षर करने वालों में मो. इम्तियाज अंसारी, इमरान आजाद अंसारी, नागेंद्र प्रजापति, अतुल कुजूर, बबलू उरांव, सहिना खातून, नौसाद अहमद, तौफीक अंसारी, रानी प्रवीण, अनिल उरांव, करमा उरांव, संजय उरांव, नन्दलाल खेरवार, दिलेश्वर उरांव, मेराजुल अंसारी, बसन्त साहू, मनसुर अंसारी, संजय साहू, आरिफ अंसारी, जितेंद्र कुमार साहू, मनिष कुमार साहू, विनोद साहू, सुनिता देवी, काली लोहरा, बोदो उरांव, फरहान अंसारी इमरान अंसारी, राहुल महली, जितेंद्र महली, गीता देवी, हसीब अंसारी आदि सहित बड़ी संख्या महिला-पुरुष ग्रामीण शामिल हैं।

बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर झामुमो ने बनाई रणनीति

सीएम के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुट जाएं कार्यकर्ता

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसे लेकर सभी कार्यकर्ता अभी से ही तैयारी में जुट जाएं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू

प्रखंड के चिरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में आगमन होने वाला है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयारियों में लग जाएं और सीएम के कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता की उपस्थिति बेहतर हो इसके लिए रणनीति बनाकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार में दिलचस्पी दिखाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को सरकार के चार साल कार्यकाल पूरा होने पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने को लेकर रणनीति तैयार की है।

जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बेहतर सोच को लोहरदगा की हर जनता तक पहुंचाने और विकास योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने को लेकर प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मंशा है कि लोहरदगा जिला के अलावा पूरे राज्य की जनता को विकास योजनाओं का बढ़ चढ़कर लाभ मिले इसे लेकर कृतसंकल्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के लोहरदगा कार्यक्रम सफल और वृहद हो इसे लेकर पूरे लोहरदगा जिला के सभी क्षेत्रों में जनता के बीच पहुंच स्थापित कर अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम स्थल पर आने एवं राज्य सरकार की ओर से जनहित में दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के लोहरदगा आगमन पार्टी की उपलब्धियों में शुमार हो इसे लेकर सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी का निर्वहन करें। मौके पर पार्टी के सभी विभागों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एएनएम दीदियों को अब दी जाएगी 3000 रुपये प्रति माह प्रोत्साहन राशि

नवीन मेल संवाददाता। गुमला
विशुनपुर प्रखंड के दूर दराज के इलाकों में कार्य करने वाली एएनएम दीदियों के मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से प्रखंड विशुनपुर में एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत प्रत्येक माह वैसी एएनएम दीदी जो सुदूरवर्ती क्षेत्र में कार्य कर रहीं है या जिन क्षेत्रों में पहुंच पाना बेहद ही कठिन है को सीएसआर मद से प्रत्येक माह उनके वेतन के अतिरिक्त 3000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विशुनपुर अंचल अधिकारी धनंजय पाठक ने बताया कि बिशुनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र डुमरपाट, चौरापाठ, सखुआपनी,

विशुनपुर प्रखंड के दूर दराज के इलाकों में कार्य करने वाली दीदियों का मनोबल बढ़ाने की पहल

हारूप, जोभीपाठ एवं चंपाटोली स्वास्थ्य उपकेंद्र में कार्यरत एएनएम दीदियों को सीएसआर के तहत ज्ञानचंद्र अग्रवाल एवं महेन्द्रू बॉक्साइट माइंस के द्वारा प्रत्येक महीने 3000 रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की सहमति दी गयी है। उसी सहमति की पहली राशि राज्य सभा सांसद समीर उरांव, अपर समाहर्ता गुमला सुधीर गुप्ता एवं अंचल अधिकारी धनंजय पाठक के द्वारा संबंधित एएनएम दीदियों को दिया गया।

गागर में सागर

सोने-चांदी के दाम में मामूली गिरावट

नई दिल्ली। आज से भारत में शादियों के सीजन का आगाज होने वाला है। 23 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच चलने वाले वेडिंग सीजन में देशभर में करीब 38 लाख से ज्यादा शादियां होने वाली हैं। इस दौरान लोग जमकर सोने और चांदी के गहने खरीदते हैं। अगर आप भी ज्वेलरी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो जान लें कि आज गोल्ड और सिल्वर दोनों ही वायदा बाजार में मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोना मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 61,156 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला था। फिलहाल यह कल के मुकाबले 70 रुपये यानी 0.11 फीसदी कमी के साथ 61,155 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर बना हुआ है। मंगलवार को सोना 61,155 रुपये प्रति 10 ग्राम पर देखा गया था। वहीं चांदी भी वायदा बाजार में गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। शुरूआती दौर में चांदी 73,149 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर खुली। फिलहाल चांदी 92 रुपये यानी 0।13 फीसदी फिसलकर 73,212 रुपये प्रति किलोग्राम पर बनी हुई है। कल यह वायदा बाजार में 73,304 रुपये पर बंद हुई थी।

गौतम सिंघानिया और नवाज मोदी का तलाक रेमंड पर पड़ा भारी

नई दिल्ली। सूट फैब्रिक के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक, रेमंड लि. की शेयर बाजार में सातवें दिन गिरावट देखने को मिली। अरबपति उद्योगपति और कंपनी के चेयरमैन गौतम सिंघानिया और उनकी पत्नी नवाज मोदी के बीच तलाक की खबर ने निवेशकों के बीच अनिश्चितता पैदा कर दी। बता दें कि दिवाली के एक दिन बाद यानी 13 नवंबर से ही सिंघानिया दंपति के अलग होने की खबर आ गई थी। 32 साल के रिश्ते को खत्म होने की जानकारी खुद गौतम सिंघानिया ने सोशल मीडिया पर दी थी। जिसके कुछ ही दिनों बाद खबर आई थी कि नवाज मोदी ने फैमिली सेटलमेंट के तहत गौतम सिंघानिया से 75 फीसदी संपत्ति यानी 8745 करोड़ रुपए की डिमांड उनकी बेटी निहारिका और निशा के साथ-साथ खुद के लिए किया था। गौतम सिंघानिया की कुल नेटवर्थ 11,600 करोड़ रुपए की है। 13 नवंबर को जब सिंघानिया ने अपनी पत्नी और रेमंड बोर्ड के सदस्य नवाज सिंघानिया से अलग होने की खबर दी, तब से स्टॉक में 12 फीसदी की गिरावट आई है। इसकी वजह से मार्केट वैल्यू में 180 मिलियन डॉलर से ज्यादा की गिरावट आई है। बुधवार को शेयरों में 4.4 फीसदी की गिरावट आई, जो 25 अक्टूबर के बाद सबसे बड़ी गिरावट है।

सोशल मीडिया पर सामान बेचने वालों पर आईटी की पैनी नजर

नई दिल्ली। सोशल मीडिया जैसे फेसबुक या इंस्टाग्राम पर सामान बेचने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ये ब्रांड और लोग काफी मुनाफा भी कमा रहे हैं। अगर बात टैक्स की करें तो इनमें से कई लोग टैक्स नहीं दे रहे हैं। अगर दे भी रहे हैं तो वह काफी कम है। इनकम टैक्स ने ऐसे लोगों की पहचान की है। डिपार्टमेंट ने 10,000 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का नोटिस भी जारी कर दिया है। अभी आई। टी। डिपार्टमेंट की ओर से 45 नोटिस पैन इंडिया ब्रांड्स को भेज दिए गए हैं। कई नोटिस भेजे जाने बाकी हैं। आई। टी। डिपार्टमेंट और सरकार ने साफ संकेत दे दिए हैं कि टैक्स चोरी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीते कुछ समय से टैक्स चोरी के मामलों को पकड़ा गया है और सख्ती की गई है, जिसकी वजह से सरकार को टैक्स कलेक्शन में भी इजाफा हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में चल कर रहीं ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ आई। टी। डिपार्टमेंट सोशल मीडिया पर सामान बेचने वालों पर पैनी नजर रखे हुए हैं। डिपार्टमैंट की ओर से करीब 10,000 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का भंडाफोड़ किया गया है। ये टैक्स चोरी करीब 3 साल से की जा रही थी। इन नोटिस को अक्तूबर के लास्ट वीक से लेकर 15 नवम्बर के बीच भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों को नोटिस भेजे जाने बाकी हैं।

घुसपैठ मामले में पुलिस ने 4 पाकिस्तानी नागरिक को किया गिरफ्तार

हांगकांग। पुलिस ने शहर में अवैध रूप से प्रवेश करने के संदेह में चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि चार अन्य संदिग्ध अवैध अप्रवासी जो पाकिस्तानी पासपोर्ट धारकों के साथ डबल डेकर बस में शाऊ केई वान जा रहे थे, उनकी तलाश की जा रही है। सुबह 8.30 बजे से कुछ समय पहले, पुलिस को राहगीरों से कई कॉल मिलीं, जिन्होंने शेक ओ में केप डी'एगुइलर रोड पर आठ गैर-चीनी पुरुषों के एक समूह को देखा, जिनके बारे में शक था कि वे अवैध रूप से शहर में प्रवेश कर चुके हैं। पुलिस के पहुंचने से पहले ही समूह भाग निकला था। इसके बाद अधिकारियों ने तलाशी ली और इलाके में नाकाबंदी कर दी। लगभग आधे घंटे बाद, एक बस चालक ने शेक ओ में केप डी' एगुइलर रोड पर आठ संदिग्ध अवैध अप्रवासियों के वाहन में कूदने की रिपोर्ट पुलिस को दी। वे एल्ड्रिच स्ट्रीट पर शाऊ केई वान बस टर्मिनल पर उतरे। मामले से परिचित एक सूत्र ने कहा, समूह ने बस किराए के लिए 100 बैंकनोट से भुगतान किया।

टाटा के टाइटन मल्टीबैगर शेयर ने पकड़ी टीसीएस की राह

भाव में आई तेजी से मार्केट कैप 3 लाख करोड़ के पार

एजेंसी। नई दिल्ली

शेयर बाजार में इन दिनों टाटा समूह का जलवा चल रहा है। एक तरफ नए आईपीओ ने बाजार में धूम मचाई हुई है, तो दूसरी तरफ पुराने मल्टीबैगर शेयर भी नए-नए रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं। टाटा समूह का एक फेमस मल्टीबैगर शेयर तो अब बाजार की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी टीसीएस की राह चल पड़ा है। हम बात कर रहे हैं समूह के सबसे शानदार शेयरों में एक टाइटन की। टाइटन वही शेयर है, जिसने दिवंगत दिग्गज इन्वेस्टर राकेश झुनझुनवाला को पहचान दिलाई और उन्हें भारतीय बाजार के बिग बुल के रूप में स्थापित किया। टाटा के इस शेयर ने स्टॉक मार्केट के कइयों निवेशकों को मालामाल किया है। हाल-फिलहाल में टाइटन के शेयर फिर से रैली की राह पर चल रहे हैं। बुधवार के कारोबार में

टाइटन का शेयर 0.77 फीसदी की तेजी के साथ 3,420.30 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले विगत मंगलवार को स्टॉक में 2 फीसदी की तेजी देखी गई थी और भाव 3,400 रुपये के पार निकल गया था। इसके साथ ही कंपनी का बाजार पूंजीकरण भी बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया था। अभी मार्केट कैप 3.04 लाख करोड़ रुपये है। इसके साथ ही टाइटन टाटा समूह का दूसरा ऐसा शेयर बन गया है, जिसका मार्केट कैप 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। टाटा समूह की आईटी कंपनी टीसीएस ने सबसे पहले यह कीर्तिमान हासिल किया था, जो अभी भारतीय शेयर बाजार की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी भी है। टीसीएस का मौजूदा बाजार पूंजीकरण करीब 13 लाख करोड़ रुपये है। टीसीएस से आगे सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज है। 3 लाख करोड़ रुपये के एमकैप के स्तर को हासिल करने के साथ ही टाइटन शेयर बाजार की 16वीं सबसे बड़ी कंपनी भी बन गई है। मंगलवार की शानदार तेजी के बाद टाइटन ने एमकैप के मामले में एशियन पेंट्स को पीछे छोड़ा है। एशियन पेंट्स की मौजूदा मार्केट वैल्यू 3.01 लाख करोड़ रुपये है। टाइटन के शेयरों में पिछले 6 महीने के दौरान 26 फीसदी से ज्यादा की और इस साल अब तक 33 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है।

कनाडा के नागरिकों के लिए भारत ने शुरू की वीजा सर्विस



एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और कनाडा के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलती हुई नजर आ रही है। भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सर्विस की फिर से शुरूआत कर दी है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। पिछले दो महीने से कनाडाई नागरिकों के लिए भारत ने इलेक्ट्रॉनिक वीजा सर्विस पर रोक लगाई हुई थी। ऐसे में एक बार फिर से वीजा सर्विस बहाल होने के बाद कनाडाई नागरिक भारत की यात्रा कर पाएंगे। दरअसल, कनाडा ने सितंबर में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारतीय एजेंट्स पर लगाया था। इस वजह से दोनों देशों के संबंध काफी खराब हो गए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने संसद में कहा था कि कनाडाई नागरिक निज्जर की जून में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में गुरुद्वारे के बाहर हुई हत्या को भारतीय एजेंट्स ने अंजाम दिया था। इसके बाद 21 सितंबर को भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सर्विस पर रोक लगा दी। भारत सरकार ने ट्रूडो के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। भारत ने कनाडाई प्रधानमंत्री के आरोपों को बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताया था। नई दिल्ली ने कहा था कि अगर कनाडा को सच में लगता है कि निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है, तो उसे अपने इस दावे को साबित करने के लिए सबूत पेश करने चाहिए। इस घटना के बाद से ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ गए। भारत-कनाडा दोनों ने ही अपने-अपने देश से कई सारे राजनयिकों को जाने को भी कह दिया।

स्विगी-जोमैटो को मिला 500 करोड़ का जीएसटी नोटिस

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो और स्विगी को डिलीवरी शुल्क पर 500 करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस मिला है। बुधवार को मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। दोनों ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ग्राहकों से डिलीवरी फीस के नाम पर कुछ पैसे वसूलते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक टैक्स अधिकारियों और फूड डिलीवरी ऐप्स के बीच डिलीवरी फीस को लेकर अक्सर विवाद होता रहता है। इस डिलीवरी फीस के मामले में करीब 1000 करोड़ रुपये दांव पर हैं। इस नोटिस के लिए जब जोमैटो और स्विगी से संपर्क किया गया तो दोनों कंपनियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। जोमैटो और स्विगी के अनुसार, 'डिलीवरी चार्ज' कुछ और नहीं बल्कि डिलीवरी पार्टनर्स द्वारा वहन की जाने वाली लागत है जो घर-घर खाना डिलीवरी

करने के लिए जाते हैं। कंपनियां बस ग्राहकों से वह लागत वसूलती हैं और इसे डिलीवरी पार्टनर्स को दे देती हैं। लेकिन, रिपोर्ट के मुताबिक टैक्स अधिकारी इससे सहमत नहीं हैं। पिछले महीने, स्विगी ने खाने के ऑर्डर के लिए प्लेटफॉर्म शुल्क 2 रुपये से बढ़ाकर 3 रुपये कर दिया था। स्विगी के एक प्रवक्ता ने आईएएनएस को बताया, प्लेटफॉर्म शुल्क पर कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है, जो कि अधिकांश सर्विस प्लेयर द्वारा लागू किया जाता है और बिजनेस में एक आम बात है।" अप्रैल में, कंपनी ने कार्ट प्राइज की परवाह किए बिना, प्रति ऑर्डर 2 रुपये का प्लेटफॉर्म शुल्क पेश किया। अगस्त में, जोमैटो ने अपना प्लेटफॉर्म शुल्क भी शुरूआती 2 रुपये से बढ़ाकर 3 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया।

विदेश

यूएन में भारत ने चीन पर साधा निशाना, कहा

अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के प्रति सतर्क रहना जरूरी

एजेंसी

भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पारदर्शी और न्यायसंगत वित्तपोषण पर काम करना चाहिए तथा अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के प्रति सतर्क रहना चाहिए जो ऋण जाल के दुष्चक्र की ओर ले जाता है। सामान्य विकास के माध्यम से स्थायी शांति को बढ़ावा देना नामक विषय पर आयोजित एक खुली बहस में कहा, यदि संसाधनों की कमी बनी रही तो विकास एक दूर का सपना है। इसलिए, भारत ने जी20 की अपनी मौजूदा अध्यक्षता सहित विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के सुधार की दिशा में काम किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 15 सदस्यीय समिति की यह बैठक चीन की इस महीने की अध्यक्षता में हुई। मधुसूदन ने कहा कि जैसा कि बैठक के अवधारणा पत्र से पता चलता है, हमें

पारदर्शी और न्यायसंगत वित्तपोषण पर काम करना चाहिए और अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के संबंध में सतर्क रहना चाहिए जो ऋण जाल के दुष्चक्र की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक दृष्टिकोण में संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के तीन स्तंभों- शांति एवं सुरक्षा, विकास और मानवाधिकारों की परस्पर निर्भरता को शामिल किया जाना चाहिए। मधुसूदन ने कहा, सुरक्षा वास्तव में बहुआयामी है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के अन्य निकायों के लिए अनिवार्य पहलुओं सहित हर पहलू में सुरक्षा परिषद की भागीदारी उचित नहीं हो सकती।

यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को बैलिस्टिक मिसाइल दे सकता है ईरान

यूक्रेन के लोगों के लिए खतरनाक हो सकता

एजेंसी। तेहरान

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को इस बात को लेकर चिंता जताई कि ईरान यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद के लिए उसे बैलिस्टिक मिसाइल दे सकता है, जो यूक्रेन के लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। अमेरिका के एक राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि ईरान पहले से रूस को ड्रोन, लक्षित हवाई बम और गोला बारूद मुहैया करा रहा है और संभवतः वह रूस का समर्थन करने की दिशा में आगे बढ़ने का विचार कर रहा है। किर्बी ने सितंबर में हुई बैठक का जिक्र किया जिसमें ईरान ने रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु की मेजबानी की थी और कई बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली का प्रदर्शन किया था। अमेरिका ने इस पर चिंता जताई थी। किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, इसलिए हम बात को लेकर चिंतित हैं कि ईरान संभवतः रूस को बैलिस्टिक मिसाइल उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ कर सकता है। उन्होंने कहा, इस समर्थन के बदले रूस ईरान को मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और हवाई रक्षा समेत अभूतपूर्व रक्षा सहयोग की पेशकश कर सकता है।" किर्बी की यह चेतावनी ऐसे वक्त आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन की रक्षा जरूरतों के मद में आपात अमेरिकी कोष से 61 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि देने का अनुरोध किया था, कांग्रेस ने इसे अभी इसे मंजूरी नहीं दी है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 24/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 07.12.2023के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 08.12.2023के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08.12.2023के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

क्र. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि रु0	अग्रधन राशि रु0	परिमाण विपत्र का मूल्य रु0	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1	Renovation of 12 Court Building at Latehar	23,17,325 /-	46,500/-	5000/-	02 (Two) Months
2	Construction of Disable Toilet in Civil Court in the District of Latehar	6,59,900/ -	13,500/ -	1250/ -	02 (Two) Months

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR 311747 Building(23-24)D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा

E-Mail ID – chatrasco@gmail.com

आम सूचना।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची राज्यादेश सं0 56 दिनांक 06.11.2023 के आलोक में चतरा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य के लिए अनुदानित दर पर पम्पसेट, मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्र वितरण की योजना।

पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य श्रोत से लाभान्वित कृषको को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5–3.0 H.P तथा 3.5–5.0 H.P) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm) तथा 1.0 H.P सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

क0 सं0	पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना	भौतिक लक्ष्य (संख्या में)	विभाग द्वारा देय अनुदान
1	पम्पसेट 1.5–3.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm)	OSP- 140 SCSP-120	90 प्रतिशत या अधिकतम 20000.00 रूपया
2	पम्पसेट 3.5–5.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63–75mm)	OSP- 15 SCSP- 10	90 प्रतिशत या अधिकतम 30000.00 रूपया
3	1.0 H.P सोलर पम्पसेट (Troly Mounted movable Type)	OSP- 07 SCSP- 04	90 प्रतिशत या अधिकतम 90000.00 रूपया

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग/भूमि संरक्षण उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्योलय में अपना नाम सूचीबद्व करायेंगे।

मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर एवं अन्य कृषि यंत्र

1	मिनी ट्रैक्टर /रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र	OSP-05 SCSP-05	80 प्रतिशत या अधिकतम 500000.00 रूपया
2	पावर टीलर/रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र	OSP-05 SCSP-02	80 प्रतिशत या अधिकतम 160000.00 रूपया

नोटः–

1. झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वंय सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
2. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह के गठन में 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
3. मिनी ट्रैक्टर, वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/ कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके पास सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ भूमि होगी।
5. माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों के पास कृषि यंत्र हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह के बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे।
7. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्या योजना) के द्वारा कृषि यंत्रो/पम्पसेट एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि यंत्र में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।
8. इस योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों द्वारा मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर उसके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रो के कय स्वयं के व्यय पर कय करने पर अनुदान की राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरण किया जायेगा।
9. आवेदन विहित प्रपत्र में झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) चतरा के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा।
10. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित दिनांक **02.12.2023** तक जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, चतरा के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा,/जिला सयुक्तं कृषि भवन तपेज, पोस्ट–तपेज, जिला–चतरा।

निवेदक
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
चतरा।

PR **311781** (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 23-24 (D)

इंसान व हाथी टकराव रुके

हाथियों के महत्व के स्वीकार करने के उदेश्य से प्रत्येक वर्ष विश्व हाथी दिवस मनाया जाता है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि प्रारंभ से हाथी मनुष्य के सहचर रहे हैं। लेकिन हाल के दिनों में मनुष्य और हाथी के संघर्ष बढ़े हैं। इस कारण हाथी और मनुष्य दोनों को इसका खामियाजा उठाना पड़ा है। लापरवाही के कारण कई हाथी मौत का शिकार हुए हैं। मंगलवार को पश्चिम सिंहभूम में करंट की चपेट में आने से दो बच्चे समेत पांच हाथियों की मौत हो गई। यह सीधे लापरवाही को दर्शाता है। बिजली की आपूर्ति के लिए वन विभाग ने ट्रेंच खोदकर उंचा टीला बनाकर छोड़ दिया। हाथी टीले पर चढ़ जैसे ही पार करने लगे बिजली करंट की चपेट में आ गये। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिजल विभाग और वन विभाग की लापरवाही और अदूरदर्शिता के कारण इन बेजुबान हाथियों की मौत हो गई। वैसे देखा जाये तो झारखंड वनों का प्रदेश है। यहां हाथी झुंड बनाकर इधर-उधर विचरते रहते हैं। इंसान जब उनके रास्तों में आता है तो टकराव होता है। पिछले दिनों एक सप्ताह के अंदर धनबाद और गिरिडीह में चार लोगों की जान हाथियों ने ले ली। बहरहाल देखा जाये तो विकास के नाम पर जंगल काटे जा रहे हैं। वहां खेती हो रही है। मकान बन रहे हैं। इस कारण हाथियों को भोजन और पानी की किल्लत हो गयी है। वे भोजन की तलाश में बस्तियों में आ रहे हैं। वहां इंसान के साथ इनका सामना हो रहा है। दूसरी तरफ हाथी दांत के कारण इनकी हत्या भी हो रही है। कुछ घुमंतू हाथी हैं। वे जहां रहते हैं, वह जगह तेजी से काटा जा रहा है। ऐसी स्थिति में उन्हें बाहर आना पड़ रहा है। यही कारण है कि मनुष्य और हाथी के टकराव होते हैं। ऐसे वक्त में यह जरूरी है कि नीति निर्धारकों को इस संघर्ष को रोकना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले जंगलों की कटाई को रोकना होगा। साथ ही हाथी तस्करों पर लगाम लगानी होगी। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह कि बिजली विभाग जंगलों से ले जा रहे बिजली के तारों को संभाल कर ले जायें। इन तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए अविलंब इस संघर्ष को रोकना चाहिए। कारण हाथी हमारे साथी हैं। यह देखा गया है कि जब आवागमन के साधन हमारे यहां नहीं थे,वैसी स्थिति में इनका उपयोग हर समय किया जाता रहा है। चाहे वह युद्ध का मैदान हो या निर्माण कार्य। वैसे देखा जाये तो हाथी काफी संवेदनशील प्राणी होते हैं। होता यह है कि कई साल पहले जिस रास्ते से यह गुजरते थे वह सब इन्हें याद रहता है। गुजरते वक्त में वहां भोजन का नहीं मिलना इनके गुस्से को बढ़ा देता है। कारण उस जगह पर जहां कभी यह भोजन किये थे,वहां मकान बन गये हैं। ऐसे में उनके वन क्षेत्र में अनाधिकृत इंसान का अतिक्रमण इन्हें आक्रामक बना देता है। ऐसी स्थिति में वन विभाग सरकार से परामर्श लेकर कारिडोर बना दे। ऐसी स्थिति बन जाने पर हाथी एक जगह पर रहेगें। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी हो गया है कि हाथी और इंसान के टकराव की वजह से काफी नुकसान होता है। पिछले साल लातेहार में एक आदिवासी के घर से हजारो रूपये हाथी डकार गये थे। कोठी में रखे महुआ की गंध ने इन्हें आक्रामक बना दिया था। जिस कारण जान और माल दोनों की क्षति हुई थी।

मंगलवार को पश्चिम सिंहभूम में करंट की चपेट में आने से दो बच्चे समेत पांच हाथियों की मौत हो गई। यह सीधे लापरवाही को दर्शाता है। बिजली की आपूर्ति के लिए वन विभाग ने ट्रेंच खोदकर उंचा टीला बनाकर छोड़ दिया। हाथी टीले पर चढ़ जैसे ही पार करने लगे बिजली करंट की चपेट में आ गये।

युद्ध-विराम के लिए समझौते टेबल पर बैठने की पहल हो

ललित गर्ग

इजरायल-हमास के बीच जारी युद्ध किस करवट बैठेगा, इसकी कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता। डेढ़ माह से चल रहे इस युद्ध को विराम देने की कामना पूरी दुनिया कर रही है। सब शांति चाहते हैं, अयुद्ध चाहते हैं, अमन-चैन की भावना सभी के दिलों में है। लेकिन शांति एवं अयुद्ध की कामना के साथ कहीं-न-कहीं सोच में भयंकर भूल है। प्रतीत ऐसा हो रहा है बात युद्ध-विराम की हो और कार्य हों युद्ध के तो युद्ध-विराम कैसे होगा? इतने लम्बे युद्ध की विडम्बना यही है कि इजरायल पूरी ताकत लगाने के बावजूद अपने मिशन में कामयाब नहीं हो पाया है। न तो वह हमास को खत्म कर पाया है और न ही बंधक बनाये गये अपने लोगों को छुड़ा पाया है। छियालीस दिन से चल रहे इस युद्ध का एक और सार तत्व जो सामने आ रहा है वह यह कि करीब चौदह हजार लोगों की मौत हो चुकी है और इससे दोगुने घायल हुए हैं। इस युद्ध की एक और बड़ी विसंगति यही है कि मरने वालों में अधिकतर आमजन, महिलाएं और बच्चे हैं। युद्ध अनिवार्य हो सकता है, फिर भी युद्ध के बारे में उसका अंतिम सुझाव या निर्णय यही है कि युद्ध में किसी भी पक्ष की जीत निश्चित हो। लेकिन इस युद्ध में तो कोई भी जीतता हुआ प्रतीत ही नहीं हो रहा है। हिंसा एवं जनसंहार तो निश्चित है पर यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। युद्ध आज के विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। युद्ध करने वाले और युद्ध को प्रोत्साहन देने वाले किसी भी पक्ष को आज तक ऐसा कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन नहीं मिला, जो उसे गौरवान्वित कर सके। निश्चित ही युद्ध तो बर्बादी है, अशांति है, विकास का अवरोध है, अस्थिरता है और जानमाल की भारी तबाही है। ऐसे युद्ध का अन्तिम निर्णय जब समझौते की टेबल पर ही होना है तो क्यों नहीं पहले ही टेबल पर बैठा जाये? युद्ध तो एक आग है, जो सब कुछ भस्म कर देती है। हम इजरायल-हमास एवं रूस-यूक्रेन के युद्ध में ऐसी ही भारी तबाही, जनसंहार एवं विभीषिका देख रहे हैं। इन दोनों युद्ध से जुड़े अनेक सवाल अहम हैं, लेकिन इनका जवाब देने वाला कोई नहीं है। दो देशों के बीच युद्ध में निर्णायक अथवा मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला संयुक्त राष्ट्र भी युद्ध समाप्त करने की अपील से अधिक कुछ नहीं कर पा रहा। भारत ने भी ऐसे अनूठे प्रयास किये, लेकिन उनकी निर्णायक भूमिका नहीं बन पायी। भले ही भारत के प्रयास सफल न हो रहे हो, लेकिन ऐसे ही प्रयासों की आज प्रासंगिकता है। इन्हीं में युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला है, जो विश्व मानवता के हित में हैं। भारत ने युद्ध विराम की कोशिशों के साथ मानवीय दृष्टिकोण भी दर्शाया है। भारत ने लगातार पीड़ित लोगों की सहायता के लिये राहत सामग्री एवं दवाइयां भिजवाई है। भारत की पहल की संयुक्त राष्ट्र महासभा में रुचिरा कंबोज ने प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय नेतृत्व का संदेश स्पष्ट और सुसंगत रहा है। हम आतंकवाद के सभी स्वरूपों का दृढ़ता से विरोध करते हैं। इस्राइल और हमास के बीच पिछले कई दिनों से युद्ध जारी है, कम्बोज ने भारत के मानवीय आधार पर युद्ध विराम के प्रयासों को सराहा। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उन प्रयासों की भी सराहना की है जिनका उद्देश्य तनाव कम करना और फिलीस्तीन के लोगों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करना है। कंबोज ने 70 टन आपदा राहत सामग्री पहुंचाने सहित फिलीस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इनमें दो किस्तों में 17 टन दवाएं और चिकित्सा आपूर्ति शामिल हैं। युद्ध की स्थितियां लगातार विकराल होती जा रही है, इस संघर्ष में एक तरफ है इजरायल की सेना और दूसरी तरफ है आतंकी संगठन हमास, जो फिलीस्तीन को फिर से जिंदा करने के पक्ष में हैं। इजरायल ने हमास को नेस्तनाबूत करने की घोषणा की है, जबकि हमास ने दशकों पहले दुनिया के नक्शे से इजरायल का नामों-निशान मिटा देने की कसम खा रखी है। इस संघर्ष को लेकर दुनिया के देश भी अलग-अलग गुटों में बंट गये हैं, विरोधाभासी सोच सामने आ रही है। सब इस बात को भलीभांति जानते हैं कि ऐसे युद्ध के विनाश से उपजे हालात सदियों तक मानवता को भोगने पड़ते हैं। युद्ध भौतिक हानि एवं विनाश के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने में भी बहुत बड़ा कारण है। इससे पर्यावरण इतना प्रदूषित हो जाता है कि सालों तक इंसानों को शुद्ध सांस और भोजन मिलना मुश्किल हो जाता है। वैज्ञानिक इस बात की घोषणा कई बार कर चुके हैं कि युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेने कम और दुष्परिणामों का शिकार बनने वाले संसार के सभी प्राणी होते हैं। युद्ध कितना भी लम्बा चले, उसका अंत समझौते से ही संभव है, यह अन्तिम शरण प्रारंभिक शरण बननी चाहिए। इसके लिये दुनिया की महाशक्तियों को सच्चे एवं शुद्ध मन से प्रयास करने चाहिए। गाजा पट्टी में मानवीय सहायता की अपील करने वाला अमरीका, इजरायल को हथियार और गोला-बारूद मुहैया करवा रहा है। वही गोला-बारूद गाजा पट्टी के निहत्थे लोगों पर दागा जा रहा है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इजरायल पर अचानक हुए हमले में ईरान का हाथ हो सकता है। ईरान के नेताओं ने हमले पर प्रोत्साहन और समर्थन के साथ युद्ध को आक्रामक बनाये रखने और इजरायल को ध्वस्त करने पर बल दे रहे हैं। हालातों को देखते हुए यही प्रतीत होता है कि हालिया जंग के पीछे ईरान है और वो अपने मंसूबे में कामयाब होता दिख रहा है। निश्चित ही दोनों पक्षों के हजारों लोग पीड़ित होंगे, लेकिन जब धुआं शांत हो जायेगा, तो केवल एक ही देश के हित पूरे होंगे और वो देश है ईरान। इन हालातों में युद्ध को समाप्त करने की कोई भी पहल सार्थक साबित हो तो कैसे? इजरायल-हमास की ही तरह रूस और यूक्रेन युद्ध भी 600 से अधिक दिन से चल रहा है। इस युद्ध में दस हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। इस युद्ध में एक तरफ रूस है तो दूसरी तरफ यूक्रेन है, जिसके पीछे अमरीका खड़ा है। निःसंदेह हमास ने इजरायल पर जिस तरह की बर्बरता, क्रूरता एवं अमानवीयता की, उसकी जितनी निंदा की जाय उतनी ही कम है। सवाल यह है कि गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में निर्दोष लोग जिस तरह से मारे जा रहे हैं, क्या बदले की कार्रवाई की आड़ में वह भी हमास जैसी बर्बरता एवं अमानवीयता नहीं है? शरणार्थी शिविरों, स्कूलों और अस्पतालों पर बमबारी को तो किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। यह भी बर्बरता ही है, जिसका समर्थन नहीं किया जा सकता। इजरायल पर हमले के लिए हमास दोषी है, तो उसे सबक सिखाया जा सकता है। लेकिन, जवाबी कार्रवाई के नाम पर निहत्थे लोगों को निशाना बनाने का तो कोई समर्थन कैसे कर सकता है? ऐसी स्थितियां तो युद्ध नीति के भी विरुद्ध है।

हम आतंकवाद के सभी स्वरूपों का दृढ़ता से हमेशा विरोध करते आ रहे हैं। इस्राइल और हमास के बीच पिछले कई दिनों से महायुद्ध जारी है, कम्बोज ने भारत के मानवीय आधार पर युद्ध विराम के प्रयासों की सराहना की है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने ऋषि भारद्वाज की कहानी

भारद्वाज ऋषि का विवाह
भारद्वाज ऋषि का विवाह सुशीला से हुआ था और उनका एक पुत्र था गर्ग और एक पुत्री देववर्षिनी थी

विमान शास्त्र की रचना
ऋषि भारद्वाज ने विमान शास्त्र की रचना की थी इसका अर्थ होता है- पक्षियों के समान वेग होने के कारण इसे विमान कहते है। इस ग्रंथ में विमान चालक के लिए कई रहस्यों की जानकारी बताई गई है। इन राशियों को जान लेने के बाद ही पायलट विमान चलाने का अधिकारी हो सकता है।

श्री राम से मिलन : भारद्वाज ऋषि का श्री राम के साथ अनन्य अनुराग था वनवास के समय श्री राम इनके आश्रम में गये थे। भारद्वाज ने श्री राम का बड़े प्रेम से सत्कार किया था। श्रीराम ने इनसे रहने के लिए स्थान भी मांगा था तब इन्होंने अपना आश्रम ही लेने का अनुरोध किया था। श्रीराम ने इनका आश्रम लेने के लिए मना कर दिया था श्रीराम द्वारा इस प्रस्ताव को नहीं मानने पर चित्रकूट में उनके लिए व्यवस्था की थी। रावण का वध करने के बाद भी श्रीराम इनके पास आये थे। श्रीराम ने प्रसन्न होकर इन को वरदान दिया था कि जिस मार्ग से गुजरोगे उस मार्ग से वृक्षों के फल फूल बसंत के मौसम की तरह खिल उठेंगे। ऐसा कहते हैं जो द्वापरयुग में श्रीकृष्ण से भी इन की भेंट हुई थी।

(समाप्त)

आइये सुने ऋषि अत्रि की कथा
मुनि अत्रि ब्रह्मा के मानस पुत्र थे जो ब्रह्मा जी के नेत्रों से उत्पन्न हुए थे। यह सोम के पिता थे जो इनके नेत्र से आविर्भूत हुए। इन्होंने कर्दम की पुत्री अनुसूया से विवाह किया था जो एक महान पतिव्रता के रूप में विख्यात हुईं हैं।

(क्रमशः)

भारत की तरह इजरायल भी करने जा रहा है गलती

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

आतंकवादी अंत तक आतंकी ही रहता है, बहुत कम देखा गया है कि सुधार कैंपों में रहने के बाद उसकी सोच में परिवर्तन आता है, अक्सर दिखाई यही दिया है, खासतौर पर इस्लामी आतंकवाद और नक्सलवादी विचारधारा में कि वर्षों तक सुधार गृह में रहने के बाद भी इनका मानस नहीं बदलता। बाहर आते ही ये फिर से हिंसा के अपने पुराने रास्ते पर चल पड़ते हैं। वर्षों से भारत जो गलतियां कर रहा है, वही अब इजरायल करने जा रहा है, ऐसा लग रहा है। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं गुजरे हैं, भारत के मोस्ट वॉन्टेड अपराधी शाहिद लतीफ को पाकिस्तान के पंजाब में मार दिया गया। जब यह हुआ, तब भारत के संदर्भ में इसके आतंकी इतिहास की चर्चा भी होने लगी। तारीख 24 दिसंबर 1999, दिन शुक्रवार, काठमांडू से दिल्ली के लिए उड़े आईसी 814 विमान को हथियारबंद आतंकवादियों ने हाइजैक कर लिया था। इंडियन एयरलाइंस के इस विमान में 176 यात्री और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे। इस प्लेन हाईजैक के बदले यात्रियों की जान बचाने के लिए भारत सरकार ने तीन आतंकियों मसूद अजहर, उमर शेख और अहमद जरगर को छोड़ा था। इन आतंकियों ने छूटने के बाद किया क्या? वस्तुतः यह जानना और इससे जुड़ी जो आतंकवादियों की सूची भारत सरकार को छोड़ने के लिए दी गई थी, उसके बारे में हम सभी को जरूर जानना चाहिए। शाहिद लतीफ ने 1993 में पाक अधिकृत कश्मीर के रास्ते जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की थी, जिसे 1994 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया और आतंकी मसूद अजहर के साथ उसे 16 साल तक जम्मू की जेल में बंद रखा गया था। साल 2010 में 24 आतंकवादियों के साथ भारत सरकार ने उसे भी रिहा कर दिया। लेकिन क्या उसकी सोच बदली? इस्लामिक जिहाद खासकर हिन्दुओं और भारतीय सेना को अपना निशाना बनाने से वह आगे चूका? यदि इसका उत्तर खोजेंगे तो वह है नहीं। इस आतंकी से जुड़ा एक तथ्य यह भी है कि आतंकियों ने हाइजैक किये गये जिस विमान को कंधार एयरपोर्ट पर उतारा था, उसमें उन्होंने अपने 26 आतंकी साथियों की रिहाई और 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौती की मांग तत्कालीन भारत सरकार से की थी। शाहिद लतीफ भी उन 25 पाकिस्तानी आतंकियों की सूची में शामिल था। आगे जब शाहिद को 2010 में मनमोहन-सोनिया-राहुल गांधी की कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान के प्रति सद्भावना प्रेम के तहत रिहा किया, तब भी उसकी मूल इस्लामिक मजहबी कट्टरवादी आतंकी सोच में कोई परिवर्तन नहीं आया और उसने रिहा होने के छह साल बाद पठानकोट हमले को अंजाम दिया। पठानकोट में दो जनवरी 2016 को एयरफोर्स एयरबेस पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। लगभग चार दिनों तक चली गोलीबारी में सात सुरक्षाकर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई थी। यहां थोड़ा रुकिये। गंभीरता से सोचिए, एक आतंकवादी को छोड़ने का कितना बड़ा नुकसान भारत को उठाना पड़ गया, कूटनीति के नाम पर पहले अटल सरकार, फिर मनमोहन-सोनिया की कांग्रेस सरकार के निर्णय ने भारत को कितना कष्ट में डाला है ! यह सिर्फ इस एक आतंकी के खौफनाक मंसूबों की यहां बात नहीं है। ज्यादातर हर आतंकी का इतिहास ही इसी प्रकार का है। कंधार प्लेन हाईजैक के बदले यात्रियों की जान बचाने के लिए भारत सरकार ने तीन आतंकियों मसूद अजहर, उमर शेख और अहमद जरगर को छोड़ा था। इन्होंने आगे क्या किया, वह भी हम सभी के सामने आज मौजूद है। भारत के कब्जे से छूटने के बाद मसूद अजहर ने पाकिस्तान में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का गठन किया। मसूद अजहर ने उसके बाद भारत पर सबसे ज्यादा आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिसमें भारतीय संसद पर हमला, मुंबई हमला, पठानकोट एयरबेस हमला और पुलवामा हमला मुख्यतः शामिल है।

24 दिसंबर 1999 शुक्रवार, काठमांडू से दिल्ली के लिए उड़े आईसी 814 विमान को हथियारबंद आतंकवादियों ने हाइजैक कर लिया था। इंडियन एयरलाइंस के इस विमान में 176 यात्री और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे।

देश-विदेश

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



बांग्लादेश में शेख हसीना की वापसी भारत क्यों चाहता है?

आर.के.सिन्हा

पड़ोसी देश बांग्लादेश में 12वां संसदीय चुनाव 7 जनवरी, 2024 को होगा। जाहिर तौर पर भारत की इन चुनावों पर करीबी नजर रहने वाली है। बांग्लादेश में चुनाव की घोषणा के साथ स्वाभाविक रूप से राजनीतिक तनाव और उपद्रव शुरू हो गये हैं। प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी ने मांग की है कि चुनाव एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार की निगरानी में हों। इसके नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आये हैं। शेख हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव शेख हसीना के नेतृत्व में ही होंगे। इस बीच, भारत की चाहत होगी कि अगले चुनाव में भी अवामी पार्टी को सफलता मिले। इसमें कोई शक नहीं है कि शेख हसीना भारत के प्रति कृतज्ञता का भाव रखती हैं और भारत भी उन्हें हरसंभव सहयोग देता रहता है। शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंध मजबूत हो रहे हैं, जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों और आपसी विश्वास और समझ पर आधारित हैं। भारत ने शेख हसीना को विगत सितंबर के महीने में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी-20 का सदस्य देश नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी-20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हमेशा इस तथ्य को माना है कि भारत ने बांग्लादेश की आजादी में महत्वपूर्ण रोल निभाया। शेख हसीना के लिए भारत की राजधानी नई दिल्ली तो दूसरे घर की तरह की है। उन्होंने यहां सन 1975 से 1981 के दौरान निर्वासित जीवन गुजारा था। तब उनके साथ उनके पति डॉ.एम.ए.वाजेद मियां और उनके दोनों बच्चे भी थे। दरअसल शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंग बंधु शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त, 1975 को कत्ल कर दिया गया था ढाका में। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति और बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई। शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झकझोर दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत ने उन्हें राजनीतिक शरण दी थी। बेशक, शेख हसीना के जीवन में दिल्ली का बहुत महत्व रहा है। यहां उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क भी है। शेख मुजीब उर रहमान बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में केंद्रीय शख्सियत रहे थे। वे 10 जनवरी 1972 को दिल्ली आए थे। तब उनका पालम हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ था। उस दिन राजधानी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। उन्होंने बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में भारत के सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया था। हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनकी सारी कैबिनेट ने उनका स्वागत किया था। हवाई अड्डे पर दोनों देशों के राष्ट्रगान हुए। पालम हवाई अड्डे से लेकर राष्ट्रपति भवन तक के मार्ग पर हजारों दिल्ली वाले उनका हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। उन्होंने कोलकाता के मौलाना आजाद कॉलेज से कानून की पढ़ाई की थी और वहीं छात्र राजनीति में शामिल हुए थे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत-बांग्लादेश संबंध वर्तमान समय में ठीक दिशा में बढ़ रहे हैं। सन 1947 में धर्म के नाम पर पाकिस्तान बना और 1972 में पाकिस्तान टूटा। उस टूट से निकला बांग्लादेश। पाकिस्तान में एक वर्ग बांग्लादेश से इस आधार पर नाराज रहता है कि उसने 'टू नेशन थ्योरी' को गलत साबित कर दिया। जो कभी एक थे, उनमें से एक की राह अलग है, शेष दो से। वर्तमान में पाकिस्तान के भारत और बांग्लादेश दोनों से ही बेहद तनावपूर्ण संबंध चल रहे हैं।

शेख हसीना की सत्तारूढ़ लीग ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव शेख हसीना के नेतृत्व में ही होंगे। इस बीच, भारत की चाहत होगी कि अगले चुनाव में भी अवामी पार्टी को सफलता मिले।

चुनाव

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

दान दिए धन ना घटे

'तुलसी पंछी के पिए, घटे न सरिता नीर दान दिए धन न घटे, जो सहाय रघुवीर'

महाकवि तुलसीदास जी द्वारा रचित यह दोहा हर उस इंसान के लिए प्रेरणा है, जो दान देने में विश्वास तो रखते हैं, लेकिन यह सोचते हैं कि उनके पास से धन या कोई वस्तु कम न हो जाए।

दान करने से धन कम होता है, इस विचार को गलत सिद्ध करते हुए कविवर तुलसीदास जी ने हमें यही बताया है कि नदी से पक्षी के पानी पी लेने से कभी-भी नदी का पानी कम नहीं हो जाता। यहां तक कि सिर्फ पक्षी ही नहीं, बल्कि अनगिनत जानवर एवं इंसान भी प्रतिदिन नदी से पानी लेते हैं, लेकिन क्या कभी नदी का पानी कम होता है? नहीं न! ठीक इसी प्रकार दान देने से कभी-भी धन नहीं घटता। दान करना हर एक धर्म में सबसे बड़ा धर्म है, जिससे व्यक्ति को ईश्वर का आशीर्वाद मिलता है।

पुराणों में वर्णन होने और कई महात्माओं के बताने के बावजूद दान की परिभाषा को इंसान कभी समझ ही नहीं पाया। इंसान की मानसिकता की वजह से दान जैसा महान शब्द अहंकार को जन्म देता है और दाता स्वयं को सबसे महान समझने लगता है। यह इंसान की मूर्खता से अधिक कुछ भी नहीं है, जो आपके दान के उद्देश्य और अर्थ दोनों को ही गलत दिशा में मोड़ देता है। फिर दान, दान नहीं रह जाता, महज सहायता का विषय जान पड़ता है।

महाभारत काल से हम सुनते चले आ रहे हैं कि कर्ण सबसे बड़े दानवीर थे, क्योंकि कर्ण प्रतिदिन दान करते थे। जो भी उनके द्वार पर आता था, वे कभी-भी उसे खाली हाथ नहीं भेजते थे, फिर चाहे वह उनसे कुछ भी माँग ले। वे हमेशा दान देने के लिए तत्पर रहते थे, इसलिए महारथी कर्ण को दानवीर कहा गया। लेकिन लोग इसका असली अर्थ ही नहीं समझते हैं। वे समझते हैं कि दान सिर्फ धन

का दान करने तक ही सीमित है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है, दान कई प्रकार के हो सकते हैं, जैसे- अन्नदानः भूखे को भोजन कराना; ज्ञानदानः जरूरतमंद को शिक्षा देना; वस्त्रदानः जरुरतमंद को कपड़े देना; किसी व्यक्ति की बीमारी में और मानव कल्याण की भावना से रक्तदान, अंगदान या देहदान करना; अभयदानः निरीह प्राणियों की रक्षा करना; और क्षमादानः यह सबसे बड़ा दान माना गया है। अपनी गलतियों को मान लेना और दूसरों को उनकी गलतियों के लिए क्षमा कर देना। और अंत में जरूरत पड़ने पर किसी को अपना समय देना भी दान की ही श्रेणी में आता है। इसी विषय पर मुझे हाल ही की एक बात याद आ रही है। अभी कुछ ही समय पहले मैं मथुरा वृन्दावन गया था। वहां मैंने एक वृद्ध माताजी को देखा। अगल-बगल वालों से पूछने पर पता चला कि वे पिछले 30 वर्षों से श्री बाँके बिहारी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के जूते-चप्पलों की रखवाली करती हैं। उनका नाम यशोदा है और उन्होंने श्रद्धालुओं के जूते-चप्पलों की रखवाली कर-के पैसे इकट्ठा किए। इन पैसों से उन्होंने एक गौशाला का निर्माण करवाया। यशोदा माता ने न सिर्फ समयदान देकर परमार्थ का कार्य किया, बल्कि उससे मिले पैसों से धर्म का भी कार्य किया। हमने कई जगह पढ़ा है कि आप जो भी दोगे, वही आपके पास लौटकर आएगा। तो क्यों न किसी के काम आया जाए? फिर यह भी कहीं न कहीं सुना भी होगा कि ईश्वर देता उसे ही है, जो बांटना जानता है। तो क्यों न इसका अनुभव भी किया जाए? जिस दिन आप बांटना सीख जाएंगे, उस दिन आप सही मायने में कभी खाली नहीं होंगे। यह इस जगत का नियम है। जो तुम देते हो, वही लौट आता है- घृणा तो घृणा, प्रेम तो प्रेम, अपमान तो अपमान और सम्मान तो सम्मान। तुम्हें हजार गुना होकर वही मिलता है, जो तुम देते हो।

दान देने से कभी-भी कुछ घटता नहीं है, बल्कि बढ़ता ही है। हम मानते हैं कि जो भी हमारे पास हो, उसे बांटने की आदत यदि हम कच्ची उम्र से ही बच्चों में विकसित कर दें, तो बड़े होकर किसी भी इंसान को किसी के काम आने या मदद करने के लिए अलग से कोई प्रयास नहीं करना पड़ेगा।

शरीर में आयरन की कमी होने पर मिलते हैं ऐसे संकेत...

हमारे शरीर में हर पोषक तत्व की अपनी-अपनी भूमिका होती है। इसलिए डॉक्टर भी हमें अपनी डाइट में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने की सलाह देते हैं। शरीर में आयरन की कमी होने पर इस तरह के लक्षण नजर आने लगते हैं। हमारे शरीर में हर पोषक तत्व की अपनी-अपनी भूमिका होती है। इसलिए डॉक्टर भी हमें अपनी डाइट में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने की सलाह देते हैं। क्योंकि यदि हमारे शरीर में किसी विटामिन की कमी होती है, तो इससे हम बीमार पड़ सकते हैं। अगर हमारे शरीर में प्रोटीन या विटामिन की कमी होती है, तो इसके लक्षण और परेशानियां सामने आने लगती हैं। ठीक इसी तरह से यदि हमारे शरीर में आयरन की कमी होती है, तो इसके लक्षण भी पता चलने लगते हैं।

बता दें कि शरीर के लिए आयरन भी एक जरूरी पोषक तत्व है। यह हमारे शरीर के लिए कितना अधिक जरूरी होता है, इस बात का अंदाजा आप इससे लगा सकते हैं कि आयरन हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन बनाकर सभी आर्गन को ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि शरीर में आयरन की कमी होने से क्या-क्या परेशानियां हो सकती हैं और किस तरह से आप इसकी पूर्ति कर सकते हैं।

आयरन की कमी से प्रभावित लोग : हमारे शरीर में आयरन हीमोग्लोबिन बनाने का काम करता है। हीमोग्लोबिन एक प्रोटीन है, जो फेफड़ों से ऑक्सीजन शरीर के अन्य हिस्सों में पहुंचता है। शरीर का हर आर्गन ऑक्सीजन से ही सर्वाइव करता है। हल्ड के आंकड़ों के मुताबिक पूरी दुनिया में करीब 1.62 अरब लोग आयरन की कमी से जूझ रहे हैं।

आयरन की कमी पर मिलते हैं ऐसे संकेत : शरीर में आयरन की कमी होने पर कई तरह के लक्षण दिखाई देते हैं। आयरन की कमी होने पर कुछ काम करने में मन न लगना, सांस फूलने की शिकायत रहना, चेहरा पीला और सफेद पड़ना, एकाग्रता न हो पाना, हर समय थकान रहना, सांस लेने में परेशानी होना, चक्कर आना, इम्यून सिस्टम कमजोर होना, जरा सी ठंड में बीमार हो जाना आदि शामिल है।

क्यों होती है आयरन की कमी : महिला या पुरुष किसी को भी आयरन की कमी हो सकती है। लेकिन पीरियड की वजह से पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में अधिक आयरन की कमी पायी जाती है। वहीं पाइल्स की समस्या होने पर, डिलीवरी के दौरान ब्लड आने पर और खून की कमी होने पर यह समस्या बढ़ सकती है।

ऐसे करें आयरन की पूर्ति : ऊपर बताए गए लक्षणों के द्वारा या फिर जांच के द्वारा आप जान सकते हैं कि आपके शरीर में आयरन की कमी है। जांच से पता चलता है कि आपके शरीर में हीमोग्लोबिन का क्या लेवल है। ऐसे में अगर आपके शरीर में हीमोग्लोबिन कम है, तो आप अपनी डाइट में रेड मीट, बीन्स, दाल, टमाटर, अनार, पालक और अन्य आयरन से भरपूर चीजों को शामिल कर सकते हैं। लेकिन इस दौरान एक बात का ध्यान रखें कि आपको अधिक आयरन भी नहीं लेना चाहिए। क्योंकि इससे शरीर में ब्लड गाढ़ा हो सकता है। इसलिए आयरन की पूर्ति के लिए आपको एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

- **अनन्या मिश्रा**

स्वास्थ्य की लगातार निगरानी करने वाला दुनिया का पहला बॉडी डिवाइस तैयार

भारतीय मूल के एक व्यक्ति के नेतृत्व में अमेरिकी शोधकर्ताओं ने दुनिया का पहला उपकरण विकसित किया है जो मानव शरीर में सूक्ष्म ध्वनियों को लगातार ट्रैक कर सकता है और किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान कर सकता है। यह उपकरण शरीर के लगभग किसी भी हिस्से पर एक वायरलेस तरीके से फेफड़ों के अंदर और बाहर आने वाली हवा, दिल की धड़कन और यहां तक कि लंबे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट (जीआई ट्रैक्ट) के माध्यम से पचने वाले भोजन की प्रगति को ट्रैक कर सकता है। पायलट स्टडी में अमेरिका में नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने श्वसन और आंतों की गतिशीलता संबंधी विकारों वाले 15, समय से पहले जन्में बच्चे और 55 वयस्क, जिनमें 20 पुरानी फेफड़ों की बीमारियों से पीड़ितों को शामिल किया गया। नेचर मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि उपकरणों ने न केवल क्लिनिकल-ग्रेड सटीकता के साथ प्रदर्शन किया, बल्कि उन्होंने नई कार्यक्षमताएं भी पेश की, जिन्हें विकसित नहीं किया गया है और न ही अनुसंधान या क्लिनिकल देखभाल में पेश किया गया है। नॉर्थ वेस्टर्न मेडिसिन के थोरेसिक सर्जन अंकित भरत ने कहा, 'इन उपकरणों के पीछे का विचार रोगी के स्वास्थ्य का अत्यधिक सटीक निरंतर मूल्यांकन प्रदान करना है।"

उच्च प्रदर्शन वाले डिजिटल माइक्रोफोन और एक्सेलेरोमीटर के जोड़े से युक्त छोटे हल्के उपकरण एक व्यापक गैर-आक्रामक सेंसिंग नेटवर्क बनाने का पालन करते हैं।

नरम सिलिकॉन से बने उपकरण की लंबाई 40 मिलीमीटर, चौड़ाई 20 मिलीमीटर और मोटाई 8 मिलीमीटर है। डिवाइस में एक फ्लैश मेमोरी ड्राइव, छोटी बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक ब्लूटूथ क्षमताएं और दो छोटे माइक्रोफोन हैं, जिनमें से एक का मुख शरीर के अंदर की ओर है और दूसरे का मुख बाहर की ओर है। दोनों दिशाओं में ध्वनियों को कैप्चर कर-के, एक एल्गोरिदम बाहरी (परिवेश या पड़ोसी अंग) ध्वनियों और आंतरिक शरीर की ध्वनियों को अलग कर सकता है। यह उपकरण समय से पहले जन्में बच्चों के लिए विशेष रूप से सहायक है। समय से पहले जन्में बच्चे आमतौर पर एपनिया से पीड़ित होते हैं जो लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने और संभावित मृत्यु का एक प्रमुख कारण हैं। शिकागो के ऐन एंड रॉबर्ट एच. लुरी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में स्वायत्त चिकित्सा के सह-लेखक प्रमुख डॉ. डेबरा ई. वीज ने कहा, "इनमें से कई बच्चे स्टेथोस्कोप से भी छोटे होते हैं इसलिए उन पर निगरानी रखना पहले से ही तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण होता है।" वीज-मेयर ने कहा, 'इन नए ध्वनिक उपकरणों की खूबी यह है कि वे जागने और सोने के दौरान बच्चे की लगातार निगरानी कर सकते हैं।"

पुरानी फेफड़ों की बीमारियों और स्वस्थ नियंत्रण वाले वयस्कों में उपकरण ने एक साथ विभिन्न स्थानों पर फेफड़ों की आवाज और शरीर की गति के वितरण को कैप्चर किया, जिससे शोधकर्ताओं को फेफड़ों के विभिन्न क्षेत्रों में एक ही सांस का विश्लेषण करने में मदद मिली।

कब्र पहले खोदो, लाशें बाद में लाओ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(जवाहरलाल नेहरु बाल साहित्य अकादमी, राजस्थान सरकार से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

> **ओह**
> **प्लास्टिक, तुम्हें वरदान कहें या अभिशाप। समझ नहीं आता। तुम एक दम सरकार की तरह हो जो एक हाथ से स्कीमों के नाम पर रबड़ी देकर दूसरे हाथ से भारी टैक्स के नाम पर वसूल लेते हो। तुम्हें देते हुए देखना लेते हुए देखने से न कम है न ज्यादा। हमारे पर्यावरण में घुसपैठ करना कोई तुमसे सीखे। कभी चाय का कप बनकर तो कभी जूस का ग्लास बनकर। कभी सब्जी की थैली बनकर कभी खिलौने बनकर हमारे जीवन में ऐसे आ गए हो जैसे प्राकृतिन संसाधन वाले परिजनों के रहते प्रेमिका की तरह हम पर डोरे डालने वाली मोहिनी।**

ओह, प्लास्टिक, वह अद्भुत सामग्री जिसने हमारे जीने के तरीके में क्रांति ला दी है और ग्रह को इस तरह से प्रदूषित कर दिया है जिसकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी। हम इस चमत्कारी पदार्थ के बिना कैसे जीवित रह सकते हैं जो सदियों तक बना रहता है और हमारे महासागरों और लैंडफिल को गंदा कर देता है?

ओह प्लास्टिक, तुम्हें वरदान कहें या अभिशाप। समझ नहीं आता। तुम एक दम सरकार की तरह हो जो एक हाथ से स्कीमों के नाम पर रबड़ी देकर दूसरे हाथ से भारी टैक्स के नाम पर वसूल लेते हो। तुम्हें देते हुए देखना लेते हुए देखने से न कम है न ज्यादा। हमारे पर्यावरण में घुसपैठ करना कोई तुमसे सीखे। कभी चाय का कप बनकर तो कभी जूस का ग्लास बनकर। कभी सब्जी की थैली बनकर कभी खिलौने बनकर हमारे जीवन में ऐसे आ गए हो जैसे प्राकृतिन संसाधन वाले परिजनों के रहते प्रेमिका की तरह हम पर डोरे डालने वाली मोहिनी। वैसे जब हम प्लास्टिक का उत्पादन कर सकते हैं और पहले से ही मौजूद कचरे के पहाड़ों में इजाफा कर सकते हैं तब बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों की आवश्यकता किसे है? यहाँ हम कब्र पहले खोद रहे हैं और लाशें बाद में ला रहे हैं।

प्लास्टिक, सुविधा का प्रतीक है, जो हमें अपने भोजन और उत्पादों को इस तरह से पैक और संरक्षित करने की इजाजत देता है जो पूरी तरह से अस्थिर और ग्रह के लिए हानिकारक है। जब हम प्लास्टिक के समुद्र में डूबते रह सकते हैं तो पर्यावरण अनुकूल विकल्पों की चिंता क्यों करें? प्लास्टिक, आधुनिक समाज का रक्षक, हमें अनावश्यक एकल-उपयोग वाली वस्तुओं को बनाने के अनंत अवसर प्रदान करता है जो अंततः हमारे जलमार्गों को अवरुद्ध कर देंगे और वन्यजीवों को मार देंगे। जब हम अधिक से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन करते रहेंगे तो इसके परिणामों के बारे में सोचने की जरूरत किसे है?

प्लास्टिक, प्रगति और नवाचार का प्रतीक है, जो हमें दिखाता है कि ग्रह को नष्ट करने के नए तरीके खोजने में मनुष्य कितने रचनात्मक हो सकते हैं। जब हम अपनी सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्लास्टिक पर निर्भर रह सकते हैं तो स्थायी समाधान खोजने की चिंता क्यों करें? हाँ, प्लास्टिक वास्तव में हमारी सभी प्रार्थनाओं का उत्तर है, जो हमें पूरी तरह से अस्थिर और विनाशकारी तरीके से जीवन जीने की अनुमति देता है। जब हम हर काम को आसान बनाने के लिए प्लास्टिक पर निर्भर रह सकते हैं तो हमारे कार्यों के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करने की आवश्यकता किसे है? यह स्पष्ट रूप से मानवता के लिए सबसे अच्छी चीज है, और पर्यावरण पर इसके नकारात्मक प्रभावों पर विचार करने का कोई कारण नहीं है। आइए बिना सोचे-समझे प्लास्टिक का उत्पादन, उपयोग और निपटान जारी रखें, क्योंकि स्वस्थ ग्रह की जरूरत किसे है?

सूडोकु नवताल- 6892

★☆☆☆☆ सरल

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -6891 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

दैनिक पंचांग

23 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृश्चिक में	धनु	08.10 बजे से
चंद्र	मीन में	मकर	10.15 बजे से
मंगल	वृश्चिक में	कुंभ	12.02 बजे से
बुध	वृश्चिक में	मीन	13.34 बजे से
गुरु	मेष में	मेष	15.05 बजे से
शुक्र	कन्या में	वृष	16.45 बजे से
शनि	कुंभ में	मिथुन	18.43 बजे से
राहु	मीन में	कर्क	20.57 बजे से
केतु	कन्या में	सिंह	23.13 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		कन्या	01.25 बजे से
		तुला	03.35 बजे से
		वृश्चिक	05.50 ब.से

गुरुवार 2023 वर्ष का 327 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 21.03 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 17.16 बजे को समाप्त। **योग** वज्र 11.53 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 10.03 बजे तदनन्तर विष्टि 21.03 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 09.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 14' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871806 **जूलियन दिन** 2460271.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 08 **विशेष** देवउठनी, प्रबोधिनी एकादशी, सत्य साई, कवी कालिदास जयंती, श्री खाटू श्याम अवतार दिवस।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7954

बाएँ से दाएँ

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

ऊपर से नीचे

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

शब्द पहेली -7953 का हल



आज का राशिफल

मेष राशि : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

वृष राशि : आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

मिथुन राशि : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

कर्क राशि : कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

सिंह राशि : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

कन्या राशि : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी।

तुला राशि : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

वृश्चिक राशि : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

धनु राशि : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं।

मकर राशि : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्ध के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

कुंभ राशि : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

मीन राशि : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा का 11 से 14 दिसंबर तक सिक्किम दौरा

गंगटोक। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा 11 से 14 दिसंबर तक सिक्किम के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा है कि राज्य सरकार आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा की सिक्किम यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री तमांग ने बुधवार को राजधानी गंगटोक के सम्मान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के 11 से 14 दिसंबर तक सिक्किम दौरे को ध्यान में रखते हुए तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सिक्किम दौरे के दौरान दलाई लामा के दर्शन के लिए करीब एक लाख लोगों के आने की संभावना जताई।

एनआईए ने पंजाब और हरियाणा में 14 जगहों पर की छापेमारी

नई दिल्ली। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए हमलों के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में 14 जगहों पर छापेमारी की है। वाणिज्य दूतावास पर हमलों की घटनाओं की जांच के लिए एनआईए की एक टीम ने अगस्त 2023 में सैन फ्रांसिस्को का दौरा किया था। 19 मार्च और दो जुलाई को हुए हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए दोनों राज्यों में ये छापे मारे गए। यह छापेमारी पंजाब के मोगा, जालंधर, लुधियाना, गुरुदासपुर, मोहाली, पटियाला और हरियाणा के कुरुक्षेत्र और यमुना नगर में की गई। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान आरोपित व्यक्तियों से संबंधित जानकारी वाले डिजिटल डेटा को जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए।

संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए भारतीय सेना का दल आस्ट्रेलिया रवाना



नई दिल्ली। भारतीय सेना के 81 सैनिकों का दल दूसरे संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्रेलियाहिंद-23' में भाग लेने के लिए बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुआ। यह अभ्यास छह दिसंबर तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में किया जायेगा। इस दल में गोरखा राइफल्स 60 नौसेना का एक और वायु सेना के 20 सैनिक शामिल हैं। आस्ट्रेलियाई सेना की 13वीं ब्रिगेड के 60 जबकि ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और वायु सेना के 20-20 सैनिक भी सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेंगे। दोनों देशों की सेनाओं के बीच ऑस्ट्रेलियाहिंद अभ्यास पहली बार वर्ष 2022 में राजस्थान में महाजन रेंज में आयोजित किया गया था। इसे दोनों देशों के बीच एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाने की योजना है। अभ्यास का उद्देश्य सहयोग आधारित साझेदारी को बढ़ावा देना और दोनों पक्षों के बीच सर्वोत्तम तरीकों को साझा करना है। यह शांति स्थापना अभियानों पर संयुक्त राष्ट्र के अध्याय सात के तहत शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर संचालन और तालमेल को बढ़ावा देगा। संयुक्त अभ्यास से विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और सामरिक संचालन के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं के अभ्यास का अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा इससे दोनों सेनाओं के बीच परस्पर समझ को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग को और मजबूत करने में भी मदद करेगा।

आध्यात्मिकता विश्व समुदाय को भारत की अमूल्य भेंट : राष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि आध्यात्मिकता विश्व समुदाय को भारत की अमूल्य भेंट है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में समय-समय पर महान आध्यात्मिक विभूतियों ने सदाचार, करुणा और परोपकार का संदेश प्रसारित किया है। राष्ट्रपति ने आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के 42वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया और संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने पुट्टपर्थी के क्षेत्र को पवित्र किया। उनके आशीर्वाद से देश-विदेश के करोड़ों लोग लाभान्वित होते रहे हैं और आगे भी लाभान्वित होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे

व्यक्तित्वों की शिक्षा की अवधारणा हमारी महान परंपराओं को जीवंत बनाती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जीवन मूल्यों और नैतिकता की शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है। प्रत्येक छात्र में सत्य, सदाचार, शांति, स्नेह और अहिंसा के मूल्यों को विकसित करना समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग मानवीय और आध्यात्मिक मूल्यों को मौलिक महत्व देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति संस्थान का समग्र दृष्टिकोण बहुत प्रभावशाली है। शिक्षा के स्थान पर शिक्षा-देखभाल की अवधारणा अत्यंत उपयोगी एवं सार्थक है।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस संस्थान ने शिक्षा प्रक्रिया में शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक आयामों को शामिल किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस संस्थान के छात्र पेशेवर रूप से सुदृढ़, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और आध्यात्मिक रूप से जागरूक व्यक्तित्व विकसित करने में सफल होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे श्री सत्य साईं बाबा के मूल्यों और शिक्षाओं का प्रसार करें और आधुनिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास के उदाहरण पेश करें।

सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग हादसा

रेस्क्यू ऑपरेशन होगा सफल बाहर आयेंगे 41 श्रमिक

अभी तक कुल 45 मीटर से अधिक ड्रिलिंग हुई पूरी

एजेंसी। उत्तरकाशी

उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग हादसे के रेस्क्यू ऑपरेशन के 11वें दिन श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए अच्छी खबर आई हैं। सबकुछ ठीक ठीक रहा तो सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए अब कुछ घंटे ही बचे हैं। ऑगर मशीन से अभी तक 45 मीटर तक पाइप पुश हो चुका है। कुछ देर पहले प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे ने बताया कि ऑगर मशीन से पुनः ड्रिलिंग शुरू करते हुए और 6 मीटर तक ड्रिलिंग कर दी गई है। इस तरह से अभी शाम तक कुल 45 मीटर तक से अधिक ड्रिलिंग पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आने वाला समय और अधिक महत्वपूर्ण है। अगले फेज की ड्रिलिंग शुरू हो गई है। रेस्क्यू टीम के लिए बुधवार का 11वां दिन खास होने वाला है और बड़ी सफलता मिलेगी। उम्मीद है कि कुछ ही घंटों बाद सभी 41 श्रमिकों को सिलक्यारासुरंग से सकुशल बाहर निकल लेंगे। प्रशासन ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। एयरपोर्ट से लेकर ऋषिकेश स्थित एम्स अस्पताल और सिल्क्यारा सुरंग के बाहर पर्याप्त फोर्स एवं एंबुलेंस तैयार खड़ी हैं। इस दौरान एम.डी (एनएचआईडीसीएल) महमूद अहमद, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी मौजूद रहे।

लश्कर के दो आतंकवादी सहयोगी हुए गिरफ्तार

हथियार और गोला-बारूद बरामद

एजेंसी। श्रीनगर

श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके बेमिना में राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगियों को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि श्रीनगर पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर संदिग्ध आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में सूचना मिली। इस पर श्रीनगर पुलिस और सीआरपीएफ की क्यूआरटी की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर शाम लाल पेट्रोल पंप, एनआर कॉलोनी के पास एक नाका स्थापित किया। उन्होंने बताया कि नाका चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की सेंट्रो कार (जेके-09ए 2788) परिम्पोरा से टेंगपोरा की ओर जा रही थी। कार ने चौकी पर सुरक्षाबलों को देखते ही भागने की कोशिश की। प्रवक्ता ने बताया कि मौके पर मौजूद अधिकारियों की टीम ने सतर्कता दिखाते हुए उन्हें पकड़ लिया। इनकी पहचान त्रेहगाम कुपवाड़ा निवासी मुमताज अहमद लोन और जहांगीर अहमद लोन के रूप में हुई। इनके कब्जे से 02 पिस्तौल, 04 मैगजीन, 02 फिलर मैगजीन और 08 ग्रेनेड बरामद किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि दोनों के खिलाफ पुलिस थाना बटमालू में यूएलएपी अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू की गई है।

अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में पंचतीर्थ स्नान का आगाज आज से

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में कार्तिक माह के 'पंचतीर्थ स्नान' का आगाज एकादशी 23 नवम्बर से होगा। यह अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा। पवित्र पुष्कर सरोवर पर अजमेर प्रशासन, पुलिस, नगरपालिका, सिविल डिफेंस तथा एसडीआरएफ ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। धार्मिक स्नान के पहले दिन एकादशी पर अलसुबह पवित्र सरोवर में स्नान किया जाकर, दिनभर दानपुण्य कर, भगवान ब्रह्माजी के दर्शन का क्रम चलेगा। पुलिस ने भीड़ के आगमन को देखते हुए सरोवर मार्ग की ओर बैरिकेडिंग कर भीड़ को नियंत्रित करने का काम शुरू कर दिया है , जो पांचों दिन प्रभावित रहेगा।

गहलोत सरकार कभी सत्ता में नहीं लौटेगी : मोदी

एजेंसी। जयपुर

राजस्थान के सागवाड़ा में आदिवासी क्षेत्र में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार राज्य में सत्ता में वापस नहीं आएगी। राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को प्रचार का आखिरी दिन है। सागवाड़ा में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, "बांसवाड़ा-डूंगरपुर राजस्थान के वागड़ क्षेत्र में आता है। वागड़ क्षेत्र को कांग्रेस के कुशासन का खामियाजा भुगतना पड़ा है। कांग्रेस नेताओं के करीबी लोगों के बच्चे अधिकारी बन गए और आपके बच्चों को चुन-चुनकर बाहर कर दिया गया। पेपर लीक माफिया ने राजस्थान के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस नेताओं के परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं और उनके लॉकरों से सोने की ईंटें निकाली जा रही हैं। लाल डायरी के पन्ने खुल रहे हैं, जो कांग्रेस सरकार के काले कारनामों को बयां करती है। केंद्र सरकार की योजनाओं को राजस्थान में लागू करने के लिए कांग्रेस को हटाना जरूरी है। मोदी (आपके लिए) कितना भी कुछ करना चाहें, कैसे करेंगे कोई और तो जयपुर में बैठा है? इसलिए, भाजपा सरकार चुनें। उन्होंने कहा, कांग्रेस सिर्फ एक परिवार की गुलाम बन गई है। कल मैं जयपुर में रोड शो कर रहा था, वहां बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए थे, इसमें मुख्यमंत्री की तो फोटो थी, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की नहीं, उनके एक सांसद की फोटो तो थी, लेकिन उनके अध्यक्ष्ज्ञ और इतने बड़े दलित नेता खड़गे की फोटो शामिल नहीं थी, कल मैंने देखा कि कांग्रेस में एक दलित नेता के साथ क्या हुआ। वह कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेताओं के परिवार से हैं। लेकिन कांग्रेस केवल एक परिवार की भक्ति में लगी हुई है।

प्रधानमंत्री मथुरा के ब्रज रज उत्सव में गुरुवार को करेंगे शिरकत

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मथुरा जिले में आयोजित ब्रज रज उत्सव में गुरुवार शाम को शामिल होंगे। ब्रज तीर्थ विकास परिषद की तरफ से आयोजित यह उत्सव इस बार पूर्णरूप से मीराबाई को समर्पित किया गया है। मीराबाई का 525वां जन्म महोत्सव भी इसमें मनाया जाएगा। वहीं देवोत्थान एकादशी पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते प्रधानमंत्री का श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया है। जिला प्रशासन के मुताबिक प्रधानमंत्री लगभग साढ़े 3 घंटे ब्रजभूमि में रहेंगे। देवोत्थान एकादशी पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते प्रधानमंत्री का श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया है। नरेन्द्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री चौथी बार मथुरा आ रहे हैं। वह 3.50 बजे आगरा एयरपोर्ट से मथुरा के लिए हेलीकाप्टर से उड़ान भरेंगे। 4.15 बजे उनका हेलीकाप्टर सेना के परिसर में स्थित हेलीपैड पर उतरेगा। यहां से वह कार से मथुरा के धौली प्याऊ स्थित रेलवे मैदान में आयोजित मीराबाई के जन्मोत्सव समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मीराबाई पर आधारित नृत्य नाटिका फिल्म अभिनेत्री एवं स्थानीय सांसद हेमामालिनी प्रस्तुत करेंगी। नृत्य नाटिका करीब डेढ़ घंटे की है।

राजौरी मुठभेड़ में आतंकी ढेर, कैप्टन और एक जवान शहीद, दो जवान घायल

एजेंसी। राजौरी

राजौरी जिले के कालाकोट इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और एक जवान का बलिदान हुआ है, जबकि दो जवान घायल हुए हैं। अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं, जिन्हें मार गिराने के लिए पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला हुआ है। जम्मू आईजीपी आनंद जैन ने बताया कि राजौरी के उपमंडल कालाकोट के तहत पुलिस

स्टेशन धर्मसाल के अंतर्गत सोलकी गांव के बाजी माल इलाके में तीन आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली। इस विशेष सूचना पर घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। इसी बीच शुरू हुई मुठभेड़ को लेकर सेना और पुलिस के उच्च अधिकारी नजर बनाए हुए हैं।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने यहां एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और एक जवान का बलिदान हुआ है। दो जवान घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों का अभियान जारी है और दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है।

FILMY हलचल

फिल्म 'डंकी' का गाना 'डंकी ड्रॉप 2 - लुट पुट गया...' रिलीज हुआ

डंकी के मेकर्स ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की म्यूजिकल यात्रा शुरू करते हुए फिल्म से पहला दिल छू लेने वाला गाना 'डंकी ड्रॉप 2 - लुट पुट गया...' जारी कर दिया है। यह गाना हार्डी के उस अध्याय को खोलता है, जब वह मनु के प्यार में पड़ जाता है और वह दुनिया के खिलाफ उसके लिए खड़ी होती है। गाने में आप देखेंगे कि कैसे मनु के लिए उसकी भावनाएं उसे एक होपलेस रोमांटिक में बदल देता हैं। इस गाने को म्यूजिक मैस्ट्रो प्रीतम ने कंपोज किया है, जिसमें अरिजीत सिंह की दिल छू लेने वाली आवाज है। गाने के बोल स्वानंद किरकिरे और आईपी सिंह ने लिखे हैं। गाने के दिलकश डांस मूव्स मशहूर गणेश आचार्य ने कोरियोग्राफ किए हैं, जो इसे और भी मैजिकल बनाते है और इसमें प्यार का रंग खिलता है। वैसे एक मास्टर कहानीकार के रूप में पहचाने जाने वाले राजकुमार हिरानी के नाम सबसे ज्यादा देखी जाने वाली और आकर्षक फिल्में हैं और इस बार वह एक और दिलकश फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका टाइटल 'डंकी' की है। यह फिल्म चार दोस्तों और विदेशी तटों तक पहुंचने की उनकी खोज की एक दिल छू लेने वाली कहानी है।

'राम राज्य' पर म्यूजिक एल्बम जल्द होगा रिलीज

उत्तर प्रदेश सरकार जल्द ही वनवास से लौटने के बाद अयोध्या में भगवान राम के जीवन के 11 प्रसंगों पर केंद्रित एक म्यूजिक एल्बम जारी करेगी। म्यूजिक एल्बम का थीम राम का आदर्श शासन- 'राम राज्य' होगा। मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता वाली अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति एल्बम का निर्माण करेगी। अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव और संत कबीर नगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर समिति के सदस्य हैं। अधिकारियों ने कहा कि लोकप्रिय गायकों के अलावा, संगीत एल्बम पर काम करने की सहमति के लिए प्रसिद्ध संगीतकारों से भी संपर्क स्थापित किया गया है।

सूर्या की फिल्म 'कांगुवा' दुनियाभर में 38 भाषाओं में होगी रिलीज

मेगास्टार सूर्या की अगली मैग्नम ओपस कंगुवा के मेकर्स ने मेगास्टार के जन्मदिन पर खास फिल्म की पहली झलक दिखाई। इसके बाद एक दिलचस्प पोस्टर भी सामने आया जो फिल्म 'कांगुवा' की जोरदार दुनिया से रूबरू कराता है। मेकर्स का दावा है कि वह इतिहास रचने के लिए तैयार है क्योंकि यह फिल्म दुनियाभर में 38 भाषाओं में 3डी और आईमैक्स फॉर्मेट में रिलीज की जाएगी। 'कांगुवा' एक शानदार फिल्म तैयार है। भारतीय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक नया स्टैंडर्ड सेट करने के लिए जो 3डी और आईमैक्स प्रारूपों में दुनियाभर में 38 भाषाओं में रिलीज होगी। प्रोड्यूसर ज्ञानवेलराजा के ने बताया कि वे 'कांगुवा' के मार्केटिंग और रिलीज के मामले में उन क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जहां तमिल सिनेमा अभी तक नहीं पहुंच पाया है। इसके अलावा, 'कांगुवा' के साथ, तमिल सिनेमा बॉक्स ऑफिस नबंर्स और ऑडियंस तक पहुंचने में नए दरवाजे खोलने वाला है। फिल्म 'कांगुवा' की दुनिया दर्शकों को एक नया विजुअल अनुभव कराएगी। मानवीय भावनाएं, दमदार प्रदर्शन और बड़े पैमाने पर पहले कभी नहीं देखे गए, एक्शन सीन्स फिल्म का मूल होंगे।

सफलता गाइडेड मिसाइल विध्वंसक इंफाल से ब्रह्मोस फायरिंग का पहला परीक्षण

भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत

स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस

ब्रह्मोस मिसाइल ने 90 डिग्री का टर्न लेकर अपनी क्षमता का अपेक्षित प्रदर्शन किया

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक इंफाल ने बुधवार को समुद्र में अपनी पहली ब्रह्मोस फायरिंग में 'बुल्स आई' स्कोर किया। यह पहला मौका है जब नौसेना ने किसी जहाज के चालू होने से पहले उससे विस्तारित रेंज

वाली ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण किया है। परीक्षण के दौरान जहाज की लड़ाकू तत्परता के साथ भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता, स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस किया गया।

नौसेना प्रवक्ता के मुताबिक कमीशनिंग से पहले किसी युद्धपोत से विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का यह पहला परीक्षण है, जो युद्ध की तैयारी पर भारतीय नौसेना के अटूट फोकस, आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता को रेखांकित करता है। ब्रह्मोस मिसाइल ने 90 डिग्री का टर्न लेकर अपनी क्षमता का अपेक्षित प्रदर्शन किया। यह जहाज इसी साल 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को मुंबई के मझगांव शिपबिल्डर्स ने सौंपा था। प्रोजेक्ट-15 बी क्लास स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का चार जहाजों में से यह तीसरा युद्धपोत है। इसे जल्द ही नौसैनिक बेड़े में शामिल करने से भारत की समुद्री ताकत बढ़ेगी।

प्रोजेक्ट 15बी के तहत तैयार किया गया तीसरा जंगी जहाज इंफाल पहली बार इसी साल 28 अप्रैल को समुद्री परीक्षण के लिए पहली बार रवाना किया गया था। विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक के तीसरे जहाज आईएनएस इंफाल का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया है। जहाज के निर्माण की आधारशिला 19 मई, 2017 को रखी गई थी। यह भारतीय नौसेना का पहला जहाज है, जिसका नाम पूर्वोत्तर भारत के एक शहर के नाम पर रखा गया है।

नौसेना के मुताबिक राडार से बचने में सक्षम युद्धपोत इंफाल को कई विशिष्ट तकनीकों तथा उच्च स्वदेशी सामग्री से लैस किया गया है। इसे नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। इंफाल को अब तक का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत विध्वंसक युद्धपोत होने का अनूठा गौरव प्राप्त होगा। युद्धपोत इंफाल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और मणिपुर राज्य के लिए महत्वपूर्ण होगा।

गागर में सागर

गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटी के साथ जिला प्रशासन की हुई बैठक

रांची । उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार गुरु नानक जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर बैठक में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष शमशेर आलम, उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रांची, सदर दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में शोभा यात्रा के दौरान बेहतर व्यवस्था को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। प्रमुख चौक-चौराहे पर शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था, महिला पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, वॉलिंटियर्स टीम आदि को लेकर चर्चा की गयी। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री शमशेर आलम एवं ज्योति सिंह मथारु ने गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटि के सदस्यों को हर संभव सहयोग की बात कही।

शोभायात्रा रुट का लिया जायेगा जायजा : गुरुनानक जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर 23 नवंबर को रुट का जायजा लिया जायेगा। इसमें गुरुद्वारा प्रबंध कमिटी के सदस्य, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी शामिल होंगे।

श्री श्याम प्रभु जन्मोत्सव की तैयारी पूरी

रांची । अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आज श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव धूम धाम के साथ आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को अत्यन्त सुचारीपूर्ण ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्री श्याम प्रभु सहित शिव परिवार एवम बजरंगबली का विशेष श्रृंगार किया जाएगा । ज्ञातव है की कार्तिक शुक्ला एकादशी को श्री श्याम प्रभु का जन्म हुआ था । मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से प्रारम्भ होगा । श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश के सन्मुख अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा श्री श्याम प्रभु की सेवा में संगीतमय संकीर्तन किया जायेगा साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा एवम विभिन्न प्रकार के मिष्ठान का भोग अर्पित किया जायेगा ।

राष्ट्रपति अवॉर्डी सुश्री फलक फातिमा झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर महामहिम राज्यपाल माननीय मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सम्मानित!

आज दिनांक 22 नवंबर 2023 को झारखंड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल महामहिम श्री क राधाकृष्णन झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय श्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष माननीय श्री नरेंद्र महतो जी द्वारा राष्ट्रपति अवॉर्डी, एन एस एस कार्यकर्ता एवम पासवा की प्रदेश महासचिव सुश्री फलक फातिमा को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल द्वारा विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। सुश्री फलक फातिमा राष्ट्रपति अवार्डी रांची विश्वविद्यालय,रांची से एमएससी एवं बीएड की हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस रांची विश्वविद्यालय स्वयं सेवक के रूप में लगातार आठ वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रुप से कार्य कर रही हैं, कोरोना काल में कांके के हातमा एवं सुकुरहुटू गांव को गोद लिया, 3000 से अधिक पौधे रोपे और करीब 100 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित करके ब्लड बैंकों को दान किया,अपने समाज में जागरूकता फलाने के लिए एड्स जागरूकता, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता,मतदान जागरूकता, यातायात और सड़क जागरूकता जैसे सामाजिक कार्यों का अयोजन स्वंय किया और गांव वालों को भी प्रेरित किया। इनके अनेक कार्यों को देखते हुए 24 सितंबर 2022 को माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा राष्ट्रपति भवन में फलक फातिमा को सम्मानित किया गया तो दूसरी ओर पहली बार इस सम्मान से रांची विश्वविद्यालय को भी गौरवान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ। देशभर में 30 एनएसएस स्वयंसेवकों को सम्मानित किया जाता है,पहली बार महामहिम के हाथों रांची विश्वविद्यालय के किसी छात्र को यह अवसर प्राप्त हुआ।

गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में झारखंड भी ले रहा हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गोवा में 20 नवंबर से 24 नवंबर 2023 तक चलने वाले गोवा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में झारखंड फिल्म विकास निगम भी हिस्सा ले रहा है। इस फिल्म बाजार में देश के कई प्रांतों और विश्व के कई देश के फिल्म प्रोड्यूसर भी शामिल हुए हैं। झारखंड के फिल्म नीति की जानकारी कई फिल्म प्रोड्यूसर्स ने प्राप्त की है। झारखंड सरकार की फिल्म नीति को प्रमोट करने के लिए झारखंड के प्रतिनिधि के रूप में श्री बीरू प्रसाद कुशवाहा कोषाध्यक्ष, झारखंड फिल्म विकास निगम तथा सहायक कंपनी सचिव श्री अमन कुमार गोवा में उपस्थित हैं और वह दोनों झारखंड फिल्म नीति और यहां के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ फिल्मांकन के लिए उचित माहौल के बारे में जानकारी दे रहे हैं। श्री बीरू कुशवाहा ने बताया कि आज झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाओं के संबंध में जानकारी लेने के लिए देश के कई प्रदेशों के प्रोड्यूसर्स जेएफडीसीएल के स्टॉल पर आए। कई प्रोड्यूसर्स ने झारखंड फिल्म नीति की सराहना की और राज्य में फिल्म की सूटिंग करने की इच्छा जाहिर की। झारखंड के स्टॉल में मुख्य रूप से श्रेया अग्रवाल, इंटरनेशनल मार्केट प्लेस फॉर मीटिंग इंडियन प्रोडक्शंस, निहारिका रॉय, एमडी, एमसीओ, मृदुल गुप्ता, पल्स प्रोडक्शंस, श्वेता रंजन, पीएम मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, फहीम खान, एफएमसीजी, नितेश चौरसिया, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन सहित कई प्रोड्यूसर्स शामिल थे।

झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस

जलवा बिखेरेंगे न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र के कलाकार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के 23वी स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर दिनांक 23 नवंबर 2023 को झारखंड विधानसभा में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र कोराबार बुढ़मू रांची के कलाकार लक्ष्मीनाथ महतो के नेतृत्व में आकर्षक नागपुरी नृत्य संगीत की प्रस्तुति की जाएगी। झारखंड विधानसभा के द्वारा आमंत्रण प्राप्त होने पर श्री लक्ष्मीनाथ महतो ने पूरी तैयारी कर ली है। ज्ञात हो कि श्री लक्ष्मी नाथ महतो एवं उनके दल न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र कोराबार, रांची के कलाकार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच यथा अन्तरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट

मेला फरीदाबाद हरियाणा, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली, राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव रायपुर, राष्ट्रीय संस्कृति उत्सव बेंगलुरु कालाहांडी उत्सव उड़ीसा कुल्लू दशहरा उत्सव हिमाचल प्रदेशआदि बहुत सारे जगहों पर अपना प्रस्तुति दे चुके हैं।न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र बुढ़मू रांची द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में दलनेत्ता लक्ष्मीनाथ महतो के अलावा राजेश बड़ाइक, रामेश्वर मिंज, योगेंद्र गोप, रजनी टेटे, एस्क्युटी, सोनू सपुआर, सुशांत केरकेट्टा, सोनू मुंडा, बिनोद मुंडा, सुलेखा , मीना, किरण, निधि, अंजली, मनिता इत्यादि के द्वारा झारखंड का प्रसिद्ध नागपुरी डमकच और झूमटा गीत नृत्य की महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी जाएगी

विधानसभा स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए पर्वतारोही शशि शेखर

झारखंड विधानसभा की 23 वो स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के पुत्र पर्वतारोही शशि शेखर को राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा अध्यक्ष रबीद्र नाथ महतो ने सम्मानित किया। ऑटोमोबाइल इंजीनियर शशि शेखर ने मई 2023 में विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 8430 मीटर की ऊँचाई तक सफलतापूर्वक चढ़ाई के तिरंगा फहराया।

गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण



गुरुनानक सत्संग सभा के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर, कॉलोनी रातू रोड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 25 नवंबर 2023 को श्री गुरुनानक देव जी के 554वाँ प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर नगर कीर्तन से पूर्व आयोजित होने वाले समागम कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में श्री गुरुनानक सत्संग सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन मिड्ढा, पूर्व प्रधान हरविंदर सिंह बेदी, उप प्रधान सुरेश मिड्ढा, सदस्य जीतू अरोड़ा, श्री अश्विनी सुखीजा, हरगोविंद गिरधर, इंदर मिड्ढा, हरीश मिड्ढा, अनूप गिरधर, चरणजीत मुंजाल, अशोक गेरा एवं अन्य उपस्थित थे।

केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के विरोध में धरना

नवीन मेल संवाददाता। रांची/ नई दिल्ली

संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त श्रमिक संगठनों की ओर से केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के विरोध में राष्ट्रव्यापी महापड़ाव रांची राजभवन के समक्ष किया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरे राज्य में चल रही है। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, महासचिव महेंद्र पाठक ने प्रेस वार्ता कर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है महंगाई बेकारी बेरोजगारी चरम पर है। 70 वर्षों में हुए 55 लाख करोड़ का कर्ज. दस साल 155 लाख करोड़ हो गए, लगातार देश पर बोझ बढ़ता जा रहा है ।किसान मजदूर हांसिए पर है । किसानों को चार लेबर कोड को रद्द करने ,असंगठित मजदूरों के 18000 रुपया न्यूनतम मजदूरी निर्धारण करने, किसानों को 10000 मासिक किसान पेंशन निर्धारित करने ,शिक्षित बेरोजगार नौजवानों को 10000 बेरोजगारी भत्ता देने ,भूमि बैंक को रद्द करने ,धान क्रय केंद्र अबीलंब चालू करने , किसानों के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500 रुपये कुंतल एवं 500 बोनस आदि कई मांगों के समर्थन में राज्य भर से हजारों किसान रांची पहुंचेंगे। अजय कुमार सिंह जिला सचिव ने बताया की 25 नवंबर को राजभवन के समक्ष संध्या में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाएगा और 26 नवंबर को राजभवन के समक्ष भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव से अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव अतुल कुमार अंजान, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मजदूर नेता डॉ भालचंद्र कांगो , एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेद्र कुमार , अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, महासचिव महेंद्र पाठक , एटक के महासचिव अशोक यादव, कार्यकारी अध्यक्ष लखन लाल महतो ,प्रमोद कुमार पांडे ,महादेव राम ,पशुपति कॉल ,कन्हाई मल पहाड़िया ,सहित कई लोग संबोधित करेंगे । पत्रकार वार्ता में भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ,महेंद्र पाठक ,अजय कुमार सिंह, नेमन यादव, इम्तियाज खान, मोनिका उपस्थित थे।

पृष्ठ एक के शेष

झारखंड मंत्रालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की...

पीड़ितों/आश्रितों को मुआवजा भुगतान हेतु झारखण्ड आकस्मिकता निधि से एक करोड़ बीस लाख पाँच हजार सात सौ चालीस अग्रिम के रूप में स्वीकृत।

● राज्य में पूर्व से स्थापित 13 राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के विभिन्न शाखाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मापदंड के आलोक में शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों हेतु नये पदों के सृजन एवं अनुपयोगी पदों के प्रत्यर्पण की स्वीकृति।

● 21 मार्च 2023 को झारखण्ड विधान सभा में उद्भूत एवं यथापारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक, 2023 (हिन्दी) के अनुरूप अंग्रेजी रूपान्तरण में संशोधन की स्वीकृति दी गई।

● झारखण्ड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला सेवा नियमावली, 2019 (संशोधन सहित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गई।

● वित्तीय वर्ष 2023-24 में डुमरी विधानसभा उप-चुनाव, 2023 के दौरान प्रतिनियुक्त सुरक्षा बलों के आवासन, गमनागमन एवं अन्य कार्यों पर व्यय हेतु झारखण्ड आकस्मिकता निधि से चार करोड़ पचपन लाख चार हजार एक सौ पैंतालीस रुपए अग्रिम के रूप में स्वीकृत।

● लोहरदगा जिला अन्तर्गत किस्को पुलिस अनुमण्डल के सृजन की स्वीकृति दी गई।

● राज्य के विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में डिजिटल भाषा प्रयोगशाला को क्रियाशील करने हेतु सुयोग्य प्रशिक्षक, के कुल 26 पदों के सृजन की स्वीकृति।

● राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बीआईटी सिंदरी में पढ़ाये जा रहे तथा प्रस्तावित शाखाओं में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के मापदंड के आलोक में नामांकन क्षमता के अनुसार शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों हेतु पदों के पुनर्गठन को स्वीकृति दी गई।

● डॉ तरूण कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, पाकुड़ को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई

● पंचम झारखण्ड विधान सभा का द्वादश (मानसून) सत्र (दिनांक 28.07.2023 से 04.08.2023) के सत्रावसान हेतु मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई।

● केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक भागीदारी में किफायती आवास' (एएचपी) अंतर्गत मिहिजाम नगर परिषद के कानगोई में कुष्ठ रोगियों के लिए कुल 64 आवासों के निर्माण के लिए स्वीकृत परियोजना हेतु तकनीकी अनुमोदन प्राप्त प्राक्कलित राशि आठ करोड़ बीस लाख तैंतीस हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

● असंगठित कर्मकारों के कल्याणार्थ पूर्व से संचालित योजनाओं का अध्ययन कर झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के निर्माण श्रमिकों के तर्ज पर योजनाएँ बनाए जाने की स्वीकृति दी गई।

● जल संसाधन विभागान्तर्गत पुनर्वास कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर के छः कर्मियों की सेवा समाप्ति के कारण सेवा से बाहर रहने की अवधि का सेवा विनियमन एवं वेतन भुगतान की स्वीकृति दी गई।

● झारखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति-2023 पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

● बजट पूर्व कार्यशाला के आयोजन हेतु वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत डॉ हरिश्वर दयाल, सहायक प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष , अर्थशास्त्र विभाग, संत जेवियर कॉलेज, राँची एवं उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर नॉलेज पार्टनर के रूप में चयनित करने की स्वीकृति दी गई।

● सरकारी भूमि के हस्तांतरण हेतु नीति निर्धारण करने की स्वीकृति दी गई।

● हजारीबाग जिलान्तर्गत अंचल केरेडारी के विभिन्न मौजा अंतर्निहित कुल रकबा 150.33 एकड़ भूमि इक्यावन करोड़ उनतीस लाख एकतीस हजार दो सौ इक्कीस रुपए मात्र की अदायगी पर करनदारी (केरेडारी) कोयला खनन परियोजना हेतु एनटीपीसी लिमिटेड के साथ 30 वर्षों के लिए सःशुल्क लीज बंदोबस्ती करने की स्वीकृति दी गई।

● झारखंड अवर शिक्षा सेवा नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई।

● साहेबगंज अन्तर्गत 'दिग्घी (बरहरवा) NH-80 से केसरो (बरहेट-बरहरवा मोड़) के लिए रिंग रोद वाया कुम्हारिया-बूढ़ी पहाड़-अंबेरी पहाड़-चपांडेय रोड (लंबाई-11.736 किमी., सी.डब्ल्यू.-7.0 मीटर) और बरमसिया से मां बिंदुवासिनी मंदिर लिंक रोड (लंबाई-1.360 किमी., सी.डब्ल्यू.-5.5 मीटर) (मीटर)(कुल लम्बाई-13.096 कि०मी०) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण, मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य (पुल कार्य, भू-अर्जन एवं वनरोपण सहित)' हेतु रू० 47,33,03,000/- (सैतालीस करोड तैंतीस लाख तीन हजार) रुपए मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

● पथ प्रमंडल, खूंटी अन्तर्गत 'खूंटी-तोरपा कोलेबिरा (SH-03) पथ कि०मी० से 56.00 कि०मी० (कुल लम्बाई- 52.00 कि0मी0) (कैरेजवे राईडिंग क्वालिटी में सुधार 56,77,79,600/- (छप्पन करोड़ सतहत्तर लाख उनासी हजार छः सौ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

● पथ प्रमंडल, खूंटी अन्तर्गत 'हटिया-लोधमा कर्रा पथ (एमडीआर-032) (कुल लम्बाई 26.400 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य (भू-अर्जन, युटिलिटी शिफ्टींग एवं पुलों के निर्माण सहित)' हेतु रू० 109,37,50,300/- (एक सौ नौ करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार तीन सौ रू०) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

● पथ प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत 'बालूमाथ-मुरपा-लपरा पथ (एमडीआर -143) (कुल लम्बाई-23.00 कि०मी०) के पुनर्निर्माण कार्य' हेतु रू० 98,30,05,000/- (अंठानबे करोड़ तीस लाख पाँच हजार रू०) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

● पथ प्रमंडल, देवघर अन्तर्गत रौशन मोड़ से मधुपुर भाया साफ्तर घाट पथ (MDR-226) (कुल लम्बाई 12.840 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण (भू-अर्जन, युटिलिटी शिफ्टींग एवं R&R सहित) कार्य हेतु रू0 52,89,75,300/- (बावन करोड़ नवासी लाख पचहत्तर हजार तीन सौ रू०) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

● विभागीय पत्रांक सं० 492, दिनांक 24.02.2023 द्वारा निर्गत परिनियम, यूजीसी विनियम 2018 के अनुसरण में, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों, विश्वविद्यालयों के अधिकारियों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता पर संशोधित कानून और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के लिए उपाय - 2022 में संशोधन करने की स्वीकृति दी गई।

पुरानी पेंशन बहाली को...

काम बंद हो जाएगा। इस मांग को लेकर केंद्र व राज्य सरकारों के कई दूसरे विभागों में भी हड़ताल होगी।

सी. श्रीकुमार का कहना है कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी एक साथ आ गए हैं। देश के लगभग सभी कर्मचारी संगठन इस मुद्दे पर एकमत हैं। केंद्र और राज्यों के विभिन्न निगमों और स्वायत्तता प्राप्त संगठनों ने भी ओल्ड पेंशन स्कीम की लड़ाई में शामिल होने की बात कही है। बैंक एवं बीमा सेक्टर के कर्मचारियों से सकारात्मक बातचीत हुई है। कर्मचारियों ने हर तरह से सरकार के समक्ष पुरानी पेंशन बहाली के लिए आग्रह किया, लेकिन बात सुनी नहीं गई। अब उनके पास अनिश्चितकालीन हड़ताल ही एक मात्र विकल्प बचता है। इसके लिए बीते 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर से आए लाखों कर्मियों ने 'ओल्ड पेंशन स्कीम' को लेकर प्रदर्शन किया था। जिसमें कर्मचारियों ने कहा था कि वे हर सूरत में पुरानी पेंशन बहाल कराकर ही दम लेंगे। सरकार को अपनी जिद छोड़नी पड़ेगी। कर्मचारियों ने कहा था कि वे सरकार को वह फॉमूर्ला बताने को तैयार हैं, जिसमें सरकार को ओपीएस लागू करने से कोई नुकसान नहीं होगा।यदि इसके बाद भी सरकार, पुरानी पेंशन लागू नहीं करती है तो 'भारत बंद' जैसे कई कठोर कदम उठाए जाएंगे।ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा का कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है, तो भाजपा को नुकसान होगा। क्योंकि कर्मचारियों , पेंशनरों व उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या 10 करोड़ से ज्यादा है। यह संख्या चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए निर्णायक हो सकता है। क्योंकि केंद्र के सभी मंत्रालय/विभाग, रक्षा कर्मी (सिविल), रेलवे, बैंक, डाक, प्राइमरी, सेकेंडरी, कालेज एवं यूनिवर्सिटी टीचर, दूसरे विभागों एवं विभिन्न निगमों और स्वायत्तशासी संगठनों के कर्मचारी, ओल्ड पेंशन स्कीम पर एक साथ आंदोलन कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने जो कमेटी बनाई है, उसमें 'ओल्ड पेंशन स्कीम' का जिक्र ही नहीं है। उसमें तो एनपीएस में सुधार की बात कही गई है। इसका मतलब है कि केंद्र सरकार, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू नहीं करना चाहती है। केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस में चाहे जो भी सुधार किया जाए, कर्मचारियों को वह मंजूर नहीं है। कर्मचारियों का केवल एक ही उद्देश्य यह है कि बिना गारंटी वाली 'एनपीएस' योजना को खत्म करके परिभाषित व गारंटी वाली 'पुरानी पेंशन योजना' को बहाल किया जाए।

पलामू की तासीर में दलों की...

नजदीक आते ही सभी दल जिताऊ उम्मीदवार की तलाश शुरू कर देते हैं। स्वाभिमान यहां के लोगों में कूट-कूट कर भरी है। आत्मसम्मान के साथ वे किसी कीमत पर समझौता नहीं करते। किंचित इसी वजह से चुनाव के समय टिकट न मिलने की स्थिति में भी राजनेता अन्य दलों से अथवा निर्दल ही मैदान में दो-दो हाथ करने के लिए उतर आते हैं।

संभावनाओं के बावजूद झारखंड...

कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जाता पाइरेसी और लागत या डिस्ट्रीब्यूशन की बड़ी लागत से परेशान नए निमार्ता इसे यूट्यूब पर दल रहे हैं। कई बड़े नाम जो झारखंड में फिल्म निर्माण से जुड़े हैं वे हर फिल्म के बाद यह कहते पाए जाते हैं कि अब वे फिल्में नहीं बनाएंगे क्योंकि दर्शकों का वो स्नेह नहीं मिला जो अपेक्षित था और घाटा बहुत हुआ। पर सवाल यह उठता है कि झारखंडी फिल्मों को दर्शक क्यों नहीं मिल रहे? क्या दर्शकों की दीवानगी कम हो गई या जो वे चाहते हैं वो नहीं मिल पा रही? इसके बड़े कारण हैं पहला यह कि फिल्में शौकिया तौर पर बनाई जा रही हैं उनमें वह व्यावसायिकता नहीं जो दर्शको को बांध सके। सबसे कमजोर पक्ष है कहानी का कमजोर होना। दूसरा जो भी फिल्म बनाते हैं वे खुद डायरेक्टर बनना चाहते हैं जबकि उन्हें तकनीकी ज्ञान नहीं होता और कई बार हीरो भी खुद बनना चाहते हैं कुछ मामलों में संगीतकार तक खुद बने जिससे फिल्में दर्शकों को आकर्षित नहीं कर पाईं।

निमार्ता इस बात की भी शिकायत करते हैं कि उनकी फिल्मों को अन्य राज्यों की तरह मंच नहीं मिलता न प्रोत्साहन मिलता है। अनेक राज्यों में क्षेत्रीय फिल्मों को दिखाना अनिवार्य किया गया है जिससे फिल्मों को बढ़ावा मिला है। झारखंड के एक फिल्मकार ने साल भर पहले वाव ओटिटी प्लेटफॉर्म बनाकर एक पहल की है जिसमें अनेकभाषाओं की फिल्में दिखाई जा रहीं हैं पर संरक्षण सरकार को देना चाहिए ताकि यहां की सभी नौ क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं में फिल्में बनें और प्राकृतिक रूप से फिल्म निर्माण के लिए सर्वथा उपयुक्त यह राज्य बाहर के फिल्मकारों को आकर्षित कर सके।

बंगाल वॉरियर्स ने मनिंदर सिंह को बनाया कप्तान

कोलकाता। प्रो कबड्डी लीग का बहुप्रतीक्षित 10वां सीजन नजदीक है और पूर्व चैंपियन बंगाल वॉरियर्स इसे सनसनीखेज बनाने के लिए उत्सुक हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, बंगाल वॉरियर्स ने आगामी सीजन के लिए शीर्ष रेडर मनिंदर सिंह को अपना कप्तान नियुक्त किया है, जो 2 दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। मनिंदर, जो 2017 से बंगाल वॉरियर्स के साथ हैं, ने 2019 में अपने पहले प्रो कबड्डी लीग खिताब के लिए टीम की कप्तानी की थी।

वनडे रैंकिंग में कोहली तीसरे स्थान पर, गिल टॉप पर बरकरार

एजेंसी। दुबई

वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत के बल्लेबाज विराट कोहली वनडे खिलाड़ी रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच, उनके साथी शुभमन गिल ने शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। कोहली ने हाल ही में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ 765 रन बनाए और इससे दाएं हाथ के बल्लेबाज को तीसरे स्थान पर पहुंचने में मदद मिली और गिल के केवल 35 रेटिंग अंक के भीतर, जो बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष पर रहे।

गिल 826 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, वह पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम से थोड़ा आगे हैं, जो 824 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। हालाँकि, विश्व कप में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद कोहली (791 अंक) और भारत के कप्तान रोहित शर्मा (अब 769 अंकों के साथ चौथे स्थान पर, एक स्थान ऊपर चढ़कर) करीब आ रहे हैं।

कोहली विश्व कप में तीन मौकों पर तिहरे आंकड़े तक पहुंचे और अपने पूर्व साथी सचिन तेंदुलकर के सबसे अधिक वनडे शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा, जबकि रोहित ने 597 रन बनाए और भारत की जोड़ी ने टूनामेंट को दो प्रमुख रन स्कोरर के रूप में समाप्त किया। कोहली ने 2017 और 2021 के बीच लगभग चार वर्षों के शासनकाल के दौरान लगातार 1258 दिनों तक नंबर 1 रैंकिंग हासिल की, हाल के वर्षों में बाबर ने प्रमुख पद पर अधिकांश समय बिताया, जब तक कि गिल ने विश्व कप के दौरान शीर्ष बिलिंग हासिल की।

भारत की जोड़ी के बढ़ने का मतलब है कि दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान गिरकर पांचवें स्थान पर आ गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के दाएं हाथ के डेरिल मिशेल विश्व कप में अपने 552 रनों के दम पर पांच स्थान ऊपर उठकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

सबसे उल्लेखनीय प्रस्तावक ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड हैं, जो विश्व कप फाइनल में अपने उत्कृष्ट शतक और प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के बाद प्रभावशाली 28 स्थानों की छलांग लगाकर कुल मिलाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए।

गेंदबाजी चार्ट में, दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज शीर्ष पर बने हुए हैं, भारत की जोड़ी मोहम्मद सिराज (तीसरे) और जसप्रीत बुमराह (चौथे) एकदिवसीय गेंदबाजों के लिए शीर्ष 10 में मजबूती से कायम हैं, जबकि टीम के साथी कुलदीप यादव एक स्थान गिरकर छठे स्थान पर आ गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी अपने सफल विश्व कप अभियान के बाद रैंकिंग में आगे बढ़े हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चार पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर, उनके साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क आठ पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर हैं, जबकि कप्तान पैट कमिंस सात पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर हैं। विश्व कप के समापन पर ऑलराउंडरों की वनडे रैंकिंग के शीर्ष 10 में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है, बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन शीर्ष पर अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं। न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर दो स्थान गिरकर सातवें स्थान पर और बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दो स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए।

रायपुर में 1 दिसंबर को होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 मैच

एजेंसी। रायपुर

वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मैच के बाद भारत एक बार फिर रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के सामने होगा हैं। इस मैच के लिए जिला प्रशासन ने भी अनुमति दे दी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 23 नवंबर से टी-20 के पांच मैचों की श्रृंखला शुरू हो रही है। इस श्रृंखला का चौथा मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में 1 दिसंबर को होगा। खबर है कि रायपुर में रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे स्टार क्रिकेटर नहीं आएंगे। स्टेडियम में रखरखाव का काम जारी है। पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की कंपनी देव मस्को के एक्सपर्ट रायपुर पहुंचे हैं। यह टीम लाइट्स को दुरुस्त करने का काम कर रही है। इस मैच के लिए बुधवार को प्रशासन की टीम स्टेडियम का निरीक्षण करेगी। इस मैच के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। श्रृंखला का पहला मुकाबला 23 नवंबर को राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापटनम में होगा। दूसरा मुकाबला 26 नवंबर, रविवार, ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम, तिरुवनंतपुरम में खेला जायेगा। तीसरा मुकाबला 28 नवंबर, मंगलवार, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी, चौथा मुकाबला 01 दिसंबर, रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम और पांचवा मुकाबला 3 दिसंबर को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, हैदराबाद में खेला जाएगा।



आईपीएल नीलामी के लिए 10 क्रिकेटरों को किया शॉर्टलिस्ट

एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुल 10 क्रिकेटरों को आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो 19 दिसंबर को दुबई में होगी। मुख्य फ्रेंचाइजियों ने इन 10 खिलाड़ियों में दिलचस्पी दिखाई है, जिनके पास अगले साल के आईपीएल में खेलने का अच्छा मौका है। इस बार आईपीएल नीलामी के लिए कुल 590 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। जम्मू-कश्मीर से आने वालों में मुजतबा यूसुफ, रसिख सलाम, परवेज रसूल, कमरान इकबाल, फाजिल राशिद, हेनान मलिक, आबिद मुश्ताक, नासिर लोन, औकिब नबी और विवरांत शर्मा शामिल हैं। मुजतबा कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ

नेट बॉलर रह चुके हैं और इस बात की पूरी संभावना है कि इस बार उन्हें किसी एक टीम में स्थायी जगह मिल सकती है। उम्र में हेराफेरी के आरोप में प्रतिबंधित होने से पहले रसिख सलाम ने मुंबई इंडियंस अकादमी में नियमित रूप से प्रशिक्षण लिया। पिछली तीन नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद परवेज रसूल ने एक बार फिर अपना नाम 50 लाख रुपये के बेस प्राइस पर नीलामी के लिए रखा है। आबिद मुश्ताक, औकिब नबी और नासिर लोन को विभिन्न फ्रेंचाइजी द्वारा ट्रायल के लिए बुलाया गया है। जम्मू-कश्मीर के दो क्रिकेटरों - अब्दुल सलाद और उमरान मलिक - को सनराइजर्स हैदराबाद ने 4-4 करोड़ रुपये में टीम में बरकरार रखा है। जो मायने रखता है वह आज लाखों ट्रांस महिलाओं को भेजा जा रहा संदेश है, एक संदेश जिसमें कहा गया है कि हम उनके नहीं हैं। मैं वादा करती हूं कि मैं अपने खेल में समानता के लिए लड़ना बंद नहीं करूंगी, हम सर्वोच्च स्तर पर क्रिकेट खेलने के अधिकार के हकदार हैं।हम खेल की अखंडता या सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं। मैकगैही ने छह टी20 मैच खेले और 19.66 की औसत और 95.93 की स्ट्राइक रेट से 118 रन बनाए।

राजस्थान रॉयल्स में जाने के लिए तैयार आवेश खान

एजेंसी। नई दिल्ली

तेज गेंदबाज अवेश खान लखनऊ सुपर जायंट्स से राजस्थान रॉयल्स में जाने के लिए तैयार हैं, वहीं जायंट्स ने आवेश के बदले राजस्थान से शीर्ष क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को ट्रेड किया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, फ्रेंचाइजी और खिलाड़ी पिछले सप्ताह ट्रेड पर सहमत हुए थे और बीसीसीआई इस सप्ताह स्वैप पर मुहर लगाने के लिए तैयार है। आवेश, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं, को सुपर जायंट्स ने 2022 की मेगा नीलामी में 10 करोड़ रुपये (लगभग 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में खरीदा था। इस बीच, रॉयल्स ने पडिक्कल के लिए 7.75 करोड़ रुपये (लगभग 945,000 अमेरिकी डॉलर) का भुगतान किया। दोनों खिलाड़ियों को इस साल संबंधित फ्रेंचाइजियों ने रिटेन किया है। पडिक्कल ने 2022 (17) में अपनी टीम के लिए हर मैच और 2023 में 11 मैच खेलने के बावजूद, रॉयल्स द्वारा उन्हें सौंपी गई शीर्ष क्रम की भूमिका को पूरा करने के लिए संघर्ष किया।

नॉर्दर्न ब्रेव ने महिला सुपर स्मैश टूर्नामेंट के लिए चमारी अटापट्टू के साथ किया करार

एजेंसी। वेलिंगटन

नॉर्दर्न ब्रेव ने 2023-24 महिला सुपर स्मैश टूर्नामेंट के लिए बेहतरीन फॉर्म में चल रही श्रीलंकाई बल्लेबाज चमारी अटापट्टू के साथ करार किया है। श्रीलंकाई दिग्गज अटापट्टू सिडनी थंडर के लिए डब्ल्यूबीबीएल में खेल रही हैं, और वर्तमान में टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 12 पारियों में 45.10 के औसत और 134.62 के स्ट्राइक रेट के साथ 451 रन बनाए हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स की बेथ मूनी, इस सूची में शीर्ष पर हैं, जिनके नाम 12 पारियों में 535 रन हैं। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स द्वारा जारी एक बयान में, उन्होंने कहा कि वह इस अवसर को लेकर अति उत्साहित हैं। अटापट्टू दिसंबर के अंत में नॉर्दर्न ब्रेव कैंप में शामिल होंगी। आयरलैंड की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्दर्न ब्रेव की कप्तान एमियर रिचर्डसन ने बयान में कहा, हम चमारी को ग्रुप में शामिल करने के लिए उत्साहित हैं। वह पिछले कुछ महीनों से शानदार फॉर्म में है और वर्तमान में डब्ल्यूबीबीएल में अपना क्लास दिखा रही है, इसलिए हम उसकी मारक क्षमता को अपने लाइनअप में जोड़ने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, चमारी की हरफनमौला क्षमता सुपर स्मैश के लिए एक बढ़िया अतिरिक्त होगी और हाथ में बल्ले और गेंद दोनों के साथ उनका प्रदर्शन हमारी टीम के लिए अच्छा होगा। नॉर्दर्न ब्रेव का सुपर स्मैश अभियान 22 दिसंबर को पुरुषों की ब्रेव टीम के साथ डबल-हेडर के हिस्से के रूप में शुरू होगा। महिला टीम सेडॉन पार्क में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स हिंड्स और पुरुष टीम स्टैग्स से भिड़ेगी। चमारी के 2 जनवरी को वेलिंगटन ब्लेज के खिलाफ मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है।

शेखर बोस पहली बार हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे

आरएनएम। रांची

हॉकी झारखंड के अध्यक्ष का कार्यभार भोलानाथ सिंह जी का संभालने के बाद झारखंड वॉलीबाल संघ के शेखर बोस पहली बार हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे। हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचने पर अध्यक्ष भोलानाथ सिंह जी ने उन्हें एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी का शुभंकर जूही और स्टिक देकर सम्मानित किया। उनके साथ ही झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव सीडी सिंह, एसके पांडे राजेंद्र सिंह, ओलंपियन हरभजन सिंह सहित कई खेल प्रशासक भी हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे थे सभी खेल प्रशासको को हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह जी ने एशियाई चैंपियनशिप ट्रॉफी के शुभंकर जूही और हॉकी स्टिक भेंट कर स्वागत किया।

गौतम गंभीर एलएसजी छोड़कर बतौर मेंटर केकेआर में शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व सलामी भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का साथ छोड़ दिया है और अब वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ बतौर मेंटर जुड़ गए हैं। केकेआर ने बुधवार को फ्रेंचाइजी के मेंटर के रूप में गंभीर की वापसी की घोषणा की। गंभीर मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ हाथ मिलाएंगे। इससे पहले, गंभीर 2011 से 2017 तक कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी से जुड़े रहे थे, जिसे केकेआर का स्वर्णिम काल माना जाता है। इस अवधि के दौरान, टीम ने दो बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जीता, पांच बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया और 2014 में चैंपियंस लीग टी20 के फाइनल में पहुंची। अपनी वापसी पर गंभीर ने कहा कि इस कदम ने उन्हें भावुक कर दिया क्योंकि वह अपनी पूर्व टीम में वापसी करेंगे। गंभीर ने यह भी कहा कि वह न केवल फ्रेंचाइजी बल्कि 'सिटी ऑफ जॉय' में वापस आ रहे हैं। केकेआर द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में गंभीर ने कहा, मैं भावुक व्यक्ति नहीं हूं और बहुत सी चीजें मुझे प्रभावित नहीं करतीं। लेकिन ये अलग है, यह वहीं पर वापस आ गया है जहां से यह सब शुरू हुआ था। आज, जब मैं एक बार फिर उस बैंगनी और सुनहरे रंग की जर्सी पहनने के बारे में सोच रहा हूं तो मेरे गले में रुंधन और दिल में आग है। मैं न केवल केकेआर में वापस आ रहा हूं बल्कि मैं जॉय के शहर में वापस आ रहा हूं।

पीसीबी के युवा खिलाड़ियों पर भड़के जावेद मियांदाद

कराची। पाकिस्तान के महान खिलाड़ी जावेद मियांदादको लगता है कि सरफराज अहमद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए नवनियुक्त शान मसूद की तुलना में बेहतर उपयुक्त थे। मियांदाद ने कराची में मीडिया से कहा कि सरफराज अहमद को न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में शामिल किया जाना चाहिए, बल्कि उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें कप्तान भी बनाया जाना चाहिए था। यह स्पष्ट है कि सरफराज एक अनुभवी क्रिकेटर हैं और उन्होंने पहले भी पाकिस्तान के लिए कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है और अगर उन्हें कप्तान बनाया गया होता तो यह ऑस्ट्रेलिया में टीम के लिए महत्वपूर्ण होता, जो दौरे के लिए एक कठिन जगह है।

एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामित होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं : हार्दिक सिंह

एजेंसी। बेंगलुरु

चोट के कारण एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला से बीच में ही बाहर होने से लेकर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने तक, 2023 भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह के लिए एक उतार-चढ़ाव वाला वर्ष बन गया है। उन्हें एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2023 के लिए नामित किया गया है, जिससे यह साल उनके लिए और भी खास हो गया है। उन्होंने कहा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड 2023 के लिए नामित होने पर मैं आश्चर्यचकित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऐसी मान्यता प्राप्त करना एक खिलाड़ी के रूप में आपके सपनों में से एक है। यह निश्चित रूप से आपको और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। हालाँकि, उन्होंने स्वीकार किया कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ वर्ष नहीं था और वह और बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं, लेकिन मैं यह नहीं कहूंगा कि यह मेरा सबसे अच्छा साल था। मैं और भी बेहतर कर सकता था, खासकर विश्व कप के दौरान, जहां इतने महत्वपूर्ण चरण में चोट लगना दिल तोड़ने वाला था। लेकिन, कुल मिलाकर, मैं खुश हूं एफआईएच प्रो लीग अभियान, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ यह साल मेरे बेहतर गुजरा।" मिडफील्ड में अपने तेजतर्रार प्रदर्शन और हाल के वर्षों में भारतीय टीम के महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक बनने के साथ, 25 वर्षीय खिलाड़ी प्रमुखता से उभरे हैं।

24वां जोधपुर पोलो सीजन | नीला शहर अपने वार्षिक पोलो उत्सव के लिए तैयार, महाराजा गजसिंह बोले

पोलो महोत्सव पर्यटन आकर्षण को बढ़ाता है

एजेंसी। नई दिल्ली

1 दिसंबर से 14 जनवरी 2024 तक राजस्थान का जोधपुर पोलो दुनिया का केंद्र होगा। वायु सेना रोड, पाबूपुरा पर महाराजा गज सिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो ग्राउंड, जोधपुर पोलो सीजन के 24वें संस्करण का गवाह बनेगा, जो जोधपुर पोलो और घुड़सवारी संस्थान द्वारा आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम है।

सीजन में एक आकर्षक लाइन-अप है

तीन आईपीए 8 गोल टूर्नामेंट, तीन कम लक्ष्य वाले क्लब टूर्नामेंट, और नौ रोमांचक एक दिवसीय प्रदर्शनी मैच। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे जोधपुर-मारवाड़ के महामहिम महाराजा गजसिंह द्वितीय, जो 1952 से एक महान योद्धा हैं।

टूर्नामेंटों का वर्णन करते हुए, जोधपुर पोलो और घुड़सवारी संस्थान के सचिव इंद्रजीत सिंह ने विस्तार से बताया: एमेच्योर कप (2 गोल) - 1-4 दिसंबर, उम्मेद भवन पैलेस कप (4 गोल) - 6-8 दिसंबर, आईपीए टूर्नामेंट: एचएच महाराजा जोधपुर कप (8 गोल) - 14-18 दिसंबर, राजपूताना और मध्य भारत कप (8 गोल) - 19-24 दिसंबर, जोधपुर के महाराजा गोल्डन जुबली कप (8 गोल) - 27-31 दिसंबर, क्लब टूर्नामेंट: जोधपुर पोलो कप (2 गोल) - 4-7 जनवरी, 2024, मेहरानगढ़ कप (4 गोल) - 10-14 जनवरी, 2024 सीजन के महत्व को दोहराते हुए, महाराजा गजसिंह द्वितीय ने कहा, जोधपुर भारत में पोलो के शानदार इतिहास का एक प्रतीक बना हुआ है। जैसे ही हम इस सीजन में प्रवेश कर रहे हैं, यह एक मात्र खेल की सीमा को पार कर जाता है। यह एक उत्सव है जो हमारे लचीलेपन, परंपराओं और उत्साही समुदाय का जश्न मनाता है। इस वर्ष, हम अपने अतीत के प्रति श्रद्धा को भविष्य के लिए जीवंत आकांक्षाओं के साथ मिला रहे हैं। हम दुनिया को जोधपुर के खेल, संस्कृति और विरासत के अनूठे संगम का आनंद लेने के लिए हार्दिक रूप से आमंत्रित करते हैं।" उन्होंने आगे कहा, हालांकि पोलो महोत्सव जोधपुर के पर्यटन आकर्षण को बढ़ाता है, लेकिन यह शहर की वास्तविक गर्मजोशी और सौहार्द है जो इसे अन्य पोलो स्थलों से अलग करता है।

आईसीसी ट्रांसजेंडर फैसले के बाद डेनिएल मैकगेही ने लिया संन्यास

एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाली पहली ट्रांसजेंडर डेनिएल मैकगेही ने कहा है कि 'बहुत भारी मन से' कनाडा के लिए उनका अंतरराष्ट्रीय करियर 'खत्म' हो गया है। आईसीसी की लिंग पात्रता आवश्यकताओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव के बाद, जिसने ट्रांसजेंडरों को महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया, मैकगेही ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। मैकगैही ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, बुधवार की सुबह आईसीसी के फैसले के बाद, मुझे बहुत भारी मन से कहना पड़ रहा है कि मेरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर खत्म हो गया है। जितनी जल्दी यह शुरू हुआ, अब इसे खत्म होना ही चाहिए। आईसीसी बोर्ड ने मंगलवार को नए नियमों को मंजूरी दे दी, जिसके अनुसार कोई भी खिलाड़ी जो पुरुष से महिला बन गया है और किसी भी प्रकार के पुरुष यौवन से गुजर चुका है, उसे महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, चाहे उन्हें किसी भी सर्जरी या लिंग परिवर्तन उपचार की आवश्यकता हो। मूल रूप से ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली, 29 वर्षीय मैकगैही, 2020 में कनाडा चली गईं और 2021 में पुरुष से महिला में चिकित्सा परिवर्तन कराया।